महानगर नई दिल्ली मंगलवार 10 दिसंबर, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

## नागरिकता संशोधन विधेयक लोकसभा में पास

# तीन देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का प्रावधान

### अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी व ईसाई समुदायों को मिलेगा आवेदन का हक

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

लोकसभा ने मंगलवार को नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी। इसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने का पात्र बनाने का प्रावधान है। विधेयक के पक्ष में 311 मत और विरोध में 80 मत पड़े। विपक्ष के कुछ संशोधनों पर मत विभाजन भी हुआ और उन्हें सदन ने अस्वीकृत कर दिया।

निचले सदन में विधेयक पर सदन में सात घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक लाखों करोड़ों शरणार्थियों के यातनापूर्ण नरक जैसे जीवन से मुक्ति दिलाने का साधन बनने जा रहा है। ये लोग भारत के प्रति श्रद्धा रखते हुए हमारे देश में आए, उन्हें नागरिकता मिलेगी। शाह ने कहा, 'मैं सदन के माध्यम से पूरे बाकी पेज 8 पर



विधेयक के पक्ष में **311** मत

विधेयक के विरोध में **80** मत

**देश में एनआरसी आकर रहेगा और जब एनआरसी आएगा तब देश में एक भी घुसपैठिया बच नहीं पाएगा : अमित शाह**

### शिवसेना का हिंदू-मुसलिम में अदृश्य विभाजन का आरोप

मुंबई, 9 दिसंबर (भाषा)।

लोकसभा में नागरिकता (संशोधन) विधेयक (कैब) पेश किए जाने के मद्देनजर शिवसेना ने सवाल उठाए कि क्या हिंदू अवैध शरणार्थियों की चुनिंदा स्वीकृति देश में धार्मिक युद्ध छेड़ने का काम नहीं करेगी और उसने केंद्र पर विधेयक को लेकर हिंदुओं तथा मुसलिमों का अदृश्य विभाजन करने का आरोप लगाया। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने यह भी कहा कि विधेयक की आड़ में वोट बैंक की राजनीति करना देश के हित में नहीं है।

पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में एक संपादकीय में शिवसेना ने विधेयक के समय पर सवाल उठाते हुए कहा, 'भारत में अभी दिक्कतों की कमी नहीं है लेकिन फिर भी हम कैब जैसी नई परेशानियों को बुलावा दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि केंद्र ने विधेयक को लेकर हिंदुओं और मुसलिमों का अदृश्य विभाजन किया है।' साथ ही शिवसेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कुछ पड़ोसी देशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील की। शिवसेना ने बाकी पेज 8 पर

## छात्रावास शुल्क वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जेएनयू छात्रों पर लाठीचार्ज



नई दिल्ली में सोमवार को छात्रावास फीस बढ़ोतरी के खिलाफ राष्ट्रपति भवन की ओर कूच करते हुए जेएनयू के छात्रों पर लाठी चार्ज करती पुलिस। फोटो : ताशी तोबग्याल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

छात्रावास शुल्क में बढ़ोतरी और नई नियमावली को वापस लेने की मांग को लेकर सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के सैकड़ों विद्यार्थी राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च कर रहे थे। इस बीच विद्यार्थियों का आरोप है कि पुलिस ने भीकाजी कामा प्लेस पर उन पर लाठीचार्ज किया और उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। अपनी मांगों को लेकर विद्यार्थी राष्ट्रपति से मिलना चाहते थे। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों के मामूली रूप से घायल होने की भी सूचना है।

**जेएनयू परिसर से राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालना चाहते थे विद्यार्थी, पुलिस के लाठीचार्ज से कुछ छात्र मामूली रूप से घायल हुए**

पुलिस के अधिकारी के मुताबिक जेएनयू से विद्यार्थियों के मार्च से पहले काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परिसर की ओर जाने वाली सड़कों पर यातायात रोक दिया गया था और विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करें। विद्यार्थियों की ओर से दावा किया गया कि पुलिस ने मार्च शुरू होने से पहले जेएनयू के सभी प्रवेश द्वारों को बंद कर दिया था। विद्यार्थियों ने 'दिल्ली पुलिस वापस जाओ' और 'सभी के लिए निशुल्क शिक्षा' के नारे लगाए। विद्यार्थी जब घेराबंदी वाले क्षेत्र में पहुंचे तो उन्होंने बैरीकेड को पार करने का प्रयास किया जिसके बाद पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया।

विद्यार्थियों की योजना विश्वविद्यालय परिसर से राष्ट्रपति भवन तक मार्च करने की थी, जहां वे राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगने वाले थे। राष्ट्रपति जेएनयू के विजिटर भी हैं। विद्यार्थी चाहते थे कि राष्ट्रपति इसमें हस्तक्षेप करें और सुनिश्चित करें कि छात्रावास शुल्क में बढ़ोतरी वापस ली जाए। अधिकारियों ने प्रदर्शनों की आशंका के चलते उद्योग भवन, लोक कल्याण मार्ग और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो बाकी पेज 8 पर

## याचिकाओं पर आज से होगी सुनवाई

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को केंद्र द्वारा रद्द किए जाने के फैसले की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार से सुनवाई शुरू करेगी।

निजी व्यक्तियों, वकीलों, कार्यकर्ताओं और नेशनल कॉन्फ्रेंस, जम्मू कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस और माकपा नेता मोहम्मद यूसुफ तारीगामी की याचिकाओं समेत अन्य याचिकाओं पर न्यायमूर्ति एनवी रमण की अध्यक्षता वाले पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ मंगलवार को सुनवाई करेगा।

इस पीठ में न्यायमूर्ति एसके कौल, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बाकी पेज 8 पर

## कर्नाटक उपचुनाव में भाजपा ने जीती 12 सीटें

बंगलुरु, 9 दिसंबर (भाषा)।

सत्तारूढ़ भाजपा ने कर्नाटक में 15 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सोमवार को 12 सीटों पर जीत दर्ज कर राज्य विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया जबकि विपक्षी कांग्रेस ने दो और निर्दलीय ने एक सीट पर जीत हासिल की। विपक्षी दल कांग्रेस और जद (एस) के लिए नतीजे एक बड़ा झटका हैं।

पूर्व में हुए चुनाव में इन 15 सीटों में से 12 सीटें जीतने वाली कांग्रेस केवल दो निर्वाचन क्षेत्रों हुनासुरु और शिवाजीनगर में ही जीत हासिल कर पाई। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के नेतृत्व वाली जद (एस) ने विधानसभा चुनाव के दौरान इन 15 सीटों में बाकी पेज 8 पर



### सिद्धरमैया और गुंडू राव ने दिए इस्तीफे

बंगलुरु, 9 दिसंबर (भाषा)।

कर्नाटक विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सोमवार को बाकी पेज 8 पर

## ढाई साल बाद सुनारियां जेल में हुई राम रहीम- हनीप्रीत की मुलाकात

चंडीगढ़, 9 दिसंबर (जनसत्ता)।



साध्वी यौन शोषण व पत्रकार हत्याकांड में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम से उनकी मुंहबोली बेटी हनीप्रीत रोहतक ने सोमवार को सुनारियां जेल में मुलाकात की।

जेल मैनुअल के अनुसार यह मुलाकात करीब 20 मिनट चली। मुलाकात के दौरान डेरा सच्चा सौदा की चेयरपर्सन शोभा इंसा और राम रहीम के तीन वकील भी मौजूद रहे।

इससे पहले डेरा मुखी राम रहीम और हनीप्रीत की मुलाकात 25 अगस्त, 2017 को हुई थी जब पंचकूला अदालत बाकी पेज 8 पर

## बक्सर जेल को मिला फांसी के 10 फंदे तैयार करने का आदेश

पटना, 9 दिसंबर (भाषा)।

बिहार की बक्सर जेल को इस सप्ताह के अंत तक फांसी के 10 फंदे तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। इससे यह कयास लगाया जा रहा है कि ये दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया मामले के दोषियों के लिए हो सकते हैं।

**कयास लगाए जा रहे कि इनका निर्भया मामले से हो सकता है संबंध**

बिहार की बक्सर जेल राज्य की एकमात्र ऐसी जेल है जिसे फांसी का फंदा बनाने में महारत है। इस आशय का निर्देश पिछले सप्ताह प्राप्त हुआ था। हालांकि जेल प्रशासन को यह नहीं पता कि फांसी के इन फंदों के लिए मांग कहां से और किस उद्देश्य से की गई है। बक्सर जेल के अधीक्षक विजय कुमार अरोड़ा ने बताया कि हमें पिछले सप्ताह जेल निदेशालय से 14 दिसंबर बाकी पेज 8 पर

**रेल रियायत** रियायती लाभ उठाने वालों में 21 फीसद का जन्म 1947 के बाद

## आजादी के बाद जन्मे लोग भी स्वाधीनता सेनानी

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

रेलवे में तीन वर्ष के दौरान 87,584 यात्रियों ने स्वतंत्रता सेनानी के रूप में आरक्षण कराया और 1041.86 करोड़ रुपए की रियायत का लाभ उठाया, जिसमें से बड़ी संख्या 1947 के बाद पैदा हुए लोगों की थी। रेलवे वित्त संबंधी नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट से यह जानकारी प्राप्त हुई है।

संसद में हाल ही में पेश नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में भारतीय रेल में यात्रियों के लिए रियायतें संबंधी खंड में कहा गया है कि मेट्रो रेल, कोलकाता को छोड़कर भारतीय रेल में किसी भी रेलगाड़ी द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों और उनकी विधवाओं को आजीवन आधार पर प्रथम श्रेणी और एक सहयोगी को एससी 2 टियर का मानार्थ पास जारी किया जाता है।

**संसद में पेश कैग रिपोर्ट में खुलासा**

**2015-18 के दौरान सबसे कम उम्र के जिस व्यक्ति को रियायत कोड 'फ्रीडम' के तहत स्वतंत्रता सेनानी टिकट जारी किया गया, उसकी आयु 10 वर्ष थी।**

**15 मामलों में स्वतंत्रता सेनानी रियायत टिकट स्वतंत्रता सेनानी पास के साथ जारी किए गए थे।**

लेखा परीक्षा में पाया गया कि 2015-18 के दौरान 1041.86 करोड़ रुपए की रियायत का लाभ उठाते हुए 87,584 यात्रियों ने स्वतंत्रता सेनानी के रूप में रियायत कोड 'फ्रीडम' के तहत आरक्षण कराया। इसके अलावा 62,528 यात्रियों ने उनके सहयोगियों के रूप में यात्रा करते हुए 763.58 करोड़ रुपए की रियायत का लाभ उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, लेखा परीक्षा में यह पाया गया कि कुल स्वतंत्रता सेनानी रियायती यात्रियों में से 21 फीसद 70 वर्ष से कम आयु के थे, जो इंगित करता है कि स्वतंत्रता सेनानी रियायत उन लोगों के लिये बढ़ा दी गई थी जो 1947 के बाद पैदा हुए ।

हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इनमें से कुछ बाकी पेज 8 पर




www.readwhere.com

**मौसम**

| तापमान | नई दिल्ली | |
|---|---|---|
| अधिकतम–23.2 डि.से. | | सूर्योदय– 7:03 |
| न्यूनतम– 8.8 डि.से. | | सूर्यास्त– 17:25 |



## मालीवाल का वजन पांच किलो घटा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

बलात्कारियों को छह महीने में फांसी की सजा की मांग को लेकर चल रहा दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल का अनशन सातवें दिन भी जारी रहा। उनका सात दिन में पांच किलो वजन घट गया है रक्त शर्करा नीचे गिर गया है लेकिन हौसला अभी भी बुलंद है। क्षीण पड़ रही आवाज में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह सूरत बदलने के लिए अनशन पर हैं।

उन्होंने धरने पर कहा कि यह अनशन जारी रहेगा। मैं मानती हूं कि जिंदगी लंबी नहीं बड़ी होने चाहिए। अगर आज मालीवाल को कुछ हो गया तो देश में क्रांति आ जाएगी। मेरी जैसी हजारों महिलाएं आगे आएंगी। मोर्चा संभालने। हमारी महिलाओं से अपील है कि अपने आंसुओं को चिंगारी में बदल दें।

## जेल प्रशासन के पास आ रहे हैं निर्भया के दोषियों की फांसी के लिए संदेश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

बलात्कार के दोषियों को फांसी देने के चौतरफा चल रही मांग के मद्देनजर तिहाड़ जेल में बंद निर्भया कांड के दोषियों को जल्द फांसी दी जा सकती है। हालांकि अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इन चारों दोषियों को अदालत से फांसी की सजा 2012 में सुनाई जा चुकी है। इनकी दया याचिका भी खारिज करने की राष्ट्रपति से सिफारिश की गई है। साथ ही जेल प्रशासन के पास भी लोगों के संदेश आ रहे है जिनमें मांग है कि दोषियों को फांसी दो।

तिहाड़ जेल में बंद निर्भया कांड में 12 दिसंबर, 2012 को फांसी की सजा पाए कैदियों को रखा गया है। इन चारों को अभी तक अलग–अलग जेलों में रखा गया था। जेल सूत्रों के मुताबिक इनकों जल्दी ही तीन नंबर जेल लाया जा सकता है क्योंकि इसी जेल में ही वह कोठरी है जिसमें फांसी का तख्ता व दूसरे इंतजाम हैं। चौतरफा दबाव व राष्ट्रपति के पास विचाराधीन दया याचिका के मद्देनजर कयास लगाया जा रहा है कि फांसी अब और अधिक दिन नहीं टलेगी। हालांकि जेल में इसके लिए कोई जल्लाद तो नहीं हैं लेकिन जेल अधिकारियों का कहना है कि जरुरत के हिसाब से अन्य राज्यों की जेल से वह बुलाए जा सकते हैं।

## समायोजन की मांग के लिए डीयू शिक्षकों ने निकाला संसद मार्च




जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के बैनर तले सोमवार को हजारों शिक्षकों मंडी हाउस से लेकर संसद मार्ग तक पैदल मार्च किया। सैकड़ों शिक्षकों ने समायोजन, प्रमोशन और अन्य मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान केंद्र सरकार और डीयू प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षक टॉलस्टाय रोड, जनपथ और फिर संसद मार्ग पर रुककर खूब नारेबाजी की। संसद मार्ग पर दिल्ली पुलिस ने इन्हें बैरिकेड लगाकर रोक दिया। गुस्साए शिक्षकों ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। शिक्षक अपनी मांगों को लेकर जैसे ही संसद मार्ग पर पहुंचे, पुलिस ने उन्हें यहीं रोक दिया। बाद में एक दूसरा रास्ता खोल दिया गया, जहां से शिक्षकों को संसद मार्ग थाने में ले जाया गया। इस बारे में डूटा के उपाध्यक्ष डॉ आलोक रंजन पांडेय ने बताया कि आज शिक्षकों ने जिस जज्बे को दिखाया है, उसे क्रांतिकारी सलाम। सांसद मार्ग पर हमें गिरफ्तार कर संसद मार्ग थाने ले गया गया। वहां लगभग दो घंटे तक रोका गया। इस बीच थाना परिसर में समायोजन के नारे से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि लगभग 4000 से अधिक शिक्षक अपनी स्थायी नियुक्ति को लेकर परेशान हैं। जिसका हल एक बार नियमन लाकर समायोजन के द्वारा ही संभव है। डूटा अध्यक्ष राजीब रे ने बताया कि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर लगातार सड़कों पर हैं। हमारे अंदर केंद्र सरकार और डीयू प्रशासन के खिलाफ रोष है। 15–20 सालों से जो शिक्षक तदर्थ के रूप में पढ़ा रहा हैं, उनका भविष्य खतरे में है। शिक्षकों की मांग समायोजन की है और हम इसे लेकर रहेंगे।

## जलापूर्ति के लिए राज्यों की सहायता को तैयार केंद्र

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान ने आइटीओ स्थित मानक भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत सरकार सभी को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही केंद्र सरकार राज्यों सरकारों को पाइप लाइन से शुद्ध जलापूर्ति करने के लिए सभी प्रकार की सहयोग करेगी।

उन्होंने कहा कि सोमवार को राज्यों से आए प्रतिनिधियों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की गई है। इन प्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया है कि राज्यों में पेजल आपूर्ति को लेकर उठाए गए कदम के बारे में सरकार को जल्दी ही अवगत कराएंगे। साथ ही जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या बेहतर कदम उठाए जा सकते हैं। इस बारे में भी केंद्र सरकार को अपना सुझाव देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों में देश के कई राज्य की राजधानी और देश की राजधानी दिल्ली से पानी के नमूने बीआइएस (भारतीय मानक ब्यूरो) ने उठाए थे, जिनमें से कई राज्य और देश की राजधानी के नमूने फेल हो गए।

## जेएनयू कुलपति को हटाने के लिए राष्ट्रपति को खुला खत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) शिक्षक संघ ने राष्ट्रपति को एक खुला पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने परिसर के हालात सामान्य करने के लिए कुलपति प्रोफेसर एम जगदीश कुमार को उनके पद से हटाया जाए। इस पत्र में संघ ने कुलपति की ओर से लिए गए विभिन्न निर्णयों का हवाला भी दिया गया है।

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रोफेसर के कुलपति बनने के बाद से परिसर लगातार प्रबंधन में कोताही बरती जा रही है। इसकी का नतीजा है छात्रावास के शुल्क में बढ़ोतरी और छात्रावास की नई नियमावली। नियमावली बनाने में निर्धारित प्रक्रिया का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया। शिक्षक संघ की ओर से कहा गया है कि जेएनयू प्रशासन की ओर परीक्षाएं कराने के लिए पुलिस की मदद लेने की धमकी तक दी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कुलपति के कार्यकाल में परीक्षाएं कराने के लिए माहौल तैयार करना बहुत मुश्किल है। शिक्षक संघ का अरोप है कि जेएनयू के कुलपति के इशारे पर ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के शांतिपूर्ण मार्च के ऊपर दिल्ली पुलिस ने दो बार बर्बर रूप से लाठीचार्ज किया है।

### प्रशासन बातचीत के लिए तैयार



जेएनयू प्रशासन का कहना है कि हम बातचीत के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और यह झूठ फैलाया जा रहा है कि हम बातचीत के लिए तैयार नहीं है। हमने 6 दिसंबर को विद्यार्थियों के साथ बातचीत के लिए सूचना जारी की थी लेकिन प्रशासन के अधिकारी जब भी विद्यार्थियों से बातचीत के आगे आते हैं तो विद्यार्थी उनका घेराव करते हैं। इतना ही नहीं कुछ मामलों में तो शिक्षकों को दौड़ा भी लिया जाता है। एक महीने से अधिक से विद्यार्थियों ने प्रशासनिक खंड पर कब्जा जमाया हुआ है। ऐसे में कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। इसका असर सभी पर पड़ रहा है। प्रशासन का कहना है कि सेमेस्टर परीक्षा का बहिष्कार करने से हजारों विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ है जो नहीं होना चाहिए।

**परीक्षाओं के आयोजन में सहयोग की अपील :** जेएनयू शिक्षक महासंघ (जेएनयूटीएफ) ने सोमवार को विद्यार्थियों और शिक्षकों से सेमेस्टर परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग की अपील करते हुए विश्वविद्यालय में एक दिवसीय धरना दिया और परिसर में मार्च भी निकाला। हालांकि इस दौरान शिक्षकों को विद्यार्थियों के एक हुजूम के विरोध का भी सामना करना पड़ा। एक शिक्षक के मुताबिक विद्यार्थियों के एक गुट ने उनके धरना को बाधित करने का प्रयास किया। इस दौरान शिक्षकों को अपशब्द भी कहे गए। इतना ही नहीं उनके एक साथी प्रोफेसर अतुल ज ौहरी को तो विद्यार्थियों समूह मारने को दौड़ पड़ा। किसी तरह जान बचाकर वह वहां से सुरक्षित निकल सके। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिक्षक ने कहा कि वह इस मामले की शिकायत प्रशासन और पुलिस से करेंगे।

**HDFC** WITH YOU, RIGHT THROUGH

**हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.**

उत्तरी क्षेत्र कार्यालय : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली–110 067
दूरभाष: 011–41115111, कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L70100MH1977PLC019916, वेबसाइट: www.hdfc.com

**कब्जा सूचना**

चूंकि, **हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारियों ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अधीन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन निम्नलिखित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों को एक मांग सूचना जारी की जिसमें उनके नामों के सम्मुख दर्शाई गई राशि और कथित सूचना में दर्शाये गए विवरण के अनुसार लागू दर पर ब्याज तथा भुगतान की तिथि और/या वसूली तक प्रासंगिक व्यय, लागत एवं प्रभार आदि के साथ राशि को कथित मांग सूचना(ओं) की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया।

| क्र. सं. | कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों का नाम/ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | मांग सूचना की तिथि | कब्जा करने की तिथि | अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अश्वनी कुमार (ऋण खाता सं. 615386961) | 31–जुलाई–19* को बकाया रु. 11,74,425/– (केवल ग्यारह लाख चौहत्तर हजार चार सौ पच्चीस रुपये) | 03–सितम्बर–2019 | 06–दिसम्बर–2019 (प्रतिकात्मक) | एल.आई.जी. फ्लैट नं. 46, प्रथम तल, सैक्टर – 34, पॉकेट – 2, ब्लॉक – 13, डीडीए रोहिणी, रोहिणी, दिल्ली, भूमिगत भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से के साथ। |
| 2. | श्री राजेश सिन्हा एवं श्रीमती शीतल सिन्हा (ऋण खाता सं. 616185185) | 31–जुलाई–19* को बकाया रु. 68,78,371/– (केवल अड़सठ लाख अठहत्तर हजार तीन सौ इकहत्तर रुपये) | 03–सितम्बर–2019 | 06–दिसम्बर–2019 (प्रतिकात्मक) | फ्लैट न. 903, ब्लॉक बी, 9वीं और 10वीं मंजिल, चिनार कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लि. (मैजेस्टिक अपार्टमेंट के रूप में भी जाना जाता है) प्लॉट नं. 3, सैक्टर 18, द्वारका, नई दिल्ली–110075 भूमिगत भूमि के साथ अविभाजित आनुपातिक हिस्से के साथ और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण। |
| 3. | श्री पीयूष कुमार भारती एवं श्रीमती हीना (ऋण खाता सं. 622377103 एवं 621017259) | 31–अगस्त–19* को बकाया रु. 72,62,914/– (केवल बहत्तर लाख बासठ हजार नौ सौ चौदह रुपये) | 07–सितम्बर–2019 | 06–दिसम्बर–2019 (प्रतिकात्मक) | फ्लैट नं. बी–806, 8वीं मंजिल, हम सब सीजीएचएस लि., प्लॉट नं.–14, सैक्टर–4, द्वारका, नई दिल्ली भूमिगत भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से के साथ। |
| 4. | श्री तरुण कुमार कौशिक एवं श्री राम साधू (ऋण खाता सं. 606915080) | 31–जुलाई–19* को बकाया रु. 14,38,343/– (केवल चौदह लाख अड़तीस हजार तीन सौ तैंतालीस रुपये) | 10–सितम्बर–2019 | 06–दिसम्बर–2019 (प्रतिकात्मक) | फ्रीहोल्ड फ्लैट न0 47ए, एलआईजी फ्लैट, भू–तल, पॉकेट – बी, सैक्टर 26, डीडीए द्वारका, द्वारका, नई दिल्ली और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण। |

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक उपार्जित जैसा भी लागू अनुसार आगे ब्याज, प्रासंगिक व्यय, लागतें, प्रभार आदि के साथ।

हालाँकि, चूँकि यहाँ उपरोक्त वर्णित कर्जदार बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, इसलिए विशेषकर उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों और आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने उपरोक्त वर्णित तिथियों पर कथित नियमों के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का **प्रतिकात्मक कब्जा** अपने पास ले लिया है।

विशेषकर यहाँ उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों और आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के साथ लेनदेन न करें और कथित अचल समाप्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति पर कोई भी लेनदेन हाउसिंग डेवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. के बंधक के अधीन होगा।

अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के अनुसरण में, उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आकृष्ट/आमंत्रित किया जाता है/जाते हैं।

लिखित जारी पंचनामा की प्रतियाँ अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है/हैं कि वे किसी भी सामान्य कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर लें।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 09.12.2019

कृते हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.
ह0/–
प्राधिकृत अधिकारी

पंजीकृत कार्यालयः रेमन हाउस, एच.टी. पारेख मार्ग, 169, बैकबे रीक्लेमेशन, चर्चगेट, मुंबई–400 020

**punjab national bank**

शाखा कार्यालयः सीएलपीसी ग्रीन पार्क, तृतीय तल, 10, राकेशदीप बिल्डिंग, गुलमोहर एनक्लेव, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली–110049

**नियम 8 (1) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **पंजाब नैशनल बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सपठित नियम 8 व 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एक डिमाण्ड नोटिस दिनांक 27.09.2019 को ऋणी मैसर्स हेमकुंट मशीनरी एण्ड ट्रैक्टर पार्ट्स, प्रोप– श्री कंवलजीत सिंह, 20–ए/35बी, तिलक नगर, पश्चिम दिल्ली–110018, यहां भी:– डी–1/52 फेज–II, मायापुरी, नई दिल्ली– 110054 को नोटिस में उल्लेखित राशि रू. 89,17,655.14 (अक्षरे रुपये नवासी लाख सत्रह हजार छः सौ पचपन एवं चौदह पैसे मात्र) अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागू ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि का भुगतान 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना–पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया।

ऋणी के राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणी एवं जन सामान्य को एतद द्वारा सूचना–पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उनको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक आधिपत्य **दिनांक 05 दिसम्बर 2019** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी एवं जमानती को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सपंति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार रू.89,17,655.14 (अक्षरे रुपये नवासी लाख सत्रह हजार छः सौ पचपन एवं चौदह पैसे मात्र) अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागू ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि के भुगतान के लिये **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय– सीएलपीसी ग्रीन पार्क, तृतीय तल, 10, राकेशदीप बिल्डिंग, गुलमोहर एनक्लेव, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली–110049** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

श्री कंवलजीत सिंह के स्वामित्व में 20–ए/35बी, तिलक नगर, नई दिल्ली–110018 में स्थित, जिसका क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज।

दिनांक: 05.12.2019,
स्थानः तिलक नगर, नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

**IDBI BANK**

आईडीबीआई बैंक लि., प्रथम तल वीडियोकॉन टॉवर, ई–1, झण्डेवालान, एक्सटेंशन नई दिल्ली–110055, दूरभाषः 011-66083007/56/65 | वेबसाइटः www.idbibank.in
CIN: L65190MH2004GOI148838

**कब्जा सूचना [नियम 8 (1)]**

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने **आईडीबीआई बैंक लि.** की ओर से वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का संख्यांक 54) के अन्तर्गत तथा नियम 13(12) के सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 3 के तहत दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए **दिनांक 03.09.2019** को एक मांग नोटिस जारी करके ऋणी **श्री रवि कुमार (उधारकर्ता)**, को नोटिस में वर्णित **बकाया राशि रु. 83,17,986/– (रुपए तिरासी लाख सत्रह हजार नौ सौ छियासी मात्र) दिनांक 10.07.2019** तक उक्त नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए कहा गया था।

ऋणी द्वारा उक्त राशि की अदायगी न करने के कारण ऋणी और जन साधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के सपठित नियमों के नियम 8 के अन्तर्गत दिये गये अधिकारों का उपयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्तियों का कब्जा **दिनांक 05 दिसम्बर 2019** को ले लिया है।

ऋणी एवं जन साधारण को इस नोटिस के द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे निम्नलिखित संपत्तियों से सम्बन्धित कोई लेन–देन न करें तथा संपत्तियों में किया गया कोई भी लेन–देन **आईडीबीआई बैंक लि.** के बकाया रु. **83,17,986/– (रुपए तिरासी लाख सत्रह हजार नौ सौ छियासी मात्र) दिनांक 10.07.2019 तक + अन्य प्रभार एवं ब्याज के अधीन होगा।**

सुरक्षित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

**संपत्तियों का विवरण**

फ्लैट नं. 1103, 11वीं मंजिल, टॉवर ए, आकृति शान्ति निकेतन, प्लाट नं. जीएच–01, सेक्टर–143, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301 की संपत्ति के सभी भाग और अंश के साथ भवन और संरचना के सभी प्लांट और अन्य जमीन से जुड़ी या स्थायी रूप से जमीन से जोड़ी हुई सभी मशीनरी शामिल हैं।

स्थान : नोएडा
दिनांक : 05.12.2019

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

**पंजाब नैशनल बैंक** ........भरोसे का प्रतीक
**punjab national bank** ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

सास्त्रा विभाग (वसूली) सर्किल कार्यालय, प्रभात नगर, एलआईसी बिल्डिंग मेरठ–पिन 250001

**नीलामी सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 एवं 9 के तहत जनसाधारण हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), बंधकदता(ओं) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति(यां) (विवरण नीचे दिया गया है), जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्जा पंजाब नैशनल बैंक, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, निम्नवर्णित कर्जदार(रों), बंधकदता(ओं) तथा गारंटर(रों) की तरफ पंजाब नैशनल बैंक, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए दिनांक 15–01–2020 (आस्ति क्रम में तिथि और समय नीचे वर्णित) को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी।

प्रत्येक आस्ति का सुरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि निम्नानुसार है। अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त वर्णन ज्ञात ऋणभार, यदि कोई, सहित नीचे दिया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें 1) www://pnbindia.in, 2) https://etender.pnbnet.in:8443/, 3) https://eprocure.gov.in/epublish/app

'नीलामी एक बार असफल रहने और बैंक द्वारा दूसरी बार नीलामी आयोजित की जाने पर बैंक प्रतिनिधि नियुक्त करने तथा स्वयं बोली लगाने और नीलामी में भाग लेने स्वतंत्र है।

**प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ऋणी का विवरण | सम्पत्ति (यों) के स्वामियों/बंधकदाताओं के नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात ऋणभार का विवरण | मांग सूचना के अनुसार देय राशि (रू. में) | सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि | सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि | न्यूनतम सुरक्षित मूल्य (राशि लाख में) | धरोहर राशि (राशि लाख में) | निविदा तिथि एवं समय | बोली गुणक (राशि लाख में) | प्राधिकृत अधिकारी अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आवासीय सम्पत्तियां | | | | | | | | | |
| 1. | बागपत, मेरठ | मैसर्स शर्मा ट्रेड लिंक्स | श्री शब्बीर अहमद पुत्र श्री अब्दुल करीम | आवासीय फ्लैट प्रथम तल नंबर ई–103, टावर नंबर ई, दि ताज सरताज कोआपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड ताज एन्क्लेव के नाम से मशहूर, लिंक रोड, गीता कालोनी, दिल्ली–31 एरिया–83.33 वर्ग मीटर | ज्ञात नहीं | रू. 39,96,864/– + 01–04–2019 की प्रभावी तिथि से ब्याज + खर्चे | 10–05–2019 | 31–10–2019 (सांकेतिक) | रू. 57.00 लाख | रू. 5.70 लाख | 15–01–2020 पूर्वा. 10.30 बजे से पूर्वा. 11.00 बजे तक | रू. 1,00,000/– | दीपक शर्मा 8630543996 |
| 2. | बागपत, मेरठ | मैसर्स शर्मा ट्रेड लिंक्स | श्रीमती गीता रानी पत्नी श्री राजेन्द्र प्रसाद गर्ग | आवासीय मकान नंबर डीएन–56, खसरा नंबर 1448 का हिस्सा (ओ–14), श्याम नगर, टूहीराम कालोनी, निकट सुनारों की बगीची, पलवल, जिला फरीदाबाद, हरियाणा एरिया–280.00 वर्ग गज | ज्ञात नहीं | रू. 39,96,864/– + 01–04–2019 की प्रभावी तिथि से ब्याज + खर्चे | 10–05–2019 | 31–10–2019 (सांकेतिक) | रू. 71.00 लाख | रू. 7.10 लाख | 15–01–2020 पूर्वा. 11.00 बजे से पूर्वा. 11.30 बजे तक | रू. 1,00,000/– | दीपक शर्मा 8630543996 |
| | | | | वाणिज्यिक सम्पत्ति | | | | | | | | | |
| 3. | आबू लेन, मेरठ | मैसर्स सर्वहित ट्रस्ट | मैसर्स वीएएम रिजॉर्ट्स ऐंड होटल्स प्रा. लि., द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरी – श्री विजयपाल यादव पुत्र स्व. श्री राम चंद्र यादव | कॉमर्शियल यूनिट नंबर 15, 16, 17, 18 एवं 19, पांचवां तल (पार्ट), ब्लॉक–ए, प्लॉट नंबर 21 का हिस्सा, आई.टी. स्क्वायर बिल्डिंग, सेक्टर नालेज पार्क–III, ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) एरिया–5120.96 वर्ग फीट | ज्ञात नहीं | रू. 32,92,53,679/– +01.01.2018 की प्रभावी तिथि से | 11.01.2018 | 27.06.2018 (सांकेतिक) | रू. 148.00 लाख | रू. 14.80 लाख | 15–01–2020 मध्या. 11.00 बजे से अप. 11.30 बजे तक | रू. 2,00,000/– | दीपक शर्मा 8630543996 |
| 4. | आबू लेन, मेरठ | मैसर्स सर्वहित ट्रस्ट | मैसर्स ईएमएम वी इन्फो (इंडिया) प्रा. लि., द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरी – श्री विजयपाल यादव पुत्र स्व. श्री राम चंद्र यादव | कॉमर्शियल यूनिट नंबर 21 पांचवां तल (पार्ट), ब्लॉक–ए, प्लॉट नंबर 21 का हिस्सा, आई.टी. स्क्वायर बिल्डिंग, सेक्टर नालेज पार्क–III, ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) एरिया–1000.00 वर्ग फीट | ज्ञात नहीं | | | | रू. 28.90 लाख | रू. 2.89 लाख | 15–01–2020 अप. 12.00 बजे से अप. 12.30 बजे तक | रू. 50,000/– | दीपक शर्मा 8630543996 |

धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 13–01–2020 अप. 5.00 बजे तक है। इच्छुक बोलीदाता अपनी धरोहर राशि डीडी द्वारा पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के नाम में जमा कर सकते हैं, अथवा आपर पंजाब नैशनल बैंक, मेरठ खाता नंबर 0729002100018602 **(IFSC Code PUNB0072900)** के नाम में एनईएफटी/आरटीजीएस धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि तक कर सकते हैं। कोआपरेटिव बैंकों का ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपरोक्त नीलामी पंजाब नैशनल बैंक, सास्त्रा विभाग, सर्किल कार्यालय, प्रभात नगर, एलआईसी बिल्डिंग मेरठ में आयोजित की जाएगी। नीलामी के अतिरिक्त नियमों एवं विनियमों के लिए कृपया ये वेबसाइट्स देखें अथवा नोडल अधिकारी श्री एस के गोयल (मोबाइल 8171557292) से ऊपर दिए पते पर सम्पर्क करें। बैंक का बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया निरस्त/निलम्बित करने का अधिकार सुरक्षित है।

सफल बोलीदाता को बोली/बिक्री राशि की 25 प्रतिशत राशि (जिसमें जमा की गई धरोहर राशि शामिल है) तत्काल अर्थात उसी दिन अथवा अधिकतम अगले कार्यदिवस तक उपरिवर्णित खाते में डिमांड ड्राफ्ट द्वारा बिक्री संचालित कर रहे प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करनी होगी। बोली राशि की शेष 25 प्रतिशत राशि निर्धारित अवधि में जमा करने में असफल रहने पर, जमा की जा चुकी राशि जब्त कर ली जाएगी तथा प्रतिभूति की दोबारा बिक्री जाएगी। सफल बोलीदाता को बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि निर्धारित अवधि में जमा करने में असफल रहने पर, पहले जमा की जा चुकी राशि जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति अथवा अनुवर्ती बिक्री राशि के किसी भी अंश के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे अमान्य होंगे। यदि नीलामी की तिथि को अवकाश घोषित होता है, तो नीलामी अगले दिन आयोजित की जाएगी।

कर्जदारों/गारंटर को सूचित किया जाता है कि वे मांग सूचना के अनुसार सम्पूर्ण राशि (ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित) नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो सम्पत्ति की नीलामी की जाएगी तथा बकाया राशि, यदि कोई, कर्जदार से ब्याज और खर्चों सहित वूसल की जाएगी। नोट : अधिक जानकारी के लिए इन मोबाइल नंबरों पर सम्पर्क करें : 8171960181, 9599811911

दिनांक : 09–12–2019 | स्थान : मेरठ | प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

www.readwhere.com

**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 23.5 डि.से. | 23.5 डि.से. | 22.3 डि.से. | 23.4 डि.से. |
| न्यूनतम | 7.7 डि.से. | 7.7 डि.से. | 7.7 डि.से. | 7.7 डि.से. |

ट्रेन से मृतकों को उनके गांव ले जाने की बात पर

## शव गृह के बाहर परिजनों का हंगामा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

शव गृह के बाहर सोमवार दोपहर को उस वक्त परिजनों और रिश्तेदारों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, जब एक सरकारी अधिकारी ने उन्हें बताया कि चाहे तो पीड़ित परिजन शव को ट्रेन के माध्यम से अपने गांव ले जा सकते हैं। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने किया जिसके बाद दिल्ली के मंत्री इमरान हुसैन शव गृह से बाहर निकले और उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि सरकार सभी के शव को एंबुलेंस की माध्यम से ही उनके गांव तक पहुंचाएगी। उसके बाद परिजन शांत हुए। इमरान हुसैन ने बातचीत के दौरान बताया कि सोमवार को दो मजदूरों के शव उनके गांव मुरादाबाद सरकारी खर्चे से भेजा गया।

बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाले जाकिर हुसैन ने कहा कि बिहार सरकार ने मजदूरों के शव को घर ले जाने के लिए रिश्तेदारों के वास्ते प्रबंध किए हैं, लेकिन प्रक्रिया को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। इस अग्निकांड में अपने भाई को खो दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के मंत्री इमरान हुसैन ने रविवार को कहा था कि दिल्ली सरकार शवों को घर ले जाने के लिए उन्हें एंबुलेंस उपलब्ध कराएंगे। मृतकों के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों की इस मुद्दे पर अस्पताल अधिकारियों से तीखी नोंकझोंक भी हुई। वहीं, बिहार के बेगूसराय निवासी मोहम्मद शमशेर ने कहा कि ट्रेन से जाने को लेकर खुश नहीं हैं। ट्रेन समस्तीपुर में रूकेगी ओर हमारा गांव बरजीना वहां से 70 किमी दूर है। मृतक मो. वाजिद (17) के परिजनों ने बताया कि वाजिद के परिवार में मां-पिता है। घर की आर्थिक स्थित ठीक न होने ही वजह से वह चार माह पूर्व ही काम की तलाश में दिल्ली आया था।

## दोनों बेटे घर आने वाले थे, पहुंची मौत की खबर

निर्भय कुमार पांडेय
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

रानी झांसी रोड स्थित कारखाना में जान गंवाने वाले मजदूरों में कई ऐसे थे, जो एक ही परिवार के सदस्य थे। कई मजदूर ऐसे भी थे, जो एक ही गांव के रहने वाले थे। मजदूरों के परिवार और रिश्तेदारों का सोमवार को सुबह होते ही लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के शव गृह के बाहर जुटने लगे थे। नम आंखें बता रही थी कि परिजन कितने बेबस और व्याकुल हैं।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले दो सगे भाई इमरान और इकराम भी शामिल हैं। इस परिवार के दो अन्य सदस्य समीर और अशफाक की हादसे में मौत हो गई है। इन सभी की मौत दम घुटने से हुई थी। इसी प्रकार से गांव निरयार, जिला सहरसा, बिहार के चार मजदूर गयासुद्दीन (19), मोहम्मद फैजल (22), मोहम्मद रशीद (16) और मोहम्मद संजार (18) की मौत कारखाना में हो गई थी। इनकी भी मौत दम घुटने से हुई थी। इन सभी के परिजन सोमवार को एलएनजेपी अस्पताल शव लेने पहुंचे थे।

शव गृह के बाहर बातचीत के दौरान मुरादाबाद निवासी जमील अहमद ने बताया कि इस हादसे में उनके दो बेटे इमरान और इकराम की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उनका बेटा इमरान रविवार सुबह गांव आने वाला था। देर रात को बात हुई थी। सब ठीक-ठाक बताया था। उसने कहा था कि काफी दिन



हो गए हैं। वह गांव नहीं गया है। इस रविवार को कारखाना में काम बंद रहेगा। अच्छा मौका है माता-पिता से वह मुलाकात कर लेगा। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद दूर नहीं होने की वजह से वह रविवार को आता था और शाम को दिल्ली के लिए लौट जाता था।

बिहार के ही गांव हरिपुर, जिला समस्तीपुर के रहने वाले गुड्डू, मोहम्मद सदरे और मोहम्मद साजिद की मौत हो गई थी। ये सभी एक ही गांव के रहने वाले थे और पिछले कुछ महीने से कारखाना में काम कर रहे थे। इसी प्रकार मोहम्मद गुलाब, सननाउल्ला, दुलारे और अब्बास गांव बुधनगड़ा, जिलस सीतामढ़ी, बिहार के रहने वाले थे। इस हादसे में अब्बास और इनूल अपास में रिश्तेदार थे। बुजुर्ग इनूल अब्बास के ससूर थे। इन सभी का दम घुटने से मौत हो गई थी। मोहम्मद फैजल के रिश्तेदार ने बताया कि बिहार के एक-दो गांव नहीं, बल्कि दर्जनों गांवों में मातम फैला हुआ है। वहीं, रिश्तेदार इमजियाज ने कहा कि उनकी मोहम्मद फैजल से रात को घटना से पहले बात हुई थी। उसने कहा था कि रविवार को मिलने आएगा। पर सुबह हुई तो मौत की सूचना मिली।

ऐसा ही एक अनाथ मुरादाबाद के रहने वाले अली अहमद (12) अपने पिता इकरान अहमद को खोया था। बेबस अली अपनी नानी के साथ पिता को देखने आए था। उसने बताया कि उसके पिता उसे इंजीनियर बनाना चाहते थे। वहीं, बिहार के समस्तीपुर निवासी मोहम्मद साजिद (25) भी इस अग्निकांड में भेट चढ़ गए। पिरवार में पत्नी और तीन बच्चे है। वे गांव में रहते हैं। उनके रिश्तेदार बाजिद अली ने बताया कि अभी जल्द ही गांव से लौटा था और बीती छह महीने से इस कारखाना में काम कर रहे थे। यह परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उनके ही गांव के रहने वाले मोहम्मद वाजिद (17) हादसे का शिकार हो गए। उसके परिवार में माता-पिता है। चार महीने पहले ही गांव से लौटा था। घर की आर्थिक स्थित खराब होने की वजह से कम उम्र में ही रोजगार की तलाश में दिल्ली चला आया था। नौकरी मिलने पर परिजन खुश थे, लेकिन कहां पता था कि जो बेटा दिल्ली कमाने गया है, दूसरों की लापरवाही की वजह से मौत के मुंह में चला जाएगा।

अग्निकांड ने खोली निगम और पुलिस की पोल

## 200 गज के चार मंजिला कारखाने में 40 कमरे, कैसे न होता हादसा

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

दिल्ली के अनाज मंडी कारखाना हादसा ने एक बार फिर दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिस की पोल खोल कर रख दी है। दो सौ गज के इस इमारत में एक नहीं बल्कि कई अलग-अलग तरह के कारखाने नियमों को ताक पर रखकर चलाया जा रहा था। रिहायशी इलाका होने के कारण किसी भी कारखाने का लाइसेंस नहीं था। घटना के बाद अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या लक्ष्मीनगर के ललिता पार्क मल्टी स्टोरी इमारत हादसे की तरह इस घटना में भी निगम और पुलिस अधिकारियों पर गाज गिरेगी? सुप्रीम कोर्ट की निगरानी समिति के निर्देश पर निगम का सर्वे और पुलिस का गैर कानूनी तरीके से चलाए जा रहे कारखाने पर कार्रवाई नहीं होने का नतीजा ही है कि रानी झांसी मार्ग में एक ही रात में 43 लोगों की जानें चली गई।

रविवार तड़के रानी झांसी रोड फिल्मिस्तान के पास हुए अग्निकांड में करीब 200 गज की जमीन पर चार मंजिला इमारत में अलग-अलग तल पर महिलाओं के बैग, प्लास्टिक दाना और अन्य सामान बनाने के कारखाने चल रहे थे। यह पूरा इलाका रिहायशी है और नियमों के मुताबिक किसी भी रिहायशी इलाके में कारखाने नहीं चलाई जा सकती। यदि रिहायशी इलाके में कोई कारखाने चलाई जाती है तो उसे बंद करने या सील करने की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है। यह क्षेत्र उत्तरी निगम के तहत आता है। इस इमारत में चल रहे कारखाने को लेकर उत्तरी निगम पर बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है।

सवाल यह है कि इस इलाके में पिछले 10 सालों से यह कारखाने चल रहे थे लेकिन निगम के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। घटना के बाद अब निगम की स्थाई समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश का कहना है कि बिना लाइसेंस के कारखाने चलने के बाद इतने लोगों की असमय मौत से वे बेहद दुखी हैं। घरेलू कारखाने का लाइसेंस देने की जिम्मेदारी में निगम के जिन लापरवाह अधिकारियों को दोषी पाया जाएगा उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी। इसी तरह की घटना का पुनरावृत्ति न हो लिहाजा दिल्ली सरकार को औद्योगिक इलाके को विकसित करना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को वहां अपना व्यवसाय शुरू करने में सहायता हो। शुरुआती जांच में पता चला है कि इस इमारत में प्लास्टिक दाना बनाने का भी कारखाने चल रहे थे जबकि दिल्ली में प्लास्टिक के कारखानों पर प्रतिबंध है। बताया जा रहा था कि यहां रिहायशी इलाके में कारखाने चलाने के लिए एक भी मानदंड का पालन नहीं किया जा रहा था। इस चार मंजिला इमारत के हर तल पर करीब 8-10 कमरे हैं और हर कमरे में अलग-अलग तरह की फैक्टरियां चल रही थीं।

निगम अधिकारियों के बाद इस हादसे में दिल्ली पुलिस की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। पुलिस के हर डिविजन अधिकारी अवैध निर्माण के साथ अवैध कारखाना चलाने की रिपोर्ट विभाग को भेजती है। निगम में विपक्ष के नेता रहे पार्षद राकेश कुमार का कहना है कि अब सवाल उठाया जा रहा है कि सालों से यहां अवैध कारखाने चल रहे थे। पुलिस अधिकारी किराएदारों का सर्वेक्षण करती है तो क्या अवैध कारखाना उनकी नजर में नहीं आया।




### लक्ष्मीनगर हादसे से भी नहीं खुली आंख

2010 में लक्ष्मीनगर हादसे में 70 लोगों की जान गई थी। इस मामले में अवकाश प्राप्त न्यायाधीश लोकेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में बनी जांच आयोग ने निगम की पोल खोल दी थी। आयोग ने कहा था कि निगम का यह दायित्व है कि वह निर्माण होने वाले की वैधता देखे। इस घटना में निगम ने अपनी जिम्मेवारी का पूरी तरह निर्वहन नहीं किया जिसका परिणाम लक्ष्मीनगर हादसा सामने आया। तत्कालीन निगम आयुक्त केएस मेहरा ने मुख्य सर्तकता आयुक्त की रिपोर्ट के बाद निगम के पांच अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया था। इस मामले में एक सहायक अभियंता, एक कनिष्ठ अभियंता, दो लाइसेंसिग इंसपेक्टर और एक गृह कर इंसपेक्टर शामिल थे। इन पांचों को अवैध निर्माण के लिए दोषी पाया गया था।

## संपत्ति के मालिक, प्रबंधक 14 दिन की हिरासत में

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

दिल्ली की अदालत ने उत्तर दिल्ली के भीड़भाड़ वाले अनाज मंडी इलाके के उस चार मंजिला इमारत के मालिक और प्रबंधक को सोमवार को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया, जिसमें रविवार की सुबह भीषण आग लग जाने के कारण 43 व्यक्तियों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रेहान और फुरकान की हिरासत की मांग की जिसे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने मंजूर कर लिया।

अदालत ने कहा कि घटना की विभीषिका को देखते हुए इसकी बहुआयामी जांच की जरूरत है और इसलिए आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजे जाने की जरूरत है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गैरइरादतन हत्या और आग के संदर्भ में लापरवाह रवैया अपनाने के लिए भादंसं की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था। मामला अपराध शाखा के पास भेज दिया

**मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने मंजूर की मांग**

गया है। पुलिस ने अदालत से कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि कुछ अन्य आरोपी थे और उनकी भूमिका का पता लगाने के लिए दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है। इमारत में प्राधिकरणों से मंजूरी के बगैर फैक्टरी चलती थी। पुलिस ने कहा कि भवन के तीन मालिक थे और उन्होंने अलग-अलग लोगों को भवन किराए पर दे रखा था जिनकी भूमिका की भी जांच की जाएगी।

पुलिस ने अदालत में कहा, 'यह संवेदनशील मामला है। ज्यादातर लोग दूरदराज के इलाकों से थे। अभी तक मृतकों के नाम और पते की भी पहचान नहीं हुई है। यह जटिल प्रक्रिया है। रेहान और फुरकान बचपन के दोस्त हैं और वे 2003 से एक साथ व्यवसाय कर रहे हैं। दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेना जरूरी है। अन्यथा न्याय नहीं हो पाएगा।'

रेहान और फुरकान के वकील ने रिमांड के आग्रह का विरोध किया और कहा कि पुलिस पहले ही सभी दस्तावेजों और संपत्ति के समझौता पत्रों को जब्त कर चुकी है। वकील ने अदालत से कहा, 'जरूरत पड़ने पर आरोपी दूसरे दस्तावेज भी मुहैया करा देंगे। पुलिस रिमांड की जरूरत नहीं है।' पुलिस ने अदालत को यह भी सूचित किया कि मामले को अपराध शाखा को स्थानांतरित करने के लिए उन्हें कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

दिल्ली सरकार ने अग्निकांड की जांच के लिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए थे और सात दिनों के अंदर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा।

साल 1997 में हुए उपहार अग्निकांड के बाद यह सबसे भीषण आग त्रासदी थी। मरने वाले अधिकतर लोग बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासी मजदूर थे।

## सभी शवों की हुई शिनाख्त, 21 का हुआ पोस्टमार्टम

हादसे में सभी मृतकों की शिनाख्त सोमवार देर शाम तक हो गई थी। रविवार को एलएनजेपी अस्पताल में 34 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में नौ शव पहुंचे थे। सोमवार को दोनों अस्पतालों में मृतकों के पोस्टमार्टम किए गए। लेडी हार्डिंग अस्पताल में सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, एलएनजेपी में 34 में केवल 12 शवों के पोस्टमार्टम हुए। बताया जा रहा है कि ज्यादातर मृतकों के परिजन अभी तक दिल्ली नहीं आए हैं लेकिन उनके जानकारों ने उनके शवों की शिनाख्त कर ली गई है। एलएनजेपी में सुबह 10:30 से देर शाम तक पोस्टमार्टम किया गया। वहीं, लेडी हार्डिंग में सुबह से लेकर रात नौ बजे पोस्टमार्टम किया गया। मंगलवार को अन्य मृतकों के परिजनों के आने के बाद और पोस्टमार्टम किए जाएंगे।

एम्स में लगी आग की रिपोर्ट पर साधी चुप्पी

## जिन डॉक्टरों के कमरे में लगी आग वे भी अनभिज्ञ

प्रतिभा शुक्ल
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भीषण आगजनी की घटना को पांच महीने होने को आए लेकिन अभी तक इस मामले में किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। कुछ दिन पहले तक जांच रिपोर्ट ही नहीं आई थी। लेकिन अब रिपोर्ट आ जाने के बाद भी एम्स प्रशासन इस पर चुप्पी साधे हुए है। एम्स ने इसे सार्वजनिक नहीं किया। बाहरी लोगों की बात तो दूर एम्स के उन संकाय सदस्यों को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई जिनके कमरे सहित तमाम कागजात व रिपोर्ट जल कर खाक हो गई थी। एक लाइन में जो बात संकाय सदस्यों को पता चलीं उनमें केवल इतना भर है कि कुछ सुदृढ़िकरण की जरूरत है।

देश में एक के बाद एक आगजमी की घटाएं रुक नहीं रहीं हैं। इसके लिए एहतियाती उपाय का न होना ही नहीं बल्कि घटना के बाद प्रशासन का लचर रवैया भी कम जिम्म्दार नहीं माना जा रहा है। देश के नामी संस्थान एम्स में 17 अगस्त को लगी भीषण आग की घटना को हुए करीब पांच महीने बाद तक उस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। संकाय सदस्यों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि संस्थान उस मामले में अभी तक चुप्पी साधे हुए है।

करीब 30 से 40 संकाय सदस्य इस घटना से सीधे व बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिनके अहम दस्तावेज शोध के आंकड़े कंप्यूटर व चिकित्सा शोध से जुड़े जांच के नमूने खाक हो चुके हैं। एम्स के एक वरिष्ठ संकाय सदस्य ने बताया कि काफी दिन इंतजार के बाद अक्तूबर में पता चला कि अभी और जांच के नमूने लिए जाने हैं। जबकि तब तक प्रभावित हिस्से की साफ सफाई की जा चुकी थी। फिर नवंबर में




कहा गया कि रिपोर्ट तो आ गई लेकिन कुछ जरूरी प्रक्रियाएं बाकी हैं। इसका क्या मतलब, यह नहीं बताया गया। एक अन्य संकाय सदस्य ने बताया कि नवंबर में रिपोर्ट आ गई लेकिन हमें नहीं बताया गया। एक अन्य संकाय सदस्य ने बताया कि इसमें कहा गया है कि 'इट इज ग्रासली नार्मल बिल्डिंग एंड नीड सम रिएंफोर्समेंट'। एक और संकाय सदस्य ने बताया कि एक बैठक में निदेशक ने इस बारे में केवल इतना कहा कि कुछ सुदृढ़ीकरण की जरूरत है। पर आज तक नहीं बताया कि आग की वजह क्या थी, चूक कहां हुई, जिम्मेदार कौन है, उपाय क्या किया जाना है।

संकाय सदस्यों का कहना है कि इमारत में कोई खामी है तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए क्योंकि आज भी इसमें कापी संकाय सदस्य व दूसरे कर्मचारी काम करते हैं। यह जानना उनका हक है कि इमारत सुरक्षित है या नहीं। संकाय सदस्यों में इस बात को लेकर गहरा रोष है कि आग लगने के बाद हर बार यही होता है कि जांच व जांच रिपोर्टों पर चुप्पी साध ली जाती है। जब संपदा विभाग व कानूनी मामलों के प्रकोष्ठ व दूसरे हिस्से जल कर खाक हुए थे तब भी कुछ कार्रवाई नहीं की गई। यही रवैया रहा तो कभी आग इतनी भायावह भी हो सकती है जिसकी कीमत मरीजों की जान से चुकानी पड़े। इस बारे में एम्स मीडिया प्रकोष्ठ का कहना है कि रिपोर्ट तो आ गई है लेकिन उसमें क्या है यह अभी पता नहीं है।

## प्रदूषित शहरों में दूसरे स्थान पर नोएडा

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 दिसंबर।

शहर में वायु प्रदूषण का आंकड़ा खतरे के लाल निशान पर पहुंच गया है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) का स्तर 375 दर्ज किया गया। एनसीआर में यह स्तर दूसरे स्थान पर रहा। पहले स्थान पर गाजियाबाद रहा। जहां एक्यूआइ का स्तर 390 दर्ज हुआ। दोनों ही शहरों के वातावरण में जहरीली गैसों में भी बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग ने आगामी 12 व 13 दिसंबर को गरज के साथ बारिश की उम्मीद जताई है। इसके बाद ही प्रदूषण में राहत मिलने की उम्मीद है।

नोएडा में चार स्थानों पर लाइव वायु प्रदूषण आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को सेक्टर-1 में एक्यूआइ 375, सेक्टर-62 में 376 , सेक्टर-125 में 357 व सेक्टर-116 में 389 दर्ज किया गया। इसकी वजह शहर में बढ़ते वाहनों का आवागमन और उद्योगों से निकलने वाले धुएं को बताया जा रहा है। हालांकि शहर में कोयले से चलने वाली औद्योगिक इकाईयों पर रोक है।

## नकली शराब बनाने वाले कारखाने का खुलासा, छह गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 9 दिसंबर।

बादलपुर कोतवाली पुलिस ने मिलावटी शराब बनाने वाली फैक्टरी का खुलासा किया है। अवैध शराब की फैक्टरी शहर के सेक्टर जू-1 में चल रही थी। पुलिस ने छह तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह का सरगना पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में मिलावटी शराब और शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण व वाहन बरामद किए गए हैं। हरियाणा व अरुणाचल प्रदेश समेत अन्य राज्यों से शराब लाकर मिलावटी शराब बनाई जाती थी। शराब तस्करी में एंबुलेंस और दूध की गाड़ी का इस्तेमाल किया जाता था।

यह गैंग ऑन डिमांड आपूर्ति करता था। आबकारी विभाग के नकली बार कोड लगाकर उसे सरकारी ठेकों पर बेचते थे। एसपी देहात रणविजय सिंह ने बताया कि रविवार रात बादलपुर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर एंबुलेंस और दूध की आपूर्ति करने वाले वाहन से शराब लेकर जा रहे हैं। इस पर पुलिस अलर्ट हो गई और चेकिंग शुरू कर दी। देर रात गाजियाबाद की तरफ से जीटी रोड पर एक एंबुलेंस और मदर डेयरी लिखा एक टैंपो आता दिखाई दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को रोककर तलाश ली,जिसमें अरुणाचल प्रदेश मार्का की 30 पेटी शराब बरामद हुई।

पुलिस ने मौके से छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया,जबकि एक फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रविंद्र, अमरजीत,आकाश,प्रवेश, शिवम व अनुज चौधरी के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जू-1 में एक मकान किराये पर ले रखा है,जहां पर मिलावटी शराब बनाई जाती है। आरोपी तस्करों के बताने पर पुलिस टीम ने उक्त मकान में छापेमारी की तो वहां से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। अवैध शराब की तस्करी करने वाला यह गिरोह अरुणाचल व हरियाणा से शराब लाकर उसकी तीव्रता बढ़ाने के लिए उसमें यूरिया मिलाते थे।

## जीपीएस घड़ी बांधकर काम करेंगे सफाईकर्मी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 दिसंबर।

शहर में सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों पर निगरानी रखने के लिए अब उन्हें जीपीएस युक्त घड़ी हाथ में पहनाई जाएगी। इस घड़ी के जरिए प्राधिकरण के नियंत्रण कक्ष से सीधे कर्मचारियों पर निगाह रखी जा सकेगी। 500 मीटर की त्रिज्या (रेडियस) के दायरे में यह लोकेशन दिखाएगा। पानी में छह मीटर अंदर तक यह जीपीएस काम कर सकेगा।

सीवर की सफाई के दौरान कर्मचारी इस घड़ी के जरिए जानकारी दे सकता है। घड़ी में एक एसओएस का बटन दिया गया है। जिसमें पांच आपात नंबर दर्ज किए जा सकेंगे। इसमें अग्निशमन, पुलिस, प्राधिकरण के अलावा कर्मी के घर और एक आपात नंबर सुरक्षित किए जा सकते हैं। आपातकाल के समय कर्मचारी के केवल एसओएस का बटन दबाना होगा, जिसके बाद कॉल स्वतः ही लग जाएगी।



**आठ करोड़ रुपए होंगे खर्च**
**आपातकाल में किया जा सकेगा फोन**

प्राधिकरण के विशेषकार्याधिकारी अनिवाश त्रिपाठी के मुताबिक जीपीएस आधारित घड़ियों को लेकर कागजी कार्य पूरा कर लिया गया है। कर्मचारियों की लाइव ट्रेकिंग और सुरक्षा के लिए यह बेहतर उपकरण साबित होगा। घड़ी बनाने व तैयार करने का काम इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री (आइटीआइ) करेगा। हालांकि प्राधिकरण व आईटीआई के बीच हुए समझौते में कुछ बिंदु अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। जिनको दूर करने के लिए प्राधिकरण का विधि विभाग लगा है। यह घड़ी करीब 2500 सफाई कर्मचारियों को दी जाएगी। इसी के जरिए कर्मियों की उपस्थिति भी दर्ज होगी।

घड़ियों की खरीद और रखरखाव पर पांच साल में करीब आठ करोड़ रुपए खर्च होंगे। वाटरप्रूफ इस घड़ी का फायदा गहरे सीवर की सफाई करने वाले कर्मचारियों को मिलेगा। कर्मी की वास्तविक मौजूदगी भी पता चलेगी। एक महीने में कर्मचारी की लोकेशन समेत पूरा ब्यौरे के अलावा घड़ी में लगे कैमरे से तुरंत फोटो खींचकर भेजी जा सकेगी।

## एक कंपनी में कार्यरत युवक-युवती ने की कमरे में आत्महत्या

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 दिसंबर।

सेक्टर-63 स्थित वाजिदपुर गांव में रविवार रात एक ही कंपनी में काम करने वाले युवक और युवती ने एक ही कमरे में आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जब युवक का एक साथी कमरे पर पहुंचा तो इसकी जानकारी हुई। मौके पर थाना फेज-3 पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच की। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राथमिक जांच में आत्महत्या रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे के बाद की बताई जा रही है। मौके से एक जला हुआ मोबाइल और दवाओं के खाली पैकेट मिले हैं।

मूल रूप से मेरठ निवासी 21 वर्षीय सुनील उपाध्याय सेक्टर-63 स्थित इएमडीएस कंपनी में काम करता था। कंपनी में मेडिकल बिलिंग का काम होता है। वह किराए पर कमरा लेकर वाजिदपुर गांव में अपने दोस्त अलीगढ़ निवासी कर्मवीर प्रताप सिंह के साथ रहता था। सुनील के साथ ही कंपनी में गाजियाबाद के विजयनगर इलाके की रहने वाली साक्षी पांडे (23) काम करती थी। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

### आज के कार्यक्रम

**सभा/संगोष्ठी**

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : द पोयट्री सोसाइटी (इंडिया) का वार्षिक व्याख्यान, कांफ्रेस रूम एक, सेंटर परिसर, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : जलवायु परिवर्तन पर चर्चा सेंटर कांफ्रेस रूम एक और तीन, सेंटर परिसर, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

www.readwhere.com

जनसत्ता

10 दिसंबर, 2019

# कचरे का पहाड़

देश में कचरा निपटान किस कदर गंभीर समस्या बनता जा रहा है, इसका पता इस सरकारी तथ्य से चलता है कि कुल कचरे के सिर्फ सत्तावन फीसद हिस्सा का ही निपटान हो पा रहा है, बाकी तियालीस फीसद कचरे के निपटान का कोई बंदोबस्त हमारे पास नहीं है। जाहिर है, कचरे की यह मात्रा कोई कम नहीं है और इसी वजह से हमारे महानगर, शहर, यहां तक कि गांव-कस्बे भी कूढ़े के ढेरों से अटते जा रहे हैं और लोग इसी गंदगी में रहने के लिए अभिशप्त हैं। हाल में आवास और शहरी विकास मंत्रालय ने कचरा निस्तारण के संबंध में जो राज्यवार ब्योरा जारी किया है, वह स्वच्छ भारत अभियान की हकीकत को बताने के लिए काफी है। संसद में पिछले हफ्ते पेश रिपोर्ट में बताया गया कि देश में रोजाना करीब डेढ़ करोड़ टन कचरा निकलता है, जिसमें से करीब सत्तावन फीसद कचरा ही ऐसा होता है जिसे प्रसंस्कृत कर उपयोग में लाया जा सके। लेकिन बाकी कचरा सिरदर्द बनता जा रहा है। आज तमाम शहरों में कचरे के जो पहाड़ देखने को मिलने रहे हैं, वे इसी कचरे की देन हैं। सवाल है कि इस कचरे से कैसे निजात मिले।

स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत भारत को साफ-सुथरा बनाने के मकसद की गई थी। तब देश को यूरोप के शहरों जैसा बनाने की बातें और दावे किए जा रहे थे। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान का हश्र भी वही हुआ जो दूसरी सरकारी योजनाओं और इस तरह के प्रयासों होता आया है। इसमें सरकार और जनता दोनों की लापरवाही है। शहरों को साफ-सुथरा बनाने के लिए न तो सरकार के पास पर्याप्त साधन और तकनीक हैं और न ही ऐसे कामों को स्थायी रूप से करने की इच्छाशक्ति। अभियान चला तो दबाव में कुछ दिनों तक सबने सक्रियता दिखाई, लेकिन उसके बाद सब कुछ पुराने ढर्रे पर आ गया। इसके लिए जनता भी उतनी ही जिम्मेदार है। अपने इलाकों को साफ-सुथरा रखन के लिए आमजन से जिस तरह की भागीदारी की अपेक्षा की जाती है, उसका भी घोर अभाव देखने को मिलता है। इसलिए शहरों में जगह-जगह कचरा फेंकने की प्रवृत्ति सामान्य-सी बात है।

हालांकि देश के कई शहरों में नगर निगमों ने घर-घर से कचरा उठाने की दिशा में काम शुरू किया और इस दिशा में एक सीमा तक कायमायबी भी मिली, लेकिन इन निगमों के सामने बुनियादी समस्या इस एकत्रित किए गए कचरे को ठिकाने लगाने की है। जमा कचरे को कहां फेंका जाए, इसका इलाज ज्यादातर स्थानीय निकायों के पास नहीं है। इसका नतीजा यह होता है कि शहरों के बाहर कूड़े के पहाड़ खड़े होते जा रहे हैं। दूसरे शहरों की बात तो दूर, राजधानी दिल्ली में तीन दशक से भी ज्यादा समय से कचरे के तीन बड़े पहाड़ खड़े हैं और इक्कीसवीं सदी के साधन-संपन्न युग में भी इनका कोई उपचार नहीं किया जा सका है। कचरा प्रबंधन का काम सरकार और जन-भागीदारी दोनों का है। अपष्टि प्रबंधन को लेकर हालांकि कई बार विदेशी मॉडलों की बात हुई है, लेकिन ऐसी योजनाएं भारत में परवान चढ़ जाएं, यह मौजूदा हालात में संभव नहीं लगता। ऐसा भी नहीं है कि कचरा प्रबंधन असंभव काम हो। पिछले दो साल में मध्यप्रदेश के शहर इंदौर ने कचरा प्रबंधन की दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल करके यह साबित किया है कि शहर को साफ-सुथरा रखना और कचरे का निस्तारण कोई मुश्किल काम नहीं है। जैसे और मामलों में हम विदेशों से तकनीकी और ज्ञान लेते हैं, कचरा प्रबंधन की दिशा में भी यह पहल की जा सकती है।

# असुरक्षित स्त्री

करीब सात साल पहले दिल्ली में चलती बस में एक युवती से बलात्कार और बर्बर हत्या के बाद देश भर में व्यापक आक्रोश फैला था। दिल्ली से लेकर अलग-अलग राज्यों में लोग सड़कों पर उतर गए और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार से कानूनों को सख्त बनाने से लेकर हर संभव उपाय करने की मांग की गई। तब जस्टिस जेएस वर्मा समिति ने इस मसले पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट और सिफारिशें सरकार को सौंपी थी। उसके बाद बलात्कार और यौन हिंसा से संबंधित कानूनों में सख्त प्रावधान किए गए। समाज से लेकर सरकार के स्तर पर जिस तरह की संवेदनशीलता देखी गई थी, तब लगा था कि लोगों के सोचने-समझने और व्यवहार में तब्दीली आएगी और शासन-तंत्र भी अपने कामकाज के तौर-तरीके में बदलाव लाएगा और आने वाले वक्त में महिलाओं का जीवन सहज होगा। लेकिन इतने सालों के बाद भी सच यही है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कोई कमी नहीं आई। सवाल है कि हर मोर्चे पर खुशहाली लाने के दावों के बीच महिलाएं आज भी खुद को सुरक्षित महसूस क्यों नहीं पाती?

हालत यह है कि बीते कुछ सालों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की प्रकृति में ज्यादा जघन्यता देखी गई है। पिछले दिनों हैदराबाद में एक पशु-चिकित्सक से बलात्कार और उसे जला कर मार डालने की घटना के बाद जब पुलिस ने आरोपियों को कथित मुठभेड़ में मार डाला, तब भी कहा गया कि ऐसी सख्ती से बाकी अपराधियों के हौसले कमजोर होंगे। लेकिन हैदराबाद की घटना के बाद ऐसी ही कम से कम आधा दर्जन घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हाल ही में उन्नाव में एक युवती को बलात्कार के बाद जला दिया गया। इसके अलावा, त्रिपुरा के अगरतला में एक लड़की से सामूहिक बलात्कार के बाद जिंदा जला दिया गया, वहीं बिहार के मुजफ्फरपुर में घर में अकेली युवती को बलात्कार में नाकाम रहने पर युवक ने आग लगा दी। इस तरह की घटनाएं आखिर क्या संकेत देती हैं? तमाम दावों और कोशिशों के बावजूद महिलाओं के साथ घटित ऐसे अपराध क्यों बढ़ते जा रहे हैं और उसका स्वरूप पहले से भी विकृत क्यों होता जा रहा है?

गौरतलब है कि दिल्ली में 'निर्भया' मामले के बाद यूपीए सरकार के दौरान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से 'निर्भया कोष' गठित किया गया था। लेकिन पिछले हफ्ते सरकार ने संसद को बताया कि अब तक इस कोष की करीब इक्यानबे फीसद राशि का इस्तेमाल ही नहीं किया जा सका। कई राज्यों ने तो इस कोष का पैसा बिल्कुल ही खर्च नहीं किया। सवाल है कि जब सरकारें खुद महिलाओं को सुरक्षित माहौल मुहैया कराना अपनी जिम्मेदारी या सरोकार नहीं मानती है, तो फिर किससे उम्मीद की जाएगी। महिलाओं के लिए न केवल हर जगह असुरक्षा के हालात बने हुए हैं, बल्कि यौन हिंसा के अपराधों के बाद पुलिस का रवैया बेहद लापरवाही भरा होता है। कई स्थितियों में तो पुलिस पीड़ितों के खिलाफ ही नजर आती है। जब आम लोगों के बीच कड़ी प्रतिक्रिया उभरती है तब पुलिस आनन-फानन में ऐसी कार्रवाई करती है जिस पर कई बार गंभीर सवाल उठते हैं। जाहिर है, जो महकमा महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम लगा सकता है, उसे भी अपनी ड्यूटी के प्रति जिम्मेदार बना पाना संभव नहीं हो सका है। फिर वैसी सामाजिक विकास नीतियों पर गौर करना सरकारों को कभी जरूरी नहीं लगा, जो समाज में चारों तरफ फैली पितृसत्तात्मक मानसिकता और कुंठाओं से आजाद पीढ़ी तैयार कर सके। इस तरह के दीर्घकालिक हल की ओर ठोस पहलकदमी किए बिना किसी दबाव के तहत सख्ती बरतने का असर तात्कालिक ही होगा।

## कल्पमेधा

स्त्रियों की दशा में सुधार न होने तक विश्व के कल्याण का कोई रास्ता नहीं।

– विवेकानंद

# महिला सुरक्षा का संकट

ज्योति सिडाना

**आश्चर्य तो तब होता है जब पुरुष समाज यह कहता है कि लड़कियों को रात को घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए या उन्हें आधुनिक शैली के कपड़े नहीं पहनने चाहिए, उन्हें मोबाइल नहीं देना चाहिए। उनसे पूछिए जरा कि घर के अंदर भी लड़कियां कहां सुरक्षित हैं? न पिता से, न भाई से, न दादा से, न मामा से, किसी के साथ भी तो सुरक्षित नहीं है। क्या परंपरागत परिधान पहनने वाली महिलाओं या लड़कियों का बलात्कार नहीं हुआ, क्या मोबाइल का प्रयोग नहीं करने वाली लड़कियों के साथ हिंसा नहीं होती?**

देश में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं ने महिला सुरक्षा के सवाल की उपेक्षा को एक बार फिर उग्र आंदोलन का रूप दे दिया है। ऐसा लगता है कि अब इस तरह की घटनाएं हमें विचलित नहीं करतीं, अपितु ये सामान्य-सी घटना लगने लगती हैं। कभी चार महीने की बच्ची के साथ तो कभी सत्तर साल की बुजुर्ग के साथ इन घटनाओं की पुनरावृत्ति हमारे सभ्य समाज के मुंह पर एक जोरदार तमाचा है। हैदराबाद में एक महिला चिकित्सक के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना ने देश को हिला कर रख दिया। पुलिस ने समय पर शिकायत दर्ज नहीं की, महिला को न्याय दिलाने के लिए लोग सोशल मीडिया पर अभियान छिड़ा, नेताओं-मंत्रियों ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे, हमारी संवेदनाएं पीड़िता के परिवार के साथ हैं, नागरिक समाज देश के विभिन्न हिस्सों में कैंडल मार्च करता है, और फिर इस मामले के आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। लेकिन सवाल है इससे क्या पीड़िता को न्याय मिला? क्या ऐसा करने से बलात्कार की घटनाओं को रोका जा सकता है?

किसी भी देश में पुलिस मुठभेड़ को वैधता प्रदान नहीं की जा सकती, क्योंकि अगर जनता की चेतना में मुठभेड़ की वैधता को स्थापित होने का मौका मिल रहा है तो यह समग्र देश के लिए और लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। कहा जाता है कि न्याय की देवी की आंखों पर काली पट्टी इसलिए बंधी है, ताकि सबके साथ समान न्याय हो सके, किसी के भी साथ लैंगिक, जाति, वर्ग, भाषा, राजनीति या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव न हो सके। फिर यह भेदभाव क्यों? न्याय की देवी की आंखों पर काली पट्टी संभवतः शक्तिशाली लोगों ने ही बांधी है, ताकि न्याय की समूची प्रक्रिया अन्याय को देख न सके। निर्भया, कठुआ और उन्नाव कांड क्या कम दर्दनाक थे कि संभल (उत्तर प्रदेश) में एक किशोरी को उसके पडोसी ने बलात्कार के बाद जिंदा जला दिया। राजधानी दिल्ली में चाय की दुकान चलाने वाली पचपन साल की महिला से बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई, रांची में कानून की छात्रा का अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया गया और राजस्थान में एक महिला को पति ने पहले तलाक दिया और उसके बाद ससुर समेत सभी रिश्तेदारों ने उसके साथ मुंह काला किया, यह कहते हुए कि अब वह उनके परिवार की बहू नहीं है। सुना था मनुष्य पहले एक जानवर था, लेकिन इस तरह की वीभत्स घटनाएं बता रही हैं कि मनुष्य आज भी एक जानवर ही है।



एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और स्वीडन जैसे विकसित देश भी बलात्कार की घटनाओं से अछूते नहीं हैं। दुनिया भर में छत्तीस फीसद महिलाएं यौन हिंसा की शिकार होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार 2010 के बाद से महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में दस फीसद की वृद्धि हुई है। देश में 2012 में बलात्कार के करीब पच्चीस हजार मामले आए थे, 2017 में यह आंकड़ा उनतालीस हजार पहुंच गया। इसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ये आंकड़े तो सिर्फ वे हैं जो पुलिस मे दर्ज हुए हैं। बलात्कार के ज्यादातर मामले तो दर्ज ही नहीं हो पाते। आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर पंद्रह मिनट में एक लड़की या महिला बलात्कार का शिकार हो जाती है। हाल में एक तमिल फिल्म निर्देशक ने यह कह डाला कि महिलाओं के विरुद्ध जो अपराध हो रहे हैं, उनके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं, वे ऐसी स्थिति बनाती हैं कि घटना घटे। अगर वे सही तरह से व्यवहार करें तो सब ठीक रहेगा। उनका कहना है कि पहले महिलाओं पर बंदिशें थीं जो मोबाइल के आने के बाद खत्म हो गई। उन्होंने महिलाओं पर लगने वाली बंदिशों को सही ठहराया। जिस देश में ऐसी सोच रखने वाले लोग हों उस देश में संभवतः ऐसी घटनाएं चौंकाती नहीं हैं। खेत से लेकर घर, बाजार, दफ्तर, क्लब, स्कूल, कालेज, सड़क, बस, ट्रेन, कैब और शौचालय शायद ही कोई जगह ऐसी बची हो, जहां महिला सुरक्षित अनुभव करती हों। यह हमारे समाज की भयावह तस्वीर है।

अब तक की ज्यादातर घटनाओं से यही तथ्य सामने आते हैं कि कानून की लचर व्यवस्था और पुलिस प्रणाली इस तरह के मामलों में संवेदनहीनता का परिचय देती रही है। पीड़िता के परिवारीजनों को एक थाने से दूसरे थाने तक चक्कर लगवाना, लड़कियों को ही दोषी ठहराना, ज्यादातर मामलों में पुलिस द्वारा एफआइआर दर्ज न करना पुलिस के अमानवीय व्यवहार का ही परिचायक है। फिर जो मामले थानों और अदालतों तक पहुंचते भी हैं, वे कानूनी पेचीदगियों का शिकार हो जाते हैं। निर्भया का मामला इसका जीता-जागता उदाहरण है। क्या इसे तात्कालिक न्याय कहा जा सकता है। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले जघन्य अपराधों को सरकार और कानून के रखवाले इतने हलके में कैसे ले सकते हैं, यह गंभीर सवाल है।

आश्चर्य तो तब होता है जब पुरुष समाज यह कहता है कि लड़कियों को रात को घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए या उन्हें आधुनिक शैली के कपड़े नहीं पहनने चाहिए, उन्हें मोबाइल नहीं देना चाहिए। उनसे पूछिए जरा कि घर के अंदर भी लड़कियां कहां सुरक्षित हैं? न पिता से, न भाई से, न दादा से, न मामा से, किसी के साथ भी तो सुरक्षित नहीं है। क्या परंपरागत परिधान पहनने वाली महिलाओं या लड़कियों का बलात्कार नहीं हुआ, क्या मोबाइल का प्रयोग नहीं करने वाली लड़कियों के साथ हिंसा नहीं होती? इस तरह के कथन या विचार पुरुष समाज की विकृत मानसिकता के द्योतक हैं। संविधान में पुरुष और महिला को समानता का दर्जा दिया गया है, समान अधिकार दिए गए हैं, यहां तक कि यह भी लिखा है कि कानून की नजर में सब समान हैं। इसलिए यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्यों बलात्कार के मामले, घरेलू हिंसा के मामले सालों लंबित रहते हैं और आरोपी खुले घूमते रहते हैं। यही वह वजह है कि अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं होता क्योंकि वे जानते हैं कि कानून केवल कागजी हैं। ऐसे अनेक उदाहरण भरे पड़े हैं जहां तेजाब फेंकने, दहेज हत्या या बलात्कार के मामले में पीड़िता के परिवारजनों को अदालतों के चक्कर लगाते-लगाते सालों बीत गए, पर इंसाफ नहीं मिला।

इस तरह की घटनाएं इस बात की ओर संकेत करती हैं कि अब लोगों को संवैधानिक नैतिकता के प्रति शिक्षित करने और प्रतिबद्ध बनाने के लिए एक बड़े और सघन अभियान की जरूरत है। शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से आमजन को शिक्षित और जागरूक करने की जरूरत है। हमें यह खोजना पड़ेगा कि ऐसे कौन से कारक हैं जिनके कारण लोगों में आक्रामकता और हिंसा बढ़ रही है? इस तरह के अपराधों को अंजाम देने वाले लोगों को लगता है कि कहीं न कहीं इनके बचाव में राज्य और समुदाय की शक्तियां सक्रिय हो जाती हैं। उदाहरण के लिए आसाराम और चिन्मयानंद जैसे लोग जिन्हें बचाने के लिए उनके चेले-चपाटे आ खड़े होते हैं यह जानते हुए कि वे महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के जघन्य अपराध में लिप्त हैं। ऐसे मामलों में जब-तब राजनीतिक संरक्षण की बातें भी सामने आती रही हैं।

इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि हर जाति, धर्म, समुदाय, राज्य में महिलाएं पीड़ित और शोषित ही रहती हैं। अब जबकि परिवार के पुरुष सदस्यों पर भी विश्वास डगमगा गया है तो महिलाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अपने स्तर पर कोई प्रयास करें और खामोश न रहें, क्योंकि अब अगर महिलाएं खामोश रहीं तो उन्नाव, कठुआ, हैदराबाद, टोंक, दिल्ली जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकना संभव नहीं होगा।

# सेहत की सवारी

कुंदन कुमार

स्वास्थ्य और पर्यावरण से संबंधित समस्याओं में लगातार बढ़ोतरी ने हमारा जीना दूभर कर दिया है। देश-दुनिया के लोग खुद को स्वस्थ रखने के लिए अपने ऊपर लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। हम अपने शरीर को सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के लिए सुबह-शाम जिम में पसीना बहाते हैं और फिर कार में बैठ कर दफ्तर जाते हैं। अगर हम इन आदतों को बदल लें तो मुफ्त में अपने शरीर को निरोग बना सकते हैं और अपने पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाए रख सकते हैं। लेकिन इसके जो उपाय हैं, उन पर गौर करना बहुत सारे लोगों को जरूरी नहीं लगता है।

दरअसल, भारत में लोग साइकिल की सवारी को गरीबों एवं पिछड़ों की सवारी मानते हैं, जबकि दुनिया के अन्य देशों में यह समृद्ध और समझदार लोगों की सवारी माना जाता है। एक परिचित सज्जन से बात कर रहा था तो बातचीत के मुख्य विषय के बीच में उन्होंने कहा कि साइकिल की सवारी हमारी उम्र को दस साल तक बढ़ा देती है। मुझे नहीं मालूम कि उन्होंने इस पर कोई शोध किया है या नहीं, लेकिन मैं यह विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि साइकिल की सवारी सबको निरोग या स्वस्थ बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि साइकिल इक्कीसवीं सदी का सबसे अच्छा और सस्ता वाहन है। साइकिल की घंटी की टन्न-टन्न, टन्न-टन्न की मधुर ध्वनि मन को शांति और काफी राहत देती है।

**दुनिया मेरे आगे**

यह सब जानते हैं कि दिल्ली समेत भारत के अन्य शहरों की आबोहवा किस कदर जहरीली हो चुकी है। स्वच्छ जल और साफ भोजन के बाद अब स्वच्छ वायु भी मयस्सर होना मुश्किल हो चुका है। शहरों की सड़कों पर सांय-सांय की तेज रफ्तार से चलती गाड़ियां एक साथ ध्वनि और वायु प्रदूषण फैला रही हैं। कार और अन्य वाहनों के साइलेंसर से निकलने वाला अनदेखा धुंआ चुपचाप वायु को विषैला बना रहा है। यह हमारे स्वास्थ्य को बहुत हद तक प्रभावित करता है।

वहीं साइकिल एक ऐसा सस्ता और टिकाऊ वाहन है, जिसे चलाने से न तो हवा में जहर फैलता है और न ही उसके हार्न की तेज आवाज से किसी राहगीर के कान का परदा फटने का डर रहता है। लेकिन शहरों में जिंदगी की आपाधापी और उपभोक्तावाद की संस्कृति ने शहरों की सड़कों पर से साइकिल को गायब कर दिया है। यहां की अधिकतर आबादी अब साइकिल की सवारी से मुंह फेरने लगी है। वहीं गांव में मेरे एक रिश्तेदार को शादी में तोहफे में मिला काफी पहले का साइकिल आज भी आकर्षण का केंद्र बना रहता है। चालीस साल बीत जाने पर भी वह साइकिल एकदम दुरुस्त दिखती है। जब उन्हें शादी में वह साइकिल मिली थी, तब भी किसी के पास साइकिल नहीं होने की वजह से आसपास के लोग देखने आए थे और आज उसका आकर्षण उसके सजे-संवरे होने की वजह से बना हुआ है।

एक बार मेरे वे रिश्तेदार किसी धार्मिक आयोजन में शिरकत करने बगल के गांव में जा रहे थे। इनको साइकिल से आते देख कर इनके पड़ोस में रहने वाले लड़के ने इनसे साइकिल पर बैठाने का आग्रह किया। फिर उसके जिद पकड़ लेने के बाद उसे साइकिल पर बिठा कर चल पड़े। आधी रात को वह कार्यक्रम बीच में ही छोड़ कर वे साइकिल से चुपके से अपने ससुराल निकल पड़े। चूंकि कृष्ण पक्ष की अंधेरी रात थी। गांव की सड़कों पर गहरे अंधेरे का साम्राज्य व्याप्त था। इसी बीच वे धीरे-धीरे किसी तरह अंदाजे से साइकिल चलाते हुए चले जा रहे थे कि कब वे सड़क से किनारे उतर गए, उन्हें पता नहीं चला। अचानक वे समतल मुंडेर वाले कुएं में साइकिल सहित गिर पड़े। गनीमत यही थी कि पास में कुछ घर थे और उनकी बचाओ-बचाओ की आवाज किसी तरह पहुंच गई। गांव के और लोग जमा हुए और किसी तरह उन्हें साइकिल सहित बाहर निकाला। वह पूरा प्रसंग वे आज भी गांव के चौपाल पर या किसी के घर आने वाले मेहमानों को चटखारे लेकर खुद सुनाते हैं।

खैर, इस रोचक प्रसंग के अलावा, हकीकत यह है कि साइकिल एक ऐसा वाहन है जो न कोई और ईंधन खाता है और न तेल पीता है। आमतौर पर साइकिल किसी सड़क जाम में भी नहीं फंसता। एक मजाक के तौर पर देखें तो ट्रैफिक नियमों को तोड़ने पर बाइक और दूसरे वाहनों के चालकों को भारी रकम जुर्माने के तौर पर चुकानी पड़ती हैं। लेकिन शायद ही कभी किसी साइकिल वाले का चालान कटते किसी ने देखा होगा। हालांकि मैं साइकिल की सवारी करते हुए भी यातायात नियमों का पालन करने की वकालत करता हूं। अगर लोग ज्यादा से ज्यादा साइकिल का प्रयोग करें तो सड़कों पर जानलेवा दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है। नीदरलैंड, स्पेन और न्यूजीलैंड के लोग साइकिल की सवारी को शाही सवारी समझते हैं और वह कम दूरियों के सफर को साइकिल से तय करते हैं। अगर हम अपने नजरिए को बदल कर छोटी दूरी का सफर साइकिल से तय करें तो यह हमारे स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण की सेहत के लिए भी लाभदायक होगा।

## मजदूरों की जान

रविवार दिल्ली में एक फैक्ट्री में काम करने वालों और उनके परिवार वालों के लिए त्रासद दिन बन गया। रिहायशी इलाके में चल रही एक फैक्ट्री में आग लगने से अंदर सो रहे उनसठ में से लगभग तैंतालीस लोगों को सरकार, प्रशासन और अन्य भ्रष्ट अधिकारियों की लापरवाही ने मौत की नींद सुला दिया। लेकिन जिस देश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हो, जहां सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार के दलदल में बुरी तरह धंसा हो, वहां भविष्य में भी ऐसी लापरवाही से होने वाले हादसों पर शायद ही लगाम लगे, क्योंकि यहां पैसे के गोरखधंधे के लिए अवैध और असुरक्षित निर्माणों पर कोई काबू नहीं है।

यहां सवाल यह भी खड़ा होता है कि जो लोग करोड़ों की बहुमंजिला इमारत बनाने और इन इमारतों से कमाई के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर देते हैं, वे महज कुछ लाख रुपए आग से बचाव के साधनों पर क्यों नहीं खर्च करते? अब इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद फिर से सरकार, प्रशासन और अन्य लोग कुंभकर्णी नींद से जागेंगे। इस घटना की जांच के आदेश देकर और कुछ मुआवजे का मरहम लगा कर अगले किसी ऐसे दिल दहलाने वाले हादसे के इंतजार में लंबी तान के सो जाएंगे। लेकिन ऐसे हादसे क्यों होते रहते हैं? इनके लिए कौन-सी लापरवाहियां जिम्मेदार हैं? आखिर क्यों नहीं ऐसे हादसों से सबक लेते हुए कुछ फैक्टरी, कारखानों या अन्य संस्थान अपने यहां आग, भूकम्प या अन्य हादसों से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करते हैं?

या फिर यह समझा जाए कि ऐसी लापरवाही बरतने वालों को मजदूरों और कामगारों की जान की परवाह नहीं होती है? ऐसे लोगों से एक सवाल है कि क्या मजदूर और कामगार इंसान नहीं? मजदूरों के बिना कोई भी उद्योग तरक्की की राहों मे नहीं जा सकता है और देश के विकास में मजदूरों का भी बहुत बड़ा योगदान होता है। इनके वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इनके हक में श्रम सुधारों की बहुत जरूरत है। अभी भी हमारे देश में बहुत से स्थानों पर इनका शोषण होता है। लेकिन इसके उलट श्रम सुधारों की मौजूदा दिशा मजदूर विरोधी है। सरकारों के प्रयास भी तभी सार्थक होंगे, जब इसके लिए भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उपाय भी किए जाएं।

● *राजेश कुमार चौहान, जालंधर*

## कठघरे में व्यवस्था

दस दिसंबर को सभी देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है, क्योंकि 1945 में इसी दिन संयुक्त राष्ट्र के मंच पर मानवाधिकारों का सार्वभौमिक घोषणा-पत्र स्वीकार किया गया था। उसमें व्यक्ति के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा और सुरक्षा देना प्रमुख है। लेकिन हाल में पुलिस पर हैदराबाद मुठभेड़ को लेकर लोगों ने मानवाधिकार के हनन का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसकी जांच के आदेश भी दिए हैं।

मानवाधिकार दिवस मानाने से हमारा तात्पर्य लोगों को अधिक से अधिक उनके अधिकारों के बारे में बताना होता है। हैदराबाद में जो कुछ हुआ, वह सब कानून के मुताबिक न होकर सिर्फ भावनाओं को लेकर किया गया फैसला है। स्वाभाविक ही मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने इस पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। लेकिन कुछ लोगों ने पुलिस के कदम को सही ठहराया और उसे 'डिवाइन जस्टिस' या 'दैवी न्याय' कहा। सवाल है कि संविधान और नियम-कायदों से चलने वाले किसी सभ्य समाज में यह सजा देने का तरीका क्या सही है?

मेरा साफ मानना है कि नहीं। यह बेमानी दलील दी जाती है कि अगर आपकी बहन या बेटी के साथ ऐसा होता तो आप क्या करते? दिक्कत पुलिस के काम करने के तौर-तरीके और न्यायपालिका की मंद गति में छिपी है। इसके लिए किसी व्यक्ति के निजी आग्रहों को दलील नहीं बनाया जा सकता। व्यवस्था में ऐसा सुधार किया जाना चाहिए, ताकि लोगों का भरोसा इस पर कायम हो। कानूनों के साथ खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को भी कठघरे में खड़ा किया जाए।

● *संदीप कुमार, प्रयागराज*



**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

## लोकतंत्र के हक में

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लेकिन सच यह है कि आज केवल सत्ता को चलाने वाली पार्टी का ही बोलबाला दिख रहा है। विपक्ष को इतना दबा दिया गया है कि वह किसी भी नीति पर सवाल खड़ा नहीं कर पा रहा है। समाज, राजनीति, बुद्धिजीवियों की दुनिया- किसी ओर से भी सरकार से हिसाब नहीं मांगा जा रहा है, बल्कि उलटे भक्ति का माहौल देखा जा रहा है, जो देश के लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। सवाल है कि क्या संविधान में लिखे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का कोई मूल्य नहीं रह गया है? भारत को धीरे-धीरे चीन के रास्ते पर नहीं बढ़ना चाहिए, जहां अभिव्यक्ति पर अनेक तरह की सीमाएं लगाई गई हैं। अगर ऐसा हुआ तो हम भी तानाशाही व्यवस्था की चपेट में आ सकते हैं, जहां बोलने को स्वतंत्रता नहीं मिलेगी।

फिलहाल हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। हम अपना नेता खुद चुनते हैं। महलों की औलादें हमारी तकदीर नहीं लिखतीं। हम बोल सकते हैं। हमारे हाथ नारों के साथ लहरा सकते हैं। हमारा दिल बेखौफ होकर धड़क सकता है। हमारे होंठ हिल सकते हैं। हमारा सिर 'इनकार' में भी हिल सकता है। हम सरकार की बुराइयां दिखा सकते हैं। हम सरकार बना और गिरा सकतें हैं। देश यहां के लोगों से चलता है और यही लोकतंत्र की खूबसूरती है।

लेकिन यह सरकार अपनी मर्जी से सरकारी संस्थाओं को निजी क्षेत्र में धकेल रही है, जनता के पैसों को अरबपतियों में बांट रही हैं। क्या इसका हिसाब लेने वाला कोई नहीं है? लोकतांत्रिक देश में होने के नाते इन सवालों का जवाब पूरा देश जानना चाहता है।

● *आयुष द्विवेदी, हंसराज कॉलेज, दिल्ली विवि*

## दुख की आग

दिल्ली के अनाज मंडी अग्निकांड के बाद एक खौफनाक मंजर है, जहां कुछ सिसकियों को छोड़ कर सब कुछ खामोश है। व्यवस्था के दरकने का इससे तकलीफदेह नमूना नहीं हो सकता। चार मंजिला मकान के अंदर बगैर सुरक्षा इंतजामों के खामोशी से मशीनें धड़धड़ाती रहीं और किसी को कानो-कान खबर नहीं हुई। मौत की फैक्ट्रियां एक दिन में नहीं बनतीं। लेकिन वही मौत जिंदगी को जरा भी मोहलत नहीं देती। बुरा हो उस सियासत का, जो जली लाशों पर हाथ सेंकने से बाज नहीं आती।

हादसे में मारे गए मजदूरों के परिजनों का दर्द बयान करने को शायद शब्द न मिले। जबकि अग्निशमन के अधिकारी राजेश शुक्ला को कई जानें नहीं बचा पाने का गम खाए जा रहा है। बेशक उनकी बहादुरी और दिलेरी की चर्चा हो, मगर ग्यारह लोगों को बचा लेने की खुशी उनके चेहरे से गायब है। मर्माहत परिजनों के गम के आगे हर खुशी कुर्बान है।

● *एमके मिश्रा, रातू*

www.readwhere.com



## जरा हट के

जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में पामेंगटन पार्क में 'विंटर लाइट्स' प्रदर्शनी के दौरान पेड़ों और गेंदों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

## बोल

*अगर आप मुझ पर महाभियोग लगाने जा रहे हैं तो अभी करें, जल्दी, जिससे सीनेट इसकी निष्पक्ष सुनवाई कर सके और देश वापस अपने काम में लग सके।*
*-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति*



## विवाद

*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और हमारे सामने उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।*
*-नैन्सी पेलोसी, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर*



## सम-सामयिक

# अंतरराष्ट्रीय सिद्धांत और नागरिकता पर बहस

जनसत्ता संवाद

नागरिकता संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने के साथ ही विपक्ष ने इसकी मंशा पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। धर्म के आधार पर नागरिकता के प्रश्न पर बहस छिड़ गई है। विधेयक पर विचार करने के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति में इस बारे में आम सहमति नहीं बन पाई और विपक्षी दलों ने नागरिकता को धर्म से जोड़ने का विरोध किया। यह तर्क भी दिया गया कि यह विधेयक असम समझौते का भी उल्लंघन है, जिसके तहत 1971 के बाद भारत आने वाले लोगों को नागरिकता नहीं दी जा सकती। लेकिन संयुक्त संसदीय समिति में सत्ता पक्ष के सदस्यों का बहुमत होने के कारण उसकी रिपोर्ट को मंजूर कर लिया गया।

### अंतरराष्ट्रीय सिद्धांत

नागरिकता के मुख्यतः दो सिद्धांत विश्व भर में हैं। पहला ज्यूस सैंग्यूनिस, जिसके मुताबिक नागरिकता नस्ल या रक्त संबंध के आधार पर नागरिकता दी जाती है। माता-पिता की नागरिकता के आधार पर नागरिकता देना इसी का रूप है। दूसरा ज्यूस सोलि, जमीन के आधार पर। यह एंग्लो-अमेरिकन सोच है। नागरिकता के इस सिद्धांत को मानने वाले देश अपनी भूमि पर पैदा होने वाले हर बच्चे को नागरिकता प्रदान करते हैं? एक भारतीय अमेरिका जाकर अमेरिकी नागरिक हो सकता है बशर्ते वह प्रक्रिया पूरी करे। लेकिन एक अमेरिकी दंपति की भारत में पैदा हुई संतान भारतीय नागरिक नहीं होगी। भारत पहले ज्यूस सोलि के आधार पर नागरिकता देता था, लेकिन अब यहां ज्यूस सैंग्यूनिस भी है। नागरिकता कानून 1955 के तहत भारत में जन्म लेने वाले बच्चों को भारतीय नागरिकता दी जाती थी।



### नेहरू-लियाकत समझौता

**वर्ष 1950 में नेहरू-लियाकत समझौता हुआ। इसमें दोनों देशों ने अपने यहां अल्पसंख्यकों के संरक्षण का संकल्प लिया। भाजपा का तर्क है कि भारत में तो इसका गंभीरता से पालन हुआ, लेकिन पाकिस्तान में हिंदू, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों पर हुए जोर-जुल्म से दुनिया अवगत है। अफगानिस्तान और बांग्लादेश में भी यही हाल है।**

### संविधान में क्या है

संविधान सभा में नागरिकता संबंधी प्रावधानों पर चर्चा में सरदार वल्लभ भाई पटेल के भाषण का जिक्र आ रहा है। यह है, 'आधुनिक दुनिया में राष्ट्रीयता के बारे में दो विचार हैं, एक व्यापक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर आधारित है और दूसरा संकीर्ण राष्ट्रीयता है। दक्षिण अफ्रीका में हम वहां पैदा हुए भारतीयों के लिए दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीयता का दावा करते हैं। संकीर्ण दृष्टिकोण रखना हमारे लिए सही नहीं है।' इस पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद का जवाब है, 'हम दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के लिए उस देश की राष्ट्रीयता का दावा न केवल जन्म से, बल्कि वहां बसने के कारण करते हैं।'

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 और 15(1) में नागरिकता और धर्म को लेकर विवेचना दी गई है। अनुच्छेद 14 विधि के समक्ष समता और विधियों का समान संरक्षण करने का अधिकार है। एक जैसी परिस्थितियों में एक सा कानून। अनुच्छेद 15(1) भी धर्म के आधार पर भेदभाव करने की इजाजत राज्य को नहीं देता।

### क्या हैं तर्क और वितर्क

नागरिकता संशोधन विधेयक को विपक्षी दलों ने अल्पसंख्यक विरोधी ठहराया है। इसमें मुसलमानों का जिक्र न होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जबकि, सरकार का कहना है कि जिन देशों से गैर-मुसलिम आबादी का पलायन भारत में हो रहा है, वहां मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक प्रताड़ना नहीं होती है। विपक्ष ने संविधान की प्रस्तावना और नागरिकों को प्रदत्त मूल अधिकारों का हवाला देते हुए नागरिकता संशोधन विधेयक को संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताया है। सरकार का तर्क है कि संविधान के अनुच्छेद 11 और 14 में वर्णित समानता के अधिकार की अवहेलना नहीं हो रही।

## मथन

# पूर्वोत्तर को समझाने की चुनौती

जनसत्ता संवाद

नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर सरकार के सामने पूर्वोत्तर को समझाने की चुनौती है। इसको लेकर असम और पूर्वोत्तर के करीब सभी राज्यों में विरोध शुरू हो गया है। विरोध करने वाले संगठनों एवं राजनीतिक दलों का आरोप है कि सरकार ने उन्हें भरोसे में नहीं लिया।

असम के प्रभावी छात्र संगठन ऑल असम स्टूडेंट यूनियन (आसू) और नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (नेसो) के सदस्यों ने सोमवार से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। आसू के महासचिव लुरिन ज्योति गोगोई का कहना है कि केंद्र सरकार असम और पूर्वोत्तर के साथ अन्याय करती रही है। असम पहले से अवैध नागरिकों का बोझ उठाते आ रहा है। अब हम बोझ और नहीं उठाएंगे। जब तक सरकार इस विधेयक को वापस नहीं ले लेती आसू और नेसो इसके खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखेगा। आसू ने अपने साथ मेघालय, नगालैंड और मिजोरम के राजनीतिक दलों को भी ले लिया है। इस विधेयक के विरोध में उतरे संगठनों का आरोप है कि भाजपा इस विधेयक के जरिए अपने हिंदू वोट बैंक को सुनिश्चित करना चाहती है। इन संगठनों का कहना है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान या अफगानिस्तान से भले ही आगे कोई आए या ना आए, असली बात यह है कि राष्ट्रीय नागरिक पंजी में बाहर हुए हिंदुओं को नागरिकता देने के लिए यह विधेयक लाया गया है। एनआरसी में 19 लाख से अधिक नाम कटे हैं और इसमें 12 लाख नाम बंगाली हिंदुओं के हैं।

असम के आरटीआइ कार्यकर्ता अखिल गोगोई कहते हैं कि मौजूदा सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों के नागरिकों को यहां लाकर बसाने के लिए यह बिल लेकर आई है। यह विधेयक पूरी तरह से असंवैधानिक है और हम इसका विरोध करते हैं। वे संविधान के अनुच्छेद 14 की याद दिलाते हैं कि धर्म के आधार पर किसी को नागरिकता नहीं दी जा सकती। उनका कहना है कि बांग्लादेश से हजारों की संख्या में आए लोगों ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है।

> *आसू* समेत विधेयक के विरोध में उतरे संगठनों का आरोप है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान या अफगानिस्तान से भले ही आगे कोई आए या ना आए, असली बात यह है कि राष्ट्रीय नागरिक पंजी में बाहर हुए हिंदुओं को नागरिकता देने के लिए यह विधेयक लाया गया है। एनआरसी में 19 लाख से अधिक नाम कटे हैं और इसमें 12 लाख नाम बंगाली हिंदुओं के हैं।




असम की भाजपा सरकार के साथ गठबंधन में शामिल असम गण परिषद (एजीपी) के प्रवक्ता मनोज सैकिया कहते हैं कि हमारा विरोध है। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने हमसे बात नहीं की। हमने केंद्र सरकार से साफ कहा है कि असम समझौते के आधार पर ही शरणार्थी या घुसपैठिया समस्या का समाधान निकाला जाए।

मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपल्स पार्टी के नेता और उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन टायनसोंग, मिजोरम के गृह मंत्री लालचम्लियाना समेत विभिन्न नेता केंद्र सरकार पर हमले कर रहे हैं। सेंटर फॉर इक्वालिटी के निदेशक हर्ष मंदर का कहना है कि विधेयक से भारत का संवैधानिक विचार ही बदल जाएगा। पाकिस्तान मुसलिम देश बना। लेकिन भारत में सभी धर्मों, जातियों को बराबरी का अधिकार दिया गया। दूसरी ओर, भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता कहते हैं कि जिन लोगों का धार्मिक आधार पर उत्पीड़न हो रहा है, उन्हें सहज सरल तरीके से नागरिकता देना ही इस प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य है। इसे सांप्रदायिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिए।

पूर्वोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ताओं की तर्ज पर हर्ष मंदर का तर्क है कि असम में एनआरसी की प्रक्रिया के दौरान अवैध प्रवासियों में हिंदुओं की संख्या पाई गई। अब जो विधेयक लाया जा रहा है उससे शरणार्थी और अवैध प्रवासियों की स्थिति में बदलाव हो जाएगा। अब मुसलमानों के अलावा किसी भी अन्य धर्म के लोगों को शरणार्थी माना जाएगा और नागरिकता दी जाएगी। पूर्वोत्तर में एनआरसी अब भाजपा के लिए राजनीतिक आत्महत्या साबित होने लगा है। केंद्र सरकार इस स्थिति से बाहर आने की कोशिश में है।

## विश्व परिक्रमा

### जलवायु सम्मेलन से पहले सड़कों पर उतरे लाखों लोग

**रविवार, 1 दिसंबर :** संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन से पहले वैश्विक ताप वृद्धि के खिलाफ नए सिरे से कदम उठाने और विश्व नेताओं पर दबाव बनाने के लिए यूरोप और एशिया में लाखों लोग सड़कों पर उतरे। जर्मनी के 500 से अधिक शहरों में छह लाख 30 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया।

### न्यू आर्लियंस में गोलीबारी से 11 घायल

**सोमवार, 2 दिसंबर :** अमेरिका में न्यू आर्लीन्स के मुख्य पर्यटन केंद्र फ्रेंच क्वार्टर में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में 11 लोग घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक गोलीबार रविवार तड़के तीन बजे हुई।

### चीन ने अमेरिका पर लगाए प्रतिबंध

**मंगलवार, 3 दिसंबर :** हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों के समर्थन में अमेरिका द्वारा कानून बनाए जाने की जवाबी कार्रवाई में चीन ने अमेरिकी युद्धपोत को हांगकांग भेजने संबंधी आवेदन को रद्द कर दिया। साथ ही कई अमेरिकी गैर सरकारी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया है।



व्लादिमीर पुतिन

### पुतिन ने विवादास्पद कानून पर किए हस्ताक्षर

**बुधवार, 4 दिसंबर :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक विवादित कानून पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत स्वतंत्र पत्रकारों और ब्लॉगरों को 'विदेशी एजंट' घोषित किया जा सकता है। आलोचकों ने इस कदम को मीडिया की आजादी का उल्लंघन बताया है। रूसी सरकार की वेबसाइट के अनुसार, यह नया कानून तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा।

### 629 पाक लड़कियों को चीनी नागरिकों को बेचा

**गुरुवार, 5 दिसंबर :** पाकिस्तान की 629 लड़कियों व महिलाओं को दुल्हन के रूप में चीन के पुरुषों को बेचा गया जो उन्हें चीन ले गए। मानव तस्करों के नेटवर्कों का भंडाफोड़ करने का संकल्प लेने वाले पाकिस्तानी जांचकर्ताओं ने यह सूची तैयार की है। यह सूची 2018 से मानव तस्करी के जाल में फंसी महिलाओं की सबसे सटीक संख्या उपलब्ध कराती है।

### मुशर्रफ के खिलाफ 17 को सुनाई जाएगी सजा

**शुक्रवार, 6 दिसंबर :** पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ के खिलाफ देशद्रोह मामले में 17 दिसंबर को फैसला सुनाया जाएगा। एक विशेष अदालत ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

### ईरान सरकार ने की एक हजार से अधिक हत्याएं

**शनिवार, 7 दिसंबर :** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि पिछले महीने ईरान में शुरु हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के खिलाफ कार्रवाई में ईरान सरकार ने संभवतः 1000 से ज्यादा नागरिकों की हत्या की है। विदेश मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि ब्रायन हुक ने यह जानकारी संवाददाताओं के साथ साझा की।

## जानें-समझें

### नागरिकता संशोधन विधेयक

# कितनी है हकीकत और कैसे-कैसे हैं सवाल

दीपक रस्तोगी

नागरिकता (संशोधन) विधेयक को सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया। इसके जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता दी जा सकेगी। पूर्वोत्तर में चल रहे विरोध के कारण इस विधेयक का संशोधित मसविदा रखा गया। केंद्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, मेघालय को पूर्ण रूप से और असम एवं त्रिपुरा के कुछ हिस्सों को इस विधेयक से बाहर रखा है। मणिपुर के सरकार ने विशेष प्रावधानों का ऐलान किया है।

### क्या है संशोधन विधेयक

इस विधेयक में बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के छह अल्पसंख्यक समुदायों (हिंदू, बौद्ध, जैन, पारसी, ईसाई और सिख) से ताल्लुक रखने वाले लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रस्ताव है। मौजूदा कानून के तहत किसी भी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता लेने के लिए कम से कम 11 साल भारत में रहना अनिवार्य है। इस विधेयक में पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों के लिए यह समयावधि 11 से घटाकर छह साल कर दी गई है। इसके लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में कुछ संशोधन किए जाएंगे, ताकि लोगों को नागरिकता देने के लिए उनकी कानूनी मदद की जा सके। मौजूदा कानून के तहत भारत में अवैध तरीके से दाखिल होने वाले लोगों को नागरिकता नहीं मिल सकती है और उन्हें वापस उनके देश भेजने या हिरासत में रखने के प्रावधान है।

### क्या है नागरिकता अधिनियम, 1955

नागरिकता अधिनियम, 1955 भारतीय नागरिकता से जुड़ा एक विस्तृत कानून है। इसमें बताया गया है कि किसी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता कैसे दी जा सकती है और भारतीय नागरिक होने के जरूरी शर्तें क्या हैं? नागरिकता अधिनियम में अब तक पांच बार (1986, 1992, 2003, 2005 और 2015) संशोधन किया जा चुका है। भारतीय नागरिकता तीन आधार पर खत्म हो सकती है- अगर कोई स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता छोड़ दे, अगर कोई किसी दूसरे देश की नागरिकता स्वीकार कर ले, अगर सरकार किसी की नागरिकता छीन ले।

### किसका क्या है कहना




फाइल फोटो

नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी



मजहब किसी की राष्ट्रीयता नहीं तय कर सकता है। हमारा देश सबके लिए है। यह विधेयक संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। यह भारत को इसराइल बनाने जैसा है। विशेष धर्म के लोगों के लिए खास मुल्क।
*-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद*



राष्ट्रीय नागरिक पंजी और नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। हम बंगाल में कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। वे किसी वैध नागरिक को यूं ही देश से बाहर नहीं फेंक सकते या उसे शरणार्थी नहीं बना सकते।
*-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल*



हमारे तीन पड़ोसी देश दरअसल इस्लामिक देश हैं। इसलिए वहां गैर-मुस्लिम ही धार्मिक अत्याचारों का शिकार होते हैं। इस कारण वे भारत में शरण लेने के लिए विवश हो जाते हैं। छह अल्पसंख्यक समुदायों को नागरिकता दिया जाना सर्व धर्म समभाव की भावना से प्रेरित है।
*-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री, ट्विटर पर*

### अवैध प्रवासी और उनके लिए प्रावधान

नागरिकता कानून, 1955 के मुताबिक अवैध प्रवासियों को भारत की नागरिकता नहीं मिल सकती है। अवैध प्रवासियों को या तो जेल में रखा जा सकता है या फिर विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के तहत वापस उनके देश भेजा जा सकता है। लेकिन केंद्र सरकार ने साल 2015 और 2016 में उपरोक्त 1946 और 1920 के कानूनों में संशोधन करके अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को छूट दे दी है। यह छूट उपरोक्त धार्मिक समूह के उनलोगों को प्राप्त है जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत पहुंचे हैं।

### भारत आने वाले शरणार्थी

धार्मिक आधार पर भारत के पड़ोसी तीन देशों- पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से लोग पलायन कर यहां आते रहे हैं। पाकिस्तान के अखबार डॉन ने पाकिस्तान सरकार के आंकड़े छापे हैं कि वहां करीब पांच हजार हिंदू परिवार हर साल भागकर भारत पहुंचते हैं। आमतौर पर ये शरणार्थी राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश में शरण लेते हैं। वर्ष 2018 में भारत सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान से आए 12,732 मुसलमानों और सिखों को नागरिकता दी। इससे पहले 2017 में 4712 को शरण दी गई। 2016 में 2298 हिंदू और सिख शरणार्थियों को शरण मिली। केंद्र सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 83,438 बांग्लादेशी नागरिक शरणार्थी बनकर रह रहे हैं। इनके अलावा एक लाख से ज्यादा श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी भारत में रह रहे हैं। मोटे तौर पर माना जा रहा है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से करीब दो लाख हिंदू और सिख शरणार्थी भारत में रह रहे हैं। केंद्र की मौजूदा सरकार ने पिछले साल मई में इन शरणार्थियों के लिए लॉन्ग टर्म वीजा (एलटीवी) जारी करने सहित कई कदम उठाए।

### पूर्वोत्तर के राज्यों का मामला

नागरिकता संशोधन विधेयक के मसविदे में कहा गया है, असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा के आदिवासी इलाकों में इस अनुच्छेद के प्रावधान लागू नहीं होंगे। इन इलाकों संविधान की छठी अनुसूची और 'द इंटर लाइन परमिट' (आइएलपी) के प्रावधान लागू हैं। इन प्रावधानों को बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेग्युलेशन, 1873 के तहत अधिसूचित किया गया था। आइएलपी प्रणाली अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और मिजोरम में लागू। नगालैंड का दीमापुर शहर आइएलपी में नहीं है। आइएलपी के तहत अन्य राज्यों के लोगों को यहां के इलाकों में जाने के लिए विशेष परमिट की जरूरत होगी।

## व्यक्तित्व

# ओजल : बंद आंखों से स्केटिंग कर बनाया विश्व रेकॉर्ड

जनसत्ता संवाद

खेलने-कूदने की उम्र में आज छोटे-छोटे बच्चे ऐसी करामात दिखाने लगे हैं कि लोग दांतों तले उंगलियां दबा लें। इन करामातों की वजह से ये बच्चे अपना नाम वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज करवा रहे हैं। यहां बात हो रही है 14 साल की ओजल नलावडे की। कर्नाटक के हुबली की ओजल नलावडे का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज हुआ है। यह सम्मान उन्हें स्केटिंग के लिए मिला है। ओजल दूसरों की तरह खुली आंखों से नहीं बल्कि आंखों पर पट्टी बांधकर स्केटिंग करती हैं। आंखों पर पट्टी बांधकर सबसे तेज स्केटिंग करने की वजह से बीते गुरुवार को ओजल नलावडे का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में शामिल हुआ है। ओजल हुबली के जेडीएस स्कूल के कक्षा सातवीं की छात्रा है और उसने आंखों पर पट्टी बांध कर 51.25 सेकेंड में स्केटिंग करते हुए 400 मीटर की दूरी तय की है। इस कार्यक्रम का आयोजन चेतना कॉलेज के पास किया गया था जहां लोग सुबह 5:30 बजे से ही एकत्रित थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स के अधिकारियों ने 14 वर्षीय ओजल नलावडे को 400 मीटर श्रेणी में दुनिया में सबसे तेज ब्लाइंड फोल्डेड (आंखों पर पट्टी बांध कर) स्केटर घोषित किया है। गिनीज बुक ऑफ रेकॉर्ड्स के अधिकारियों ने उसे रेकॉर्ड हासिल करने के लिए तीन मौके और 60 सेकंड का समय दिया गया था। उसके द्वारा तीसरी बार में यह रेकॉर्ड बनाया गया है। ओजल ने अपनी इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और परिवार को दिया। जीतने के बाद उसने कहा कि वह भविष्य में और भी अच्छी स्केटिंग करने की कोशिश करेगी।



आंखों पर पट्टी बांध कर स्केटिंग करना कोई आसान बात नहीं है। ओजल ने यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। वह हर रोज सुबह-सुबह आंखों पर पट्टी बांधकर उसी सड़क पर घंटों स्केटिंग का अभ्यास करती जहां उसने रेकॉर्ड बनाया है। उसके कोच अक्षय सूर्यवंशी ने बताया कि आंखों पर पट्टी बांध कर तेजी से स्केटिंग करना बहुत मुश्किल है। लेकिन उसने अपने दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के बदौलत यह कर दिखाया है। रेकॉर्ड बनाने के लिए वह हर रोज सुबह में अभ्यास करती थी।

ओजल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज होने की खुशी उसके माता-पिता बयान नहीं कर पा रहे। ओजल की मां का नाम दीपा और पिता का नाम सुनील नलावडे है। उसके पिता ने कहा, 'उसे 400 मीटर की दूरी तय करने के लिए 60 सेकंड और उससे कम की समय सीमा दी थी। यह सिर्फ स्केटिंग नहीं है बल्कि यह ब्लाइंड स्केटिंग है जिसमें लड़की को अपनी आंखों पर पट्टी बांध कर स्केट करना है। इसलिए हमारे लिए यह जानना महत्वपूर्ण था कि वह सड़क को देखे बिना दूरी को माप सकती है या नहीं। ओजल दो साल की उम्र से स्केटिंग का प्रशिक्षण ले रही हैं।

वीकेंड और स्कूल की छुट्टियों के दौरान ओजल को स्केटिंग करना बहुत अच्छा लगता है इसलिए ओजल के पिता ने उसे स्केटिंग का एडवांस कोर्स करवाया है ताकि वह अच्छे से स्केटिंग सीख सके।

ओजल का नाम एशिया बुक ऑफ रेकॉर्डस और इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में दर्ज है।

www.readwhere.com

# कर्नाटक में बहुमत की बंदूक दिखाने वाले को जनता का करारा जवाब : प्रधानमंत्री

बरही (झारखंड), 9 दिसंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनार्टक उपचुनावों में भाजपा को मिली जीत का सोमवार को जिक्र करते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कर्नाटक में उसने जिसे मुख्यमंत्री बनाया, उन्हें सुबह-शाम बहुमत की बंदूक दिखाती रही थी, और वह जनता के बीच रोते थे, लेकिन आज जनता ने उन्हें करार जवाब दिया है। प्रधानमंत्री झारखंड विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बरही में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

कर्नाटक में 15 विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में 12 सीटों पर भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'कर्नाटक में कांग्रेस ने जिन्हें मुख्यमंत्री बनाया था, उन्हें सुबह शाम बंदूक दिखाई जाती थी...बहुमत की बंदूक...और दिल्ली के लिए एक करोड़ ...दिल्ली के लिए दो करोड़...की बात होती थी...और वह बिचारे मुख्यमंत्री जनता जनार्दन के बीच जाकर रोते थे ...आंसू बहाते थे।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'कर्नाटक में चुनाव के दौरान वहां की जनता ने भाजपा को सरकार बनाने के लिए अपना मत दिया था। जनता ने कांग्रेस और उसके साथियों की पिछली सरकार के दौरान लापरवाही, भ्रष्टाचार और बेईमानी देखी थी। इसी कारण उन्होंने भाजपा को पसंद किया लेकिन कांग्रेस और उनके साथियों ने मिलकर इस जनमत को धोखा दे दिया। जनता की पीठ में छुरा भोंकने का काम किया।' उन्होंने आरोप लगाया, 'कांग्रेस और जद (सेकु) पर्दे के पीछे सांठगांठ करके रातों-रात कुर्सी पर बैठ गए। जिस तरह से कांग्रेस ने सरकार बनाई और फिर एक साल तक सरकार में बने रहने की जतन में लगी रही...जनता की भलाई उनके एजंडे में थी ही नहीं।' मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में मुख्यमंत्री की स्थिति ऐसी बना दी थी, जैसा कि अपहरण करने वाला भी नहीं करता। कांग्रेस के उन कारनामों का जवाब आज जनता जनार्दन ने कमल का बटन दबा कर दे दिया है।



प्रधानमंत्री ने दो टूक कहा, 'अब कर्नाटक में जोड़-तोड़ वाली सरकार नहीं है। मैं कर्नाटक की जनता को बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं कि आज उसने अपनी मोहर लगाकर फिर मजबूत सरकार को नई ताकत दे दी है।' उन्होंने कहा कि कर्नाटक में आज जो हुआ वह जनमत और लोकतंत्र की जीत है। महाराष्ट्र में हाल में अपने गठबंधन सहयोगी शिवसेना से धोखा खाने वाली भाजपा के दर्द को बयान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक परिणाम याद रखना बहुत जरूरी है क्योंकि उठापटक की राजनीति करने वाले नेताओं के लिए यह कड़ा संदेश है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, 'कांग्रेस कभी भी गठबंधन के भरोसे पर खरी नहीं उतरी है। वह अपने मतलब के लिए गठबंधन और जनादेश का उपयोग करती आई है। अपने हितों के लिए वह सहयोगियों का उपयोग कठपुतली की तरह करती है।' राज्य में तीसरे चरण में रांची समेत 17 सीटों के लिए 12 दिसंबर को मतदान होगा।

झारखंड में पांच चरणों में कुल 81 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। जिसमें पहले चरण के लिए 13 सीटों पर मतदान 30 नवंबर को हुआ दूसरे चरण में सात दिसंबर को राज्य की बीस विधानसभा सीटों पर 64.84 फीसद मतदान रिकार्ड किया गया था। राज्य में तीसरे चरण के लिए 12 दिसंबर को, चौथे चरण के लिए 16 दिसंबर को और पांचवें व अंतिम चरण के लिए 20 दिसंबर को मतदान होगा। झारखंड विधानसभा चुनाव के पांचों चरण की मतगणना एक साथ 23 दिसंबर को की जाएगी।

# खुदरा विक्रेताओं की प्याज भंडारण सीमा पांच से घटाकर दो टन हुई

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

सरकार ने प्याज के बढ़ते दाम पर अंकुश लगाने और जमाखोरी रोकने के लिए खुदरा विक्रेताओं के लिए प्याज की अधिकतम भंडारण (स्टॉक) सीमा को सोमवार को पांच टन से घटाकर दो टन कर दिया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने राज्य सरकारों को खुदरा विक्रेताओं की जमाखोरी रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि प्याज की खुदरा कीमतों में तेजी को देखते हुए उसने खुदरा व्यापारियों के लिए प्याज की अधिकतम भंडारण सीमा को पांच टन से कम करके दो टन कर दिया है। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। पिछले हफ्ते मंत्रालय ने खुदरा विक्रेताओं के लिए अधिकतम सीमा को 10 टन से घटाकर पांच टन और थोक विक्रेताओं के लिए भंडारण सीमा को 50 टन से घटाकर 25 टन कर दिया था। भारी बारिश के बाद खरीफ फसल के उत्पादन में गिरावट आने से प्याज की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे खुदरा बाजार में प्याज के दाम आसमान छू रहे हैं।

## आजादी के बाद जन्मे लोग भी स्वाधीनता सेनानी

**पेज 1 का बाकी**

स्वतंत्रता सेनानियों की विधवाएं होंगी और उनके लिए अलग से कोई रियायत संहिता न होने की वजह से लेखा परीक्षा करने के लिए दी गई सूचना से उनकी संख्या का पता नहीं लगाया जा सका। इसमें कहा गया है कि 1947 के बाद पैदा हुए 1302 पुरुष यात्रियों और 1898 महिला यात्रियों को स्वतंत्रता सेनानियों की रियायत के अंतर्गत मुफ्त यात्रा की अनुमति दी गई। इसमें से 1096 पुरुष और 580 महिला यात्रियों की आयु वरिष्ठ नागरिक श्रेणी से भी कम थी।

# ढाई साल बाद सुनारियां जेल में हुई राम रहीम-हनीप्रीत की मुलाकात

**पेज 1 का बाकी**

ने राम रहीम को दोषी करार दिया था। अदालत के फैसले के बाद हिंसा भड़की तो पंचकूला पुलिस ने हनीप्रीत के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। बीती सात नवंबर को जमानत मिलने के बाद हनीप्रीत जेल में बंद राम रहीम से मुलाकात का प्रयास कर रही थी। हालांकि सुनारियां जेल प्रशासन ने इस मुलाकात के लिए सुरक्षा की दृष्टि से इनकार कर दिया था लेकिन गृहमंत्री और जेल मंत्री के हस्तक्षेप के बाद हनीप्रीत की राह सामान्य हो गई।

करीब 28 महीने बाद हनीप्रीत सोमवार को सुनारिया जेल पहुंची। दोपहर दो से तीन बजे उनकी मुलाकात राम रहीम के साथ हुई। हनीप्रीत के साथ राम रहीम के वकील संदीप कामरा, राजेंद्र सिंह सरां और हरीश छाबड़ा भी थे। राम रहीम के जेल जाने के बाद डेरा सच्चा सौदा का प्रबंधन संभाल रही चेयरपर्सन शोभा इंसा भी उनके साथ थी। बाबा व हनीप्रीत के बीच करीब 20 मिनट तक आमने-सामने बैठकर टेलीफोन पर बातचीत हुई।

बताया जा रहा है कि इस दौरान हनीप्रीत भावुक हो गई, जिस पर बाबा ने उन्हें समझाया। वह राम रहीम के लिए कपड़े लेकर आई थी। जेल प्रशासन को सोमवार सुबह हनीप्रीत के आने की सूचना मिली थी।

**जेल प्रबंधन ने किया था मुलाकात से इनकार :** हनीप्रीत ने सुनारिया जेल प्रशासन को चिट्ठी भेजकर राम रहीम से मुलाकात की अनुमति मांगी थी। दूसरी तरफ राम रहीम ने भी जेल प्रशासन को मुलाकात के लिए जिन लोगों के नाम दिए थे उनमें हनीप्रीत का नाम भी शामिल था।

हनीप्रीत के आवेदन के बाद सुनारियां जेल प्रशासन ने सिरसा पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर पूछा था कि हनीप्रीत की राम रहीम से मुलाकात को लेकर सिरसा पुलिस को कोई आपत्ति तो नहीं है। सिरसा के कार्यवाहक एसपी विजय प्रताप सिंह ने रविवार को सुनारिया जेल अधीक्षक को बंद लिफाफे में अपना जवाब भेजा था। सूत्र के मुताबिक केस की जांच और कानून-व्यवस्था प्रभावित होने का अंदेशा जताते हुए जेल में इस मुलाकात पर सिरसा पुलिस ने आपत्ति जताई थी।

**गृहमंत्री और जेल मंत्री की सहमति के बाद हुई मुलाकात :** हनीप्रीत व राम रहीम की मुलाकात को लेकर कई दिनों से अटकलें चल रही थी लेकिन दूसरी बार सत्ता में आने पर मनोहर के मंत्री अनिल विज को जब गृहमंत्रालय का जिम्मा मिला तो इस बात के संकेत मिल रहे थे कि अब यह मुलाकात संभव हो सकती है।

क्योंकि अनिल विज पहले ही डेरा प्रकरण के मृतकों के आश्रितों के लिए नौकरी की मांग भी कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मामला जेल मंत्री व गृह मंत्री तक जा पहुंचा। जेल मंत्री की संतुति व गृहमंत्री की हामी के बाद ही हन्नीप्रीत की बाबा से मुलाकात हो पाई है।

# चुनाव ड्यूटी पर आए जवान ने कंपनी कमांडर को गोली मार आत्महत्या की

रांची 9 दिसंबर (भाषा)।

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव ड्यूटी पर आए छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की एक बटालियन के जवान ने आपसी विवाद के बाद अपने कंपनी कमांडर को सोमवार तड़के गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और इसके बाद उसने अपने हथियार से खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

कंपनी कमांडर की पहचान मेला राम और आत्महत्या करने वाले जवान की पहचान विक्रम राजबाड़ी के रूप में की गई है। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनीश गुप्ता ने बताया कि यह घटना सुबह लगभग 6:30 बजे खेल गांव परिसर में हुई, जहां इन जवानों को द्वितीय चरण के मतदान के बाद ठहराया गया था।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार कंपनी कमांडर और जवान में किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद गुस्से में जवान ने अपने हथियार से कंपनी कमांडर को गोली मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद जवान ने अपने हथियार से स्वयं को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोलीबारी की इस घटना में दो अन्य जवानों को छर्रे लगे हैं और उन्हें घायल स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जिसके बाद इसके वास्तविक कारणों की जानकारी हो सकेगी।

# न्यायालय को प्रशासन ने बताया, मुबीन की नजरबंदी का आदेश स्थायी रूप से वापस लिया गया

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि प्रवासी भारतीय कारोबारी मुबीन शाह की नजरबंदी का आदेश स्थायी रूप से वापस ले लिया गया है। मुबीन को संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधानों को वापस लेने के बाद लोक सुरक्षा कानून के तहत नजरबंद किया गया था।

न्यायमूर्ति एनवी रमण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बीआर गवई के पीठ ने मुबीन की पत्नी आसिफा मुबीन को अपने पति शाह की नजरबंदी को चुनौती देने वाली याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। इससे पहले, जम्मू कश्मीर प्रशासन की ओर से सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि शाह की नजरबंदी का आदेश स्थायी रूप से वापस ले लिया गया है। शाह की पत्नी आसिफा मुबीन के वकील ने कहा कि वह अपनी याचिका वापस लेना चाहेंगे क्योंकि अब यह निरर्थक हो गई है। पीठ ने आसिफा मुबीन को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने इससे पहले छह दिसंबर को शाह को नजरबंदी से अस्थायी रूप से रिहा करने की अनुमति दी थी। मलेशिया में कारोबार करने वाले मुबीन को आगरा सेंट्रल जेल से रिहा किया गया था। प्रशासन ने इस आदेश के एक दिन बाद ही सात दिसंबर को जम्मू कश्मीर लोक सुरक्षा कानून के तहत मुबीन शाह की नजरबंदी का पूरा आदेश वापस ले लिया था।

# शिवसेना का हिंदू-मुसलिम में अदृश्य विभाजन का आरोप

**पेज 1 का बाकी**

सवाल किया, 'यह सच है कि हिंदुओं के लिए हिंदुस्तान के अलावा कोई दूसरा देश नहीं है, लेकिन अवैध शरणार्थियों में से केवल हिंदुओं को स्वीकार करके देश में एक गृह युद्ध नहीं छिड़ जाएगा?' उसने कहा, 'अगर कोई नागरिकता (संशोधन) विधेयक की आड़ में वोट बैंक की राजनीति करने की कोशिश करता है तो यह देश के हित में नहीं है।'

# छात्रावास शुल्क वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जेएनयू छात्रों पर लाठीचार्ज

**पेज 1 का बाकी**

स्टेशनों पर सोमवार को यात्रियों का प्रवेश और निकास बंद कर दिया। दिल्ली यातायात पुलिस के मुताबिक विद्यार्थियों के प्रदर्शन और लंबे मार्च के कारण बाबा गंगनाथ मार्ग पर यातायात की आवाजाही रही। जेएनयू छात्र छात्रावास की फीस बढ़ाए जाने के खिलाफ एक महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने प्रशासन की बार-बार चेतावनियों के बावजूद आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं का बहिष्कार करने का भी आह्वान किया है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने जेएनयू में सामान्य कामकाज बहाल करने व प्रदर्शनरत विद्यार्थियों और प्रशासन के बीच मध्यस्थता करने के तरीकों को तलाशने के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित की है। समिति ने मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

## दरअसल




# महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, चिंताजनक और शर्मनाक : नायडू

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

उपराष्ट्रपति वेकैंया नायडू ने महिलाओं व लड़कियों के खिलाफ हालिया अत्याचारों को 'चिंताजनक' और 'शर्मनाक' बताते हुए सोमवार को कहा कि समस्या से निपटने के लिए सिर्फ विधेयक ले आना काफी नहीं है, सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है।

नायडू ने कहा कि लड़कियां जब बाहर जाती हैं तो आमतौर पर उन्हें सतर्क रहने के लिए कहा जाता है लेकिन वक्त आ गया है कि लड़कों को चेताया जाए। फिक्की की ओर से यहां आयोजित सम्मेलन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि हाल में सामाजिक भेदभाव या लैंगिंग भेदभाव या लड़कियों के खिलाफ अत्याचारों की घटनाएं सच में चिंताजनक हैं। हमें मामले को प्रभावी तरीके से निपटना होगा, कानून लाना काफी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं अक्सर कहता हूं कि हमारे देश में, हमारी व्यवस्था में कमजोरी है कि जब भी कुछ होता है लोग कहते हैं विधेयक लाओ।' नायडू ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक कौशल की जरूरत है।

# तीन देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का प्रावधान

**पेज 1 का बाकी**

देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह विधेयक कहीं से भी असंवैधानिक नहीं है और संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन नहीं करता। अगर इस देश का विभाजन धर्म के आधार पर नहीं होता तो मुझे विधेयक लाने की जरूरत ही नहीं पड़ती।' उन्होंने कहा कि नेहरू-लियाकत समझौता काल्पनिक था और विफल हो गया और इसलिए विधेयक लाना पड़ा। शाह ने कहा कि देश में एनआरसी आकर रहेगा और जब एनआरसी आएगा तब देश में एक भी घुसपैठिया बच नहीं पाएगा। किसी भी रोहिंग्या को कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए देश में किसी धर्म के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।

यह सरकार सभी को सम्मान और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक मोदी प्रधानमंत्री हैं, संविधान ही सरकार का धर्म है। विधेयक पारित होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल समेत भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विभिन्न सदस्यों ने गृह मंत्री अमित शाह के पास जाकर उन्हें बधाई दी।

इससे पहले अमित शाह ने जवाब में कहा कि साल 1947 में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की आबादी 23 फीसद थी। साल 2011 में 23 फीसद से कम होकर 3.7 फीसद हो गई। बांग्लादेश में 1947 में अल्पसंख्यकों की आबादी 22 फीसद थी जो 2011 में कम होकर 7.8 फीसद हो गई। भारत में 1951 में 84 फीसद हिंदू थे जो 2011 में कम होकर 79 फीसद रह गए, वहीं मुसलमान 1951 में 9.8 फीसद थे जो 2011 में 14.8 फीसद हो गए। उन्होंने कहा कि इसलिए यह कहना गलत है कि भारत में धर्म के आधार पर भेदभाव हो रहा है। धर्म के आधार पर भेदभाव न हो रहा है और न आगे होगा।

शाह ने कहा कि यह विधेयक किसी धर्म के खिलाफ भेदभाव वाला नहीं है और तीन देशों के अंदर प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के लिए है जो घुसपैठिए नहीं, शरणार्थी हैं। उन्होंने यह भी कहा, 'मैं दोहराना चाहता हूं कि देश में किसी शरणार्थी नीति की जरूरत नहीं है। भारत में शरणार्थियों के संरक्षण के लिए पर्याप्त कानून हैं।' उन्होंने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने द्विराष्ट्र नीति की बात की लेकिन कांग्रेस ने उसे रोका नहीं। उसने धर्म के आधार पर देश का विभाजन स्वीकार किया था, यह ऐतिहासिक सत्य है।

गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों के दलों ने विधेयक का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सिक्किम को भी संरक्षण प्राप्त है और चिंता करने की जरूरत नहीं है। इससे पहले, विधेयक रखते हुए शाह ने कहा कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान ऐसे राष्ट्र हैं जहां राज्य का धर्म इस्लाम है। आजादी के बाद बंटवारे के कारण लोगों का एक दूसरे के यहां आना जाना हुआ। हमारे यहां तो अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान की गई लेकिन अन्य जगह ऐसा नहीं हुआ। हिंदुओं, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी और ईसाई लोगों को धार्मिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा। इस विधेयक के माध्यम से इन तीन देशों से आए छह धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने की बात कही गई है।

विधेयक के उद्देश्यों व कारणों में कहा गया है कि ऐसे अवैध प्रवासियों को जिन्होंने 31 दिसंबर, 2014 की निर्णायक तारीख तक भारत में प्रवेश कर लिया है, उन्हें अपनी नागरिकता संबंधी विषयों के लिए विशेष शासन व्यवस्था की जरूरत है। विधेयक में हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के प्रवासियों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से नहीं वंचित करने की बात कही गई है।

# सिद्धरमैया और गुंडू राव ने दिए इस्तीफे

**पेज 1 का बाकी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कांग्रेस विधायक दल के नेता (सीएलपी) पद से और दिनेश गुंडू राव ने पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

राज्य में पांच दिसंबर को 15 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ था। उपचुनाव के नतीजे सोमवार घोषित किए गए, जिसमें कांग्रेस केवल दो सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। इसे विपक्षी पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे एक पत्र में सिद्धरमैया ने उपचुनावों में संतोषजनक परिणाम नहीं दे पाने के लिए खेद व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'मुझे नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सीएलपी के नेता के रूप में पद छोड़ने की आवश्यकता लगती है।' सिद्धरमैया ने पत्रकारों से कहा, 'सीएलपी नेता के रूप में लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाए रखने की जरूरत है। पार्टी के हित में, मैंने सीएलपी नेता के पद से अपना इस्तीफा दे दिया है।'

उधर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुंडू राव ने भी उपचुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

# कर्नाटक उपचुनाव में भाजपा ने जीती 12 सीटें

**पेज 1 का बाकी**

तीन निर्वाचन क्षेत्रों- के आर पेटे, महालक्ष्मी लेआउट और होंसुर में जीत हासिल की थी। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव में भाजपा ने 15 में से 12 सीटों पर, कांग्रेस ने दो और निर्दलीय ने एक सीट पर जीत दर्ज की। होसकोटे से निर्दलीय उम्मीदवार शरथ बच्चेगौड़ा ने जीत हासिल की। जीत हासिल करने वाले भाजपा के 12 उम्मीदवारों में अरबैल शिवराम हेब्बार (येल्लापुर), नारायण गौड़ा (केआर पेटे), बीसी पाटिल (हीरेकेरूर), श्रीमंत पाटिल (कगवाड), महेश कुमथल्ली (अथानी), के सुधाकर (चिकबल्लापुर), के गोपालैया (महालक्ष्मी ले आउट), आनंद सिंह (विजयनगर), रमेश जारकिहोली (गोकक), अरुण कुमार गुद्दूर (राणेबेन्नूर), एसटी सोमशेखर (यशवंतपुर) और बेराठी बसवराज (केआर पुरम) हैं।

राज्य की 225 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए भाजपा को 15 सीटों में कम से कम छह सीटों पर जीत की जरूरत थी। दो सीटें - मास्की और आरके नगर अभी भी रिक्त हैं।

विधायकों को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने के बाद विधानसभा में इस समय 208 सदस्य हैं जिनमें भाजपा के पास 105 (एक निर्दलीय सहित), कांग्रेस के 66 और जद (एस) के 34 विधायक हैं। बसपा का भी एक विधायक है। इसके अलावा एक मनोनीत विधायक और विधानसभा अध्यक्ष हैं।

कांग्रेस और जद (एस) के 17 विधायकों की बगावत के बाद कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली सरकार जुलाई में गिर गई थी और इसके बाद भाजपा सत्ता में आई थी। बागी विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के कारण ये उपचुनाव कराया गया है।

# बक्सर जेल को मिला फांसी के 10 फंदे तैयार करने का आदेश

**पेज 1 का बाकी**

तक 10 फांसी के फंदे तैयार करने के निर्देश मिले। हमें नहीं पता कि ये कहां इस्तेमाल होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद हमला मामले में अफजल गुरु को मौत की सजा देने के लिए इस जेल में तैयार किए गए फांसी के फंदे का इस्तेमाल किया गया था। 2016-17 में हमें पटियाला जेल से आदेश मिले थे, हालांकि हम यह नहीं जानते कि किस उद्देश्य के लिए वे फंदे तैयार कराए गए थे। अरोड़ा ने कहा कि बक्सर जेल में लंबे समय से फांसी के फंदे बनाए जाते हैं। एक फांसी का फंदा 7200 कच्चे धागों से बनता है। उसे तैयार करने में दो से तीन दिन लगते हैं जिस पर पांच-छह कैदी काम करते हैं। इसकी लट तैयार करने में मोटर चालित मशीन का भी उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछली बार जब यहां से फांसी के फंदे की आपूर्ति की गई थी, तो एक की कीमत 1725 रुपए रही थी। इस बार 10 फांसी के फंदे तैयार करने के जो निर्देश मिले हैं, उसमें पीतल के बुश, जोकि गर्दन में फंसते हैं, की कीमत में हुए इजाफे के कारण फांसी के फंदे की कीमत में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।

मीडिया के एक वर्ग द्वारा यह कयास लगाया जा रहा है कि 16 दिसंबर, 2012 को दिल्ली में चलती बस में एक युवती से बलात्कार के चार दोषियों को इस महीने के अंत में फांसी दी जा सकती है। संयोग से निर्भया मामले के दोषियों में से एक अक्षय ठाकुर बिहार के औरंगाबाद जिले का निवासी है। हैदराबाद में एक महिला के बलात्कार और उसकी हत्या के चार आरोपियों की पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद निर्भया मामले के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी दिए जाने की मांग ने और जोर पकड़ लिया है।

# याचिकाओं पर आज से होगी सुनवाई

**पेज 1 का बाकी**

सूर्य कांत भी शामिल हैं। पीठ ने 14 नवंबर को याचिकाओं पर कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार करते हुए कहा था कि इससे मामलों में देरी हो सकती है और न्यायालय सभी पक्षों को सुनने के बाद एक ही बार में सभी मुद्दे सुलझाएगा। न्यायमूर्ति एनवी रमण की अध्यक्षता वाले एक पीठ ने सोमवार को सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन को मामले पर तैयारी के साथ आने को कहा था। पीठ ने पक्षकारों से दस्तावेजों का साझा संकलन तैयार करने को कहा था जिससे इस मामले में सुनवाई आसान हो जाए।

मेहता ने कहा कि प्रतिवेदन के लिए हालांकि साझा संकलन तैयार है लेकिन सुनवाई के दौरान कोई नई सामग्री आती है तब इसे आगे के चरणों में दायर किया जाएगा। इससे पहले शीर्ष अदालत ने केंद्र से दो नई याचिकाओं पर जवाब देने को कहा था जिनमें अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को रद्द किए जाने संबंधित मुद्दे उठाए गए थे।

अदालत ने पूर्व में अनुच्छेद 370 को रद्द किए जाने को चुनौती देने वाली नई रिट



याचिका दायर करने पर सावधिक प्रतिबंध (एम्बार्गो) लगाते हुए कहा था कि वह सिर्फ इन दो याचिकाओं को सुनेगा क्योंकि इनमें कुछ महत्त्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं। इन दो नई याचिकाओं के अलावा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कई दूसरी संबंधित याचिकाएं लंबित हैं।

केंद्र सरकार ने पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित क्षेत्रों में विभाजित करने की घोषणा की थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरफ से याचिका लोकसभा सांसद मोहम्मद अकबर लोन और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हसनैन मसूदी ने दायर की है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त)मसूदी ने 2015 में कहा था कि अनुच्छेद 370 संविधान का एक स्थायी प्रावधान है।

**नई दिल्ली**

www.readwhere.com

# 21 शहरों में जलसंकट जैसी कोई बात नहीं : केंद्र सरकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि 21 शहरों में पानी की उपलब्धता भूमिगत जल स्रोतों के अलावा अन्य स्रोतों पर आधारित होने के कारण जलसंकट को लेकर चिंता की बात नहीं है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक इन शहरों में 2020 तक भूजल खत्म होने की आशंका जताई गई है।

जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राज्यसभा में पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि नीति आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची में 2020 तक जिन शहरों में भूजल समाप्त होने के खतरे की आशंका जताई गई है उनमें दिल्ली, गुरुग्राम, गांधीनगर, यमुनानगर, बंगलुरु, इंदौर, रतलाम, अमृतसर, लुधियाना, जलंधर, मोहाली, पटियाला, अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर चेन्नई, वेल्लोर, हैदराबाद, आगरा और गाजियाबाद हैं।

शेखावत ने बताया कि इन 21 शहरों में से 15 शहर ऐसे हैं जिनमें पानी की उपलब्धता भूजल और बांध या नदी आदि सतही जलस्रोत पर निर्भर है। सूची में दोहरे जलस्रोत पर पानी की निर्भरता वाले 15 शहरों के अलावा शेष छह में से पांच शहर ऐसे हैं जिनमें पानी की निर्भरता दोहरे जलस्रोत पर आधारित नहीं है। इन छह शहरों में से पांच शहर पंजाब के है जिनमें नहरों का व्यवस्थित तंत्र मौजूद है। इसलिए इन शहरों में जलसंकट को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि देश के 256 जिलों के 1500 ब्लॉक को जलस्रोतों के जरूरत से ज्यादा दोहन या अन्य कारणों से जलसंकट के लिहाज से गंभीर श्रेणी में रखा गया है। शेखावत ने कहा कि इन जिलों में भूजल को बढ़ाने करने के लिए जलशक्ति अभियान शुरू किया गया है।

**अगले शैक्षिक सत्र से सैनिक स्कूलों में हो सकेंगे बालिकाओं के दाखिले**

केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों में बालिकाओं को भी शिक्षा सुविधा दिए जाने संबंधी प्रायोगिक परियोजना पूरी होने के बाद पांच सैनिक स्कूलों में अगले शैक्षिक सत्र 2020-21 से बालिकाओं के दाखिले को मंजूरी दे दी है। इसके बाद देश के सभी सैनिक स्कूलों में बालिकाओं के दाखिले हो सकेंगे। रक्षा राज्यमंत्री श्रीपद यशो नायक ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि सरकार ने देश के सभी 31 सैनिक स्कूलों में बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था के लिए समयबद्ध कार्ययोजना लागू की जाएगी। सरकार ने इन स्कूलों में बालिकाओं के दाखिले को मंजूरी देने का फैसला किया है।

# लोकसभा ने आयुध संशोधन विधेयक 2019 को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

लोकसभा ने सोमवार को आयुध संशोधन विधेयक 2019 को मंजूरी दे दी। इसमें नए अपराधों को परिभाषित करने और अवैध हथियारों के निर्माण, विक्रय, आयात-निर्यात से जुड़े अपराधों में दंड में वृद्धि करने का प्रावधान किया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, '1959 के अधिनियम में कई विसंगतियां थीं और इस विधेयक के माध्यम से उनको दूर किया जा रहा है। इसमें विसंगतियों को खत्म किया जा रहा है और खिलाड़ियों को रियायतें दी जा रही हैं।' उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए हथियारों में कोई कटौती नहीं की गई है। पूर्व सैनिकों के हितों को भी ध्यान में रखा गया है क्योंकि वे जिम्मेदार नागरिक हैं। पहले के कानून में अवैध हथियार रखने और बनाने वालों दोनों के लिए समान सजा का प्रावधान था और छोटे और बड़े हथियारों को लेकर भेद नहीं किया गया था।

शाह ने कहा कि गैरकानूनी हथियारों को बेचने और तस्करी करने वालों को आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। इसमें किसी को आपत्ति नहीं हो सकती है पुलिस से शस्त्र छीनने वाले और चुराने वालों के लिये भी सख्त कानून का प्रावधान किया गया है। प्रतिबंधित गोला-बारूद रखने वालों को सात से 14 वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि त्योहारों, शादी विवाह के मौकों पर फायरिंग करने वालों को अब जेल जाना पड़ेगा। साल 2016 में 169 लोगों की ऐसी हर्ष फायरिंग की घटनाओं में जान गई थी। शस्त्र व गोला बारूद का विषय प्रारंभ से ही संघ सूची में है। इसके तहत राज्य अपनी सीमा में लाइसेंस जारी कर सकते हैं।

मंत्री के जवाब के बाद सदन ने कुछ सदस्यों की ओर से पेश संशोधनों को अस्वीकार करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। कांग्रेस की परनीत कौर ने कहा कि अवैध हथियारों पर रोक लगाने और जरूरतमंद लोगों को हथियारों के लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था हो। एक लाइसेंस पर तीन हथियार रखने की व्यवस्था को बरकरार रखा जाए। द्रमुक के ए. राजा ने कहा कि अवैध हथियारों पर रोक लगाने के साथ ही सुरक्षाबलों के हथियारों का तय सीमा से अधिक उपयोग करने पर रोक लगाई जाए। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लाइसेंस जारी करने के क्या मापदंड होंगे और लाइसेंस किनको मिलना चाहिए। शिवसेना के अरविंद सावंत ने कहा कि विधेयक का कारण व उद्देश्य ठीक है लेकिन देखना चाहिए कि इसमें राज्यों के अधिकारों को तो नहीं छीना जा रहा।


**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

शाखाः सेक्टर-63, नोएडा; सर्किल कार्यालय : नोएडा (उ.प्र.)

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति/चल सम्पत्ति हेतु)**

वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन (प्रतिभूति) हित अधिनियम, 2002 के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13(4) एवं 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधिकृत प्राधिकारी ने कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए नीचे तालिका में उल्लिखित तिथियों पर माँग सूचना निर्गत की थी।

ऋणकर्ताओं तथा जमानतियों द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण निम्नलिखित ऋणकर्ताओं तथा जमानतियों एवं जनसामान्य को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया है।

व्यक्तिगत रूप से ऋणकर्ताओं तथा जमानती को एवं जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का लेन-देन राशियों तथा उस पर ब्याज के लिए पंजाब नेशनल बैंक के अभियोग का विषय होगा।

| ऋणकर्ता/जमानती के नाम | प्रतिभूत आस्ति(यों) का विवरण | भावी ब्याज तथा अतिरिक्त प्रभार सहित बकाया राशि | माँग सूचना की तिथि/भौतिक कब्जा करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| श्री मिकांशु जौलानिया तथा श्रीमती निशा जौलानिया (खाता सं. : 666200NC00010020), (खाता सं. : 666200NC00010206), (खाता सं. : 666200NC00010385) तथा (खाता सं. : 790009900000047) | आवासीय फ्लैट सं. वी-03, भूतल, एल्डेको ग्रीन्स मीडोज, पॉकेट सी, सेक्टर पीआई, ग्रेटर नोएडा | 06.07.2017 तक भावी ब्याज एवं पूर्ण भुगतान तक लागत सहित रु. 86,21,119.02 | 14.08.2017/ 06.12.2019 |

तिथिः 07.12.2019
स्थानः ग्रेटर नोएडा

अधिकृत प्राधिकारी


## अस्वस्थ पंकजा भाजपा की क्षेत्रीय बैठक में अनुपस्थित रहीं

औरंगाबाद, 9 दिसंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र भाजपा की नेता पंकजा मुंडे सोमवार को औरंगाबाद में पार्टी की क्षेत्रीय बैठक के दौरान अनुपस्थित रहीं। बताया जाता है कि 21 अक्तूबर को हुए विधानसभा चुनावों में हार के बाद से ही वह नाराज चल रही हैं।राज्य भाजपा के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटील ने कहा कि वह स्वस्थ महसूस नहीं कर रही थीं, जिस कारण पूर्व अनुमति से वह अनुपस्थित रहीं। पाटील ने संवाददाताओं से कहा, 'बैठक के लिए औरंगाबाद आने से पहले मैंने पंकजा मुंडे से बात की थी। वह बीमार हैं। बहरहाल, 12 दिसंबर की रैली के लिए तैयारियां चल रही हैं। पूर्व अनुमति से वह अनुपस्थित रहीं।' भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि वह दो दिनों बाद पंकजा के परली स्थित गृह नगर में उनसे मुलाकात करेंगे।

# हरियाणा के 15 आइएएस पर लोकायुक्त का शिकंजा, एसआइटी करेगी जांच

चंडीगढ़, 9 दिसंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा के एक दर्जन से अधिक आइएएस व अन्य विभागीय अधिकारी लोकायुक्त के निशाने पर हैं। गुरुग्राम की निजी आवासीय कालोनी को लाइसेंस दिए जाने के मामले में लोकायुक्त ने साल 1991 से लेकर अब तक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में रहे निदेशकों समेत कई अधिकारियों के विरुद्ध एसआइटी बनाकर जांच करवाने के आदेश दिए हैं।

आरोप है कि बिल्डर ने अधिकारियों की मिलीभगत से इस घोटाले को अंजाम दिया है। लोकायुक्त ने हरियाणा सरकार को एक जज के नेतृत्व में एसआइटी बनाने का आदेश दिया है। लोकायुक्त के निशाने पर जो अधिकारी आए हैं, उनमें 15 आइएएस के अलावा चीफ टाउन प्लानर, सीनियर टाउन प्लानर और डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर हैं। साल 2011 में मालिबू टाउन निवासी रमन शर्मा ने लोकायुक्त में याचिका दायर की थी। इसमें आरोप लगाया था कि बिल्डर और अधिकारियों की मिलीभगत से 204 एकड़ की इस कॉलोनी के रेजिडेंट्स बेहद परेशान हैं। शिकायत करने पर अधिकारियों की तरफ से बिल्डर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि इस मिलीभगत से हरियाणा सरकार को हजारों करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

करीब 204 एकड़ की इस कालोनी की अभी तक पर्यावरण मंजूरी नहीं ली गई है। ग्रीन बेल्ट में बीएसएनएल एक्सचेंज और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बना हुआ है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि प्लॉट वाली इस कॉलोनी में बिल्डर ने प्लॉट्स को फ्लोर के आधार पर बेच दिया। शिकायत पर पॉलिसी बनी। इसके मुताबिक बिल्डर को 1000 रुपए प्रति वर्ग फुट फीस जमा करवानी थी, जो भी जमा नहीं हुई। किसी अधिकारी ने इस रिकवरी की तरफ ध्यान नहीं दिया। आरोप के मुताबिक बिल्डर ने इस कालोनी में बिना पानी और सीवर कनेक्शन के साल 1999 में बायर्स को कब्जा देना शुरू कर दिया था। आरोप लगाया कि बिल्डर ने ज्यादातर सामुदायिक इमारतों को बेच डाला है। सामुदायिक केंद्र नहीं बनाए गए हैं।

नियमानुसार 45 फीसद ओपन स्पेस नहीं है। जमीन की हेराफेरी भी हुई है। बिजली सब स्टेशन नहीं बना है। शर्मा ने इस मामले को जांच इंफोर्समेंट डायरेक्ट्रेट को सौंपने का आग्रह किया है। साल 1991 से लेकर अब तक टीसीपी डिपार्टमेंट के निदेशक 15 आइएएस रहे हैं। अब लोकायुक्त की सिफारिश पर कार्रवाई के लिए गेंद हरियाणा सरकार के पाले में है।


**कार्पोरेशन बैंक**

आंचलिक कार्यालय, आर.पी.जी. टॉवर, 495/1, मगंल पाडें नगर, मेरठ-250001

**कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति के लिए) [Rule - 8(1)]

यद्यपि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुर्नसंरचना तथा प्रतिभूति ब्याज का प्रभावीकरण अधिनियम 2002 के अन्तर्गत तथा प्रतिभूति ब्याज (प्रभावीकरण) नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 (02) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **कार्पोरेशन बैंक** अधोहस्ताक्षरी ने विभिन्न बकायेदार ऋणियों एवं गारन्टरों को नोटिस मे वर्णित राशि, नोटिस प्राप्ति के 60 (साठ) दिनों के अन्दर अदा करने हेतु मांग नोटिस जारी की थी। ऋणियों एवं गारन्टरों के द्वारा इस राशि की अदायगी में विफल रहने पर एतदद्वारा आम जनता को एवं ऋणी व गारन्टरों को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित सम्पत्तियां का अधिपत्य उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (4) एवं नियमों के उपनियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा उनके सम्मुख अंकित तिथि को कर लिया है। एतदद्वारा ऋणियों/गारन्टरों को विशेषतः और जन साधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर लिया गया है अतः इस सम्बन्ध मे किसी प्रकार का कोई सौदा/व्यवहार बैंक के अतिरिक्त अन्य किसी से न करें एवं ऐसा कोई भी सौदा/व्यवहार **कार्पोरेशन बैंक** की देय राशि व सम्बन्धित ब्याज हेतु जैसा कि नीचे खाते के सम्मुख उल्लेखित किया गया है के अध्याधीन होगा।

| शाखा का नाम | ऋणी और जमानती के नाम | कब्जा नोटिस की तारीख | मांग नोटिस की तारीख | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| सहारनपुर | ऋणकर्ता -1. श्रीमती रचना रानी पत्नी श्री राज कुमार निवासी ग्राम नाथ रामपुर ब्लॉक सरसावा जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश पिन कोड- 247001<br>गारंटर: -2. श्रीमती उर्मिला पत्नी श्री राज कुमार निवास ग्राम नाथ रामपुर ब्लॉक सरसावा जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश पिन कोड- 247001 | 04.12.2019 | 16.01.2018 | रूपये 8,36,477.00 (रुपये आठ लाख छत्तीस हजार चार सौ सतहत्तर केवल) + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

बंधक रखी गयी सम्पत्ति का विवरण-शेड्यूल -ए जॉइंट फॉर्म खुला प्लॉट का क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर खा. नं. 67 (0.020 हेक्ट) यानी 8 बिस्वा खाम स्थित ग्राम नाथ रामपुर ब्लॉक सरसावा जिला सहारनपुर सीमायें-पूर्व- श्री जोगेंद्र कुमार की संपत्ति, पश्चिम- श्री जोगेंद्र कुमार की संपत्ति, उत्तर- श्री विनोद कुमार की संपत्ति, दक्षिण-चक मार्ग।

दिनांक - 06.12.2019 स्थान- सहारनपुर प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेशन बैंक


# फिर विवादों में घिरे पूर्व आइएएस सरो

चंडीगढ़, 9 दिसंबर (जनसत्ता)।

पानीपत के सेक्टर-11 में करोड़ों रुपए की भूमि पर अवैध कब्जे हटवाने में लापरवाही का दोषी पाते हुए लोकायुक्त जस्टिस एनके अग्रवाल ने सरकार को पानीपत के तत्कालीन उपायुक्त समीर पाल सरो, तत्कालीन मुख्य प्रशासक, एचएसवीपी, प्रशासक रोहतक, पानीपत के एस्टेट ऑफिसर विकास ढांडा व दीपक घनघस के विरूद्ध विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई करने की सिफारिश की है। लोकायुक्त ने सरकार से की गई कार्रवाई के बारे में तीन महीने में रिपोर्ट भी तलब की है।

आरटीआइ कार्यकर्ता पीपी कपूर ने लोकायुक्त को 4 जुलाई 2016 को एक शिकायत में कहा था कि सेक्टर-11 में गरीबों के लिए आरक्षित 15 आवासीय प्लाटों पर हैदराबादी श्मशान भूमि समिति के दंबगों ने जबरन कब्जा करके 22 शोरूम बना दिए हैं। शिकायत होने पर एचएसवीपी के एस्टेट आफिसर ने 3 फरवरी व 22 जुलाई 2016 को तत्कालीन डीसी समीर पाल सरो से इन अवैध कब्जों को गिराने के लिए पुलिस फोर्स देने के लिए पत्र लिखे थे। परंतु तत्कालीन डीसी सरो ने राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस फोर्स की अनुमति नहीं दी।

लोकायुक्त ने रिपोर्ट में कहा है कि यह हैरानी की बात है कि एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक ने इन अवैध कब्जों को गिराने व प्रशासक एचएसवीपी रोहतक सहित सभी दोषी अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने के बजाए प्रशासक एचएसवीपी रोहतक की अध्यक्षता में चीफ टाउन प्लानर व सुपरिंटेंडेंट (अर्बन ब्रांच) एचएसवीपी पंचकूला की एक कमेटी गठित कर दी। इस उच्चस्तरीय कमेटी ने अपनी 5 जुलाई 2018 की रिपोर्ट में एडमिनिस्ट्रेटर रोहतक को 2 दिन में हैदराबादी श्मशान भूमि ट्रस्ट को यह भूमि अलॉट करने बारे प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। लोकायुक्त रजिस्ट्रार एमएस सुल्लर ने अपनी 9 जनवरी 2019 की जांच रिपोर्ट में एचएसवीपी के इन सभी अधिकारियों की अवैध कब्जाधारियों से मिलीभगत होना पाया था।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाईट, मेसर्स मुथूट फाईनान्स लि. **(GSTIN 32AABCT0343B1Z7)**, पंजीकृत कार्यालयः तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि - 682018, केरल, भारत, **CIN: L65910KL1997PLC011300**, दूरभाष: **+91 484-2396478, 2394712**, फैक्स: **+91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com** ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों **(30.09.2018** की अवधि तक **NPA** खातों) की निम्नलिखित विवरणों के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते है।

**नीलामी की तिथि: 16.12.2019**

**Delhi-Laxmi Nagar:** MHL-369, 448, 467, 506, 510, 515, MPL-271, MSL-39231, 39262, MUL-1477, 1533, 1701, 1765, 1785, 1786, 1826, 2011, 2130, 2181, 2200, 2211, 2257, 2261, 2264, 2287, 2299, 2306, 2318, 2326, 2333, 2342, 2343, 2348, 2362, 2369, 2370, 2371, 2406, 2412, 2426, 2427, 2438, 2473, 2490, 2502, 2522, 2524, 2527, 2549, 2595, 2596, 2617, 2634, 2636, 2650, 2686, 2700, 2704, 2724, 2730, 2748, 2751, 2778, 2786, 2787, 2794, 2800, 2809, 2821, 2825, 2834, 2838, 2903, 2913, 2935, 2957, 2958, 3083, 3088, 3089, 3094, 3103, 3105, 3117, 3118, 3199, 3282, 3293, 3341, 3343, 3430, **Chanderlok Shahdara:** EPL-64, MAL-1627, MHP-9, MPL-71, MSL-26047, 26968, 28559, 28629, 29414, 29443, 29458, 29478, 29670, 29713, 29721, 29722, 29749, MUL-1656, 1676, 1677, 1706, 1749, 1754, 1781, 1790, 1804, 1813, 1832, 1833, 1844, 1848, 1858, 1864, 1867, 1916, 1935, 1943, 1948, 1969, 1983, 1986, 1992, 1998, 1999, 2012, 2017, 2018, 2019, 2021, 2026, 2062, 2069, 2081, 2083, 2087, 2088, 2090, 2092, 2098, 2116, 2118, 2122, 2132, 2133, 2139, 2159, 2174, 2183, 2193, 2209, 2220, 2228, 2230, 2231, 2236, 2239, 2251, 2272, 2273, 2283, 2300, 2304, 2309, 2312, 2316, 2317, 2319, 2332, 2335, 2336, 2337, 2341, 2351, MWS-2, 16, 25, 34, 47, 69, 76, 77, 85, 89, 93, 101, 115, 134, 137, 140, 167, 211, 213, 228, 245, 250, 275, 279, 286, 288, 307, 327, 341, 348, 366, 376, 393, 394, 406, 407, 417, 429, 456, 468, 480, 489, 498, 528, 532, 566, 572, 598, 601, 617, 623, 633, 634, 635, 665, 673, 681, 698, 708, 714, 715, 716, 746, 751, 752, 764, 766, 768, 802, 824, 830, 832, 837, 839, 846, 847, 854, 891, 914, 916, 938, 955, 959, 960, 969, 987, 996, 1016, 1018, 1045, 1059, 1080, 1100, 1108, 1186, 1191, 1194, 1211, 1222, 1242, 1265, 1267, 1273, 1275, 1280, 1286, 1291, 1329, 1348, 1355, 1362, 1369, 1387, 1394, 1395, 1412, 1419, 1446, 1448, 1468, 1481, 1482, 1502, 1514, 1528, 1531, 1537, 1543, 1556, 1571, 1572, 1589, 1608, 1611, 1612, 1613, 1633, 1637, 1639, 1647, 1659, 1705, 1712, 1718, 1723, 1724, 1739, 1778, 1783, 1806, 1807, 1809, 1821, 1872, 1892, 1899, 1911, 1917, 1927, 1965, 1972, 1975, 1976, 1981, 1985, 1986, 2008, 2010, 2074, 2146, 2166, 2167, 2184, 2206, 2240, 2244, 2272, 2299, 2318, 2325, 2335, 2342, 2367, 2375, 2387, 2395, 2418, 2424, 2428, 2460, 2465, 2470, 2475, 2478, 2479, 2482, 2494, 2521, 2529, 2533, 2535, 2556, 2573, 2576, 2591, 2597, 2609, 2651, 2659, 2675, 2678, 2684, 2699, 2704, 2726, 2730, 2812, 2856, 2867, 2871, 2875, 2896, 2921, 2943, 2980, 3104, 3149, 3168, 3200, 3211, 3427, 3449, **Bhajanpura:** MAL-2525, 2714, 2928, 3274, 3287, 3527, 3561, MSL-44670, 45062, 45223, 45375, 45393, 45406, 45464, 45465, 45531, 45578, MUL-902, 950, 1611, 2204, 2269, 2460, 2664, 2668, 2745, 2775, 2788, 2794, 2795, 2801, 2811, 2822, 2832, 2857, 2882, 2890, 2933, 2934, 2943, 2961, 2996, 2999, 3003, 3004, 3012, 3013, 3026, 3033, 3066, 3091, 3093, 3100, 3125, 3130, 3148, 3149, 3152, 3160, 3162, 3167, 3168, 3179, 3192, 3198, 3208, 3213, 3229, 3230, 3242, 3262, 3264, 3280, 3298, 3300, 3315, 3317, 3329, 3334, 3343, 3345, 3354, 3368, 3370, 3372, 3417, 3425, 3438, 3448, 3454, 3458, 3495, 3535, 3558, 3567, 3569, 3580, 3595, 3634, 3653, 3654, 3655, 3674, 3680, 3689, 3707, 3733, 3749, 3751, 3753, 3758, 3759, 3792, 3795, 3811, 3829, 3831, 3833, 3846, 3873, 3896, 3902, 3905, 3910, 3916, 3917, 3922, 3932, 3942, 3953, 3967, 3994, 3997, 4003, 4006, 4015, 4025, 4112, MWS-69, 91, 97, 112, 118, 142, 150, 151, 152, 153, 159, 161, 167, 177, 191, 199, 215, 267, 268, 272, 279, 285, 293, 316, 327, 339, 353, 387, 388, 389, 392, 401, 418, 423, 428, 433, 442, 448, 451, 482, 503, 532, 564, 570, 587, 598, 600, 613, 614, 625, 632, 637, 638, 642, 651, 666, 672, 679, 681, 702, 704, 716, 720, 767, 784, 793, 797, 816, 832, 845, 847, 848, 850, 854, 859, 862, 869, 872, 887, 897, 961, 966, 974, 993, 1006, 1024, 1025, 1027, 1032, 1051, 1060, 1064, 1066, 1069, 1098, 1116, 1128, 1132, 1139, 1140, 1144, 1152, 1154, 1161, 1192, 1208, 1209, 1212, 1213, 1215, 1226, 1243, 1251, 1268, 1269, 1275, 1287, 1298, 1299, 1300, 1301, 1321, 1339, 1351, 1373, 1377, 1392, 1393, 1414, 1423, 1435, 1442, 1474, 1477, 1483, 1496, 1502, 1509, 1526, 1537, 1553, 1577, 1586, 1603, 1610, 1631, 1633, 1643, 1652, 1659, 1701, 1720, 1723, 1732, 1759, 1767, 1768, 1795, 1804, 1807, 1826, 1835, 1847, 1854, 1875, 1892, 1893, 1894, 1911, 1917, 1922, 1949, 1982, 1991, 1996, 2031, 2051, 2052, 2054, 2083, 2086, 2103, 2110, 2141, 2142, 2148, 2157, 2163, 2164, 2169, 2176, 2179, 2182, 2214, 2216, 2217, 2225, 2227, 2230, 2235, 2268, 2276, 2277, 2279, 2280, 2304, 2308, 2316, 2334, 2357, 2368, 2373, 2387, 2389, 2390, 2394, 2424, 2426, 2443, 2445, 2481, 2534, 2556, 2567, 2574, 2586, 2587, 2592, 2596, 2605, 2606, 2608, 2619, 2620, 2623, 2627, 2663, 2689, 2706, 2733, 2745, 2746, 2778, 2793, 2797, 2823, 2832, 2836, 2849, 2869, 2870, 2872, 2883, 2887, 2902, 2909, 2925, 2930, 2948, 2954, 2976, 2994, 2995, 3021, 3071, 3076, 3089, 3100, 3111, 3115, 3143, 3155, 3183, 3190, 3209, 3236, 3247, 3249, 3291, 3294, 3301, 3316, 3444, 3514, 3530, 3618, 3655, 3824, 3834, 3901, 4000, 4067, **Karol Bagh:** MAL-1081, 1195, MGL-1653, MHP-5, MSL-32805, 32816, 32833, 32835, 32855, 32869, 32922, MUL-313, 341, 668, 698, 699, 827, 849, 876, 877, 893, 924, 980, 991, 1044, 1082, 1141, 1158, 1197, 1233, 1302, 1335, 1352, 1361, 1385, 1392, 1401, 1405, 1511, 1514, 1572, 1573, 1574, 1612, 1614, 1623, 1679, 1694, 1714, 1715, 1784, 1829, 1832, 1842, 1851, 1856, 1866, 1876, 1878, 1881, 1908, 1925, 1945, 1961, 1972, 2007, 2011, 2019, 2020, 2033, 2119, 2204, 2205, 2262, MWS-21, 25, 52, **Daryaganj:** MHP-18, MUL-1377, 1491, 1626, 1635, 1672, 1749, 1754, 1839, 1937, 1954, 2009, 2102, 2216, 2227, 2237, 2240, 2243, 2297, 2321, 2343, 2346, 2371, 2384, 2385, 2398, 2453, 2459, 2466, 2475, 2483, 2555, 2567, 2571, 2587, 2601, 2604, 2615, 2623, 2638, 2660, 2665, 2673, 2690, 2693, 2695, 2699, 2708, 2722, 2726, 2732, 2738, 2755, 2757, 2783, 2802, 2807, 2816, 2821, 2822, 2832, 2837, 2852, 2877, 2905, 2910, 2921, 2951, 2954, 2968, 2975, 2993, 3020, 3057, 3065, 3066, 3121, 3160, 3188, 3191, 3202, 3209, 3222, 3227, 3229, 3241, 3246, 3271, 3280, 3356, 3374, 3375, 3378, 3408, 3596, **Hauz Khas:** MHP-110, MSL-65591, 65617, 65675, 65701, 65751, MUL-1816, 1871, 2088, 2109, 2118, 2156, 2293, 2299, 2380, 2419, 2420, 2693, 2737, 2756, 2769, 2778, 2785, 2854, 2858, 2864, 2884, 2896, 2944, 2945, 2967, 2999, 3003, 3017, 3037, 3038, 3041, 3101, 3108, 3119, 3120, 3175, 3184, 3250, 3279, 3283, 3311, 3334, 3366, 3368, 3369, 3372, 3377, 3407, 3428, 3451, 3452, 3470, 3481, 3492, 3495, 3603, 3653, 3727, 3794, 3834, 3857, 3858, 3994, 4305, **Pul Pehladpur:** MAL-2099, MSL-15498, 15499, 15521, 15579, 15629, 15668, 15697, 15733, 15798, 15809, 15831, 15834, MUL-1160, 1268, 1939, 1976, 1981, 2063, 2070, 2073, 2074, 2097, 2118, 2124, 2127, 2131, 2206, 2233, 2253, 2269, 2277, 2304, 2306, 2350, 2362, 2365, 2388, 2402, 2407, 2411, 2421, 2425, 2465, 2467, 2473, 2486, 2487, 2493, 2507, 2509, 2514, 2526, 2540, 2556, 2562, 2579, 2586, 2641, 2647, 2665, 2675, 2681, 2716, 2717, 2733, 2734, 2744, 2752, 2753, 2765, 2773, 2776, 2790, 2810, 2827, 2855, 2882, 2902, 2932, 2988, 3004, 3045, 3082, 3096, 3100, 3109, 3147, 3182, 3250, 3252, 3289, 3374, 3488, 3501, 3508, 3575, **Mayapuri:** MAL-921, 1060, MHP-13, MUL-705, 749, 768, 832, 917, 924, 928, 989, 1004, 1011, 1012, 1025, 1030, 1031, 1052, 1069, 1127, 1151, 1163, 1184, 1185, 1186, 1187, 1188, 1190, 1201, 1202, 1213, 1217, 1219, 1226, 1227, 1238, 1243, 1254, 1262, 1266, 1277, 1278, 1279, 1285, 1298, 1305, 1323, 1331, 1339, 1349, 1377, 1407, 1408, 1410, 1460, 1461, 1484, 1502, 1503, 1511, 1525, 1538, 1545, 1606, 1627, 1633, 1687, 1713, 1774, 1819, 1872, 1873, 1921, 1936, **Hastsaal:** MAL-1176, 1294, 1396, 1477, MHP-7, MSL-12084, 12233, 12245, 12253, 12259, 12319, 12363, 12485, 12707, 12815, 12817, 12818, 12822, 12839, 12858, 12866, 12869, 12877, 12885, 12944, 12952, MUL-25, 231, 408, 456, 742, 890, 899, 1093, 1151, 1164, 1190, 1234, 1382, 1383, 1470, 1592, 1620, 1654, 1659, 1664, 1682, 1693, 1699, 1705, 1725, 1758, 1768, 1779, 1787, 1804, 1827, 1848, 1867, 1873, 1882, 1884, 1888, 1894, 1915, 1928, 1948, 1970, 1974, 1976, 1978, 2012, 2013, 2031, 2044, 2050, 2064, 2090, 2106, 2111, 2138, 2147, 2150, 2169, 2190, 2199, 2237, 2265, 2282, 2298, 2308, 2345, 2348, 2369, 2379, 2429, 2461, 2490, 2491, 2492, 2496, 2514, 2525, 2530, 2537, 2604, 2607, 2610, 2611, 2614, 2618, 2645, 2671, 2684, 2685, 2707, 2720, 2722, 2732, 2743, 2756, 2766, 2779, 2816, 2821, 2823, 2829, 2850, 2851, 2858, 2859, 2884, 2900, 2909, 2923, 2939, 2940, 2950, 2958, 2970, 3049, 3077, 3078, 3102, 3111, 3114, 3118, 3122, 3128, 3129, 3165, 3169, 3222, 3258, 3266, 3277, 3290, 3316, 3323, 3328, 3345, 3358, 3361, 3364, 3374, 3378, 3394, 3403, 3410, 3412, 3414, 3416, 3422, 3445, 3447, 3453, 3457, 3483, 3502, 3517, 3528, 3532, 3558, 3564, 3600, 3607, 3608, 3619, 3642, 3653, 3687, 3692, 3698, 3706, 3712, 3715, 3719, 3721, 3731, 3749, 3755, 3757, 3764, 3765, 3773, 3774, 3780, 3810, 3817, 3827, 3828, 3831, 3837, 3847, 3887, 3898, 3900, 3914, 3937, 3958, 3960, 3962, 3963, 3976, 3977, 3983, 3986, 3989, 3999, 4005, 4055, 4059, 4063, 4066, 4068, 4082, 4085, 4095, 4099, 4106, 4111, 4137, 4142, 4163, 4170, 4175, 4181, 4183, 4186, 4188, 4192, 4202, 4210, 4211, 4223, 4258, 4274, 4279, 4293, 4306, 4310, 4367, 4370, 4371, 4406, 4421, 4426, 4427, 4431, 4491, 4493, 4534, 4539, 4545, 4547, 4548, 4555, 4559, 4564, 4578, 4602, 4619, 4628, 4644, 4647, 4681, 4695, 4700, 4736, 4741, 4770, 4795, 4799, 4843, 4903, 4915, 4919, 4922, 4924, 4942, 4954, 4973, 4975, 4994, 5109, 5119, 5204, 5248, **Shalimar Bagh:** MAL-2166, 2307, MHL-563, MSL-50479, 50495, 50496, 50497, 50504, 50505, MUL-1381, 1403, 1415, 1433, 1457, 1558, 1585, 1599, 1609, 1626, 1656, 1659, 1662, 1730, 1791, 1835, 1866, 1896, 1899, 1900, 1903, 1904, 1915, 1916, 1932, 1938, 1966, 1972, 1974, 1990, 2005, 2013, 2016, 2035, 2044, 2045, 2054, 2058, 2062, 2063, 2082, 2085, 2111, 2123, 2128, 2141, 2142, 2159, 2177, 2178, 2179, 2189, 2223, 2246, 2247, MWS-1, 58, 93, 96, 112, 167, 175, 183, 211, 218, 220, 225, 246, 279, 304, 315, 320, 334, 345, 376, 389, 409, 411, 455, 485, 486, 505, 542, 564, 576, 604, 611, 625, 641, 652, 688, 703, 716, 719, 723, 734, 746, 777, 819, 851, 853, 867, 896, 918, 936, 948, 974, 975, 1011, 1034, 1039, 1056, 1057, 1075, 1077, 1101, 1143, 1192, 1198, 1235, 1276, 1278, 1322, 1413, 1454, 1492

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी।

यह सूचित किया जाता है कि यदि गिरवी रखे गहने अधिसूचित तिथी में शाखा के अंदर पहली नीलामी में सफलतापूर्वक नीलाम नही होते है, तो यह नीलामी **21.12.2019** में श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लि. **(एसएएमआईएल)** के माध्यम से उनके ऑनलाइन नीलामी प्लेटफॉर्म https://gold.samil.in पर दोपहर 12.30 बजे से 03.30 बजे के दौरान होगी।

यदि **21.12.2019** में भी सफलतापूर्वक नीलाम नही होते है, तो अतिरिक्त सूचना दिए बिना पूर्वतन नियमों और शर्तों के साथ कथित ऑनलाइन नीलामी प्लेटफॉर्म पर 7 दिनों के अंदर गहने दोबारा नीलाम किए जाएंगे। इस संबंध में इसके बाद कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

नीलामी की जानकारी, नियमों और शर्तों और रजिस्ट्रेशन के लिए इच्छुक क्रेता संबंधित शाखा से संपर्क कर सकते हैं और/या नीलामी पोर्टल पर लॉग-इन कर सकते हैं।

**कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट, ए 59ए, पहली मंजिल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली - 110024**

नोटः ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट को बकाया राशि का भुगतान करके अपने गहनों की गिरवी छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464,7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।


## हैदराबाद : मुठभेड़ की जांच के लिए एसआइटी

हैदराबाद, 9 दिसंबर (भाषा)।

हैदराबाद में एक पशु चिकित्सक के बलात्कार और उसकी हत्या के चारों आरोपियों के मुठभेड़ में मारे जाने की जांच के लिए तेलंगाना सरकार ने एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। इस संबंध में रविवार को एक सरकारी आदेश जारी किया गया है।

सरकारी आदेश में कहा गया है कि चारों आरोपियों की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे तर्क और सच्चाई के साथ स्थापित करने की दृष्टि से इस मामले की लगातार और केंद्रित जांच की आवश्यकता है, जिसके लिए विशेष जांच दल गठित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि रचाकोंडा पुलिस आयुक्त महेश एम भगत के नेतृत्व वाले आठ सदस्यीय एसआइटी दल को 'मुठभेड़' के संबंध में दर्ज मामले की जांच अपने हाथ में लेनी चाहिए और इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार इससे संबंधित सभी दर्ज मामलों की जांच एसआइटी को सौंप दी जानी चाहिए। चेट्टनपल्ली में शुक्रवार सुबह सभी आरोपी पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारे गए थे। आरोपियों को घटना की जांच के संबंध में अपराध स्थल पर ले जाया गया था, जहां पुलिया के निकट 25 वर्षीय महिला पशु चिकित्सक का शव 28 नवंबर को मिला था।

## अग्निकांड के 43 मृतकों को राज्यसभा में दी श्रद्धांजलि

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 दिसंबर।

दिल्ली के एक कारखाने में भीषण आग लगने से जान गंवाने वाले 43 लोगों को राज्यसभा में सोमवार को श्रद्धांजलि दी गई। ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए समुचित कदम उठाने की मांग भी की गई। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि हादसे में न केवल 43 लोगों की जान चल गई बल्कि 20 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सदन में मौजूद सदस्यों ने मृतकों के सम्मान में कुछ पलों का मौन भी रखा।

शून्यकाल में भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्यों ने इस अग्निकांड का मुद्दा उठाने की अनुमति मांगी थी। आसन की अनुमति से भाजपा के विजय गोयल ने कहा कि दिल्ली में उपहार सिनेमा अग्निकांड हुआ और इसके बाद ओखला, नरेला, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर भी भीषण आग लगी। लेकिन इनसे कोई सबक नहीं सीखा गया। गोयल ने कहा कि हजारों की संख्या में अवैध इमारतों में कारखाने चल रहे हैं। वहां सुरक्षा के पूरे उपाय नहीं हैं।

# उत्तराखंड विधानसभा में हंगामे के बीच चारधाम श्राइन बोर्ड विधेयक पेश

### कांग्रेस सदस्यों ने जमकर किया हंगामा, सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई

देहरादून, 9 दिसंबर (भाषा)।

उत्तराखंड सरकार ने विपक्षी कांग्रेस के भारी हंगामे और शोर शराबे के बीच सोमवार राज्य विधानसभा में 'चारधाम श्राइन प्रबंधन विधेयक' पेश कर दिया।

हालांकि, प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और संसदीय कार्यमंत्री मदन कौशिक ने कहा कि विपक्ष और तीर्थ पुरोहित अपना मत रखें, सरकार उनसे बातचीत के लिए खुले मन से तैयार है। इससे पहले, इस विधेयक को वापस लेने की मांग पर अड़े कांग्रेस के सदस्यों ने विधानसभा में जमकर हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी और पूरा प्रश्नकाल उसकी भेंट चढ़ गया।

हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद्र अग्रवाल ने भोजनावकाश के बाद 45 मिनट में सोमवार के लिए निर्धारित कामकाज निपटाने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी। पूर्वाहन 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष इंदिरा ह्रदयेश की अगुवाई में कांग्रेस के सदस्य अपने स्थानों पर खड़े हो गए और सदन के सदस्यों को विश्वास में लिए बिना चुपचाप उत्तराखंड चारधाम श्राइन प्रबंधन विधेयक को पारित करवाने की राज्य सरकार की मंशा को लेकर सवाल खड़े करने लगे।

इंदिरा ने कहा, 'तीर्थ पुरोहितों को इस विधेयक पर आपत्ति है और हमें भी इसके प्रावधानों के बारे में अंधेरे में रखा गया है। जब हमने प्रस्तावित विधेयक की प्रति मांगी तो हमें बताया गया कि विधानसभा के पटल पर रखे जाने के बाद ही यह दस्तावेज हमें दिया जाएगा।' उन्होंने कहा कि सरकार इस विधेयक को वापस ले या सदन की स्थायी समिति के हवाले करे।

इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष अग्रवाल सदस्यों से अपने स्थानों पर बैठने को कहते रहे लेकिन कांग्रेस के सदस्य विधेयक वापसी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए उनके आसन के सामने आ गए। कुछ देर बाद कांग्रेस के सदस्य नारे लगाते हुए आसन के सामने ही धरने पर बैठ गए। अध्यक्ष अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही पहले साढ़े ग्यारह बजे तक, फिर 12 बजे और बाद में 12:20 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर कुछ देर कामकाज निपटाने के बाद कांग्रेस सदस्यों ने फिर अपनी मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया और इसी बीच पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने इस विधेयक को पेश कर दिया। विधेयक के उद्देश्य व कारणों के बारे में कहा गया है कि प्रदेश में स्थित बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री तथा अन्य प्रसिद्ध मंदिरों का कायाकल्प किया जाना आवश्यक है। इसलिए जम्मू-कश्मीर में स्थापित श्री वैष्णो देवी माता मंदिर, साईं बाबा, जगन्नाथ तथा सोमनाथ मंदिरों की तरह उत्तराखंड में स्थित मंदिरों और श्राइन के लिए विधेयक लाया जाना आवश्यक है।

www.readwhere.com

## ट्रंप पर महाभियोग की सुनवाई अहम चरण में पहुंची

वाशिंगटन, 9 दिसंबर (एएफपी)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही सोमवार को संसद की न्यायिक समिति की सुनवाई के मद्देनजर नए चरण में प्रवेश कर गई। इसमें रिपब्लिकन नेता के खिलाफ आरोप तय किए जाने की संभावना है।

डेमोक्रेट्स ने ट्रंप पर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में उनके संभावित प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के खिलाफ जांच कराने के लिए यूक्रेन पर दबाव बनाकर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने इस जांच को 'कपटी' बताकर इसकी आलोचना की है लेकिन डेमोक्रेट्स का मानना है कि उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत है कि ट्रंप ने देश के ऊपर अपने निजी राजनीतिक हितों को तरजीह दी है।

न्यायिक समिति के अध्यक्ष जेरी नैडलर ने रविवार को कहा, 'मुझे लगता है कि हमारे पास जो मामला है उसे अगर जूरी के समक्ष पेश किया जाए तो तीन मिनट में दोषी ठहरा दिया जाएगा।' ट्रंप के लंबे समय से शत्रु रहे कांग्रेस सदस्य ने इस सप्ताह के अंत तक प्रतिनिधि सभा में महाभियोग पर मतदान कराए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया। नादलर खुफिया और न्यायिक समितियों के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों वकीलों के सबूतों पर सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे सुनवाई करेंगे।

# न्यूजीलैंड में ज्वालामुखी फटा, पांच मरे

वेलिंगटन, 9 दिसंबर (एएफपी)।



न्यूजीलैंड के वाइट आइलैंड पर सोमवार को अचानक ज्वालामुखी फट गया। इसमें पांच व्यक्तियों की मौत हो गई और 18 अन्य जख्मी हो गए हैं। इसके अलावा कई लोग वहां फंस गए हैं।

पुलिस ने कहा कि व्हाइट आइलैंड पर लगभग 50 लोग गए हुए थे तभी ज्वालामुखी में दोपहर के करीब अचानक विस्फोट हो गया। ज्वालामुखी फटने से पांच की मौत हो गई है और अन्य का इलाज चल रहा है। घायलों में कई गंभीर रूप से जल गए हैं। हालांकि अभी द्वीप पर फंसे हुए लोगों की संख्या के बारे में जानकारी नहीं मिली है। माना जा रहा है कि इनकी संख्या दहाई में है। उपायुक्त जॉन टिम्स ने कहा, 'अभी हमें लोगों के बारे में सटीक जानकारी नहीं है न ही उनकी कुशलता के बारे में कुछ पता है।' उन्होंने कहा कि रात होने पर बचाव अभियान चलाना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि द्वीप अस्थिर है और ज्वालामुखी के फिर सक्रिय होने का अंदेशा है, जिससे द्वीप पर लौटने से हमारी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। कैनबरा में अधिकारियों ने बताया कि द्वीप में फंसे लोगों में आस्ट्रेलिया के कई नागरिक हो सकते हैं। देश की आपात प्रबंधन एजंसी ने ज्वालामुखी में विस्फोट को 'मध्यम' स्तर का बताया, लेकिन ज्वालामुखी से निकलती राख को मुख्य भूमि से देखा जा सकता है।

## श्रीलंकाई अदालत ने स्विस दूतावासकर्मी की विदेश यात्रा पर पाबंदी बढ़ाई

कोलंबो, 9 दिसंबर (भाषा)।

- दूतावास के स्थानीय कर्मचारी को अगवा किया गया था और दूतावास की सूचनाएं बताने के लिए धमकाया था
- महिला कर्मचारी से उन श्रीलंकाइयों के नाम भी पूछे गए थे जिन्होंने स्विट्जरलैंड में शरण मांगी थी

श्रीलंका की अदालत ने सोमवार को स्विट्जरलैंड दूतावास की उस स्थानीय कर्मचारी की विदेश यात्रा पर पाबंदी 12 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी जिसे किसी समूह ने कथित रूप से अगवा कर लिया था और दूतावास की सूचनाएं बताने के लिए धमकाया था। मजिस्ट्रेट की अदालत का आदेश तब आया है जब एक दिन पहले ही इस श्रीलंकाई कर्मी ने सीआइडी कार्यालय में बयान दर्ज कराया था। इस दूतावास कर्मी की पहचान जाहिर नहीं की गई है।

दूतावास की कर्मी ने दावा किया है कि 25 नवंबर को एक समूह ने उसे अगवा कर बंधक बना लिया था और उसे संवेदनशील सूचनाएं देने के लिए मजबूर किया था। उससे कथित रूप से उन श्रीलंकाइयों के नाम भी पूछे गए थे जिन्होंने स्विट्जरलैंड में शरण मांगी थी। स्विट्जरलैंड ने श्रीलंका सरकार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था और कर्मी के अपहरण की विस्तृत जांच की मांग की थी। स्विस दूतावास ने भी इस आरोप के बारे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। कर्मी यह दावा करते हुए पुलिस के सामने पूछताछ के लिए नहीं हाजिर हुई कि वह अस्वस्थ है।

अदालत ने पुलिस को यह तय करने का आदेश दिया कि वह नौ दिसंबर तक देश छोड़कर नहीं जाए। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि इस आदेश को अब 12 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया। श्रीलंका सरकार का कहना कि कथित अपहरण की उसकी कहानी पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों के विपरीत है। पुलिस ने इससे इनकार किया कि उसकी सीआइडी शाखा कथित अपहरण में शामिल थी। मीडिया की खबरों के अनुसार अपहरणकर्ताओं ने इस महिला कर्मी से उस सीआइडी अधिकारी के बारे में सूचना मांगी थी जो 16 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होने के बाद देश छोड़कर भाग गए थे। खबरों के मुताबिक स्विस अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार को राजनीतिक शरण दी।

## शरीफ की सेहत में सुधार नहीं, अमेरिका भेजने की सलाह

लाहौर/लंदन, 9 दिसंबर (भाषा)।

बीमार चल रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की प्लेटलेट संख्या में कोई सुधार नहीं हुआ है और डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें अमेरिका ले जाने की सलाह दी है। शरीफ का इलाज अभी लंदन में चल रहा है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने कहा कि 69 वर्षीय शरीफ की मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि उनके मस्तिष्क तक रक्त पहुंचाने वाली धमनियां 88 फीसद तक बाधित हैं। उन्होंने कहा, 'डॉक्टरों ने इस संबंध में अमेरिका में विशेषज्ञों से मदद लेने की सलाह दी है। हालांकि उन्हें वहां तक ले जाना चिकित्सा दल के लिए बड़ी चुनौती है।' द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने औरंगजेब को यह कहते हुए उद्धृत किया, 'स्टेरॉयड की भारी खुराक के बाद भी प्लेटलेट संख्या में कोई सुधार नहीं है और स्टेरॉयड की वजह से रक्त शर्करा का स्तर बढ़ रहा है।' प्रवक्ता ने कहा कि प्लेटलेट की गिरती संख्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

# ओसीआइ कार्ड धारकों को रद्द करनी पड़ी भारत यात्रा

## कई लोगों को दुबई से लौटना पड़ा

वाशिंगटन, 9 दिसंबर (भाषा)।

- मौजूदा नियमों के तहत 20 साल से कम और 50 साल से अधिक आयु के ओसीआइ कार्ड धारकों को अपने पासपोर्ट का नवीनीकरण कराने के बाद ओसीआइ कार्ड का नवीनीकरण कराना होता है।
- यह नियम लंबे समय से है लेकिन जागरूकता के अभाव में भारतीय समुदाय के अधिकांश लोगों को जानकारी नहीं है। भारत सरकार ने इस नियम को सख्ती से लागू करने को कहा था जिससे बड़ी संख्या में लोगों को असुविधा हुई।

विदेश में बसे और वहां की नागरिकता ले चुके भारतीयों (प्रवासी भारतीय नागरिकों यानी ओसीआइ) को भारत की यात्रा करते समय खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें हाल ही में लागू किए गए नवीनीकरण के नियम के बारे पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई है। भारतीय मूल के प्रतिष्ठित अमेरिकी नागरिक ने भारतीय राजदूत को दी याचिका में यह बात कही है।

जयपुर फुट यूएसए के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने बताया कि इस नियम के बारे में पर्याप्त जानकारी न होने के कारण बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों को भारत की अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ रही है। कई मामलों में तो उन्हें दुबई जैसे स्थानों से बीच रास्ते में ही लौटना पड़ रहा है और कई विमानन कंपनियां भारत जाने वाले उन यात्रियों को बैठाने से इनकार कर रही हैं जिनकी पासपोर्ट संख्या उनके ओसीआइ कार्ड से नहीं मिलती।

उन्होंने कहा, 'विमानन कंपनियों और आव्रजन अधिकारियों ने गृह मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा हाल में जारी परामर्श का हवाला दिया और मांग की कि 20 साल से कम और 50 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण के बाद ओसीआइ कार्ड का नवीनीकरण कराना होगा। इसके चलते कई यात्रियों को हवाईअड्डों से वापस लौटना पड़ रहा है।'

सामाजिक कार्यकर्ता भंडारी ने एक बैठक में अमेरिका में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला से अनुरोध किया कि वह जनसूचना और अमेरिका में जागरूकता अभियान चलाकर इस मुद्दे को हल करने में मदद दें। साथ ही उन्होंने गृह मंत्रालय से ओसीआइ कार्ड के नियमों को आसान बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'ओसीआइ कार्ड का उद्देश्य कार्ड धारकों की यात्रा का अनुभव सुखद बनाना और परेशानी तथा घबराहट पैदा न करना है।' उन्होंने बताया कि भारत की अपनी अगली यात्रा में उनकी योजना इस मुद्दे को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के समक्ष उठाने की है।

भंडारी के अनुसार राजदूत ने कहा कि भारत सरकार समुदाय की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका में भारतीय राजनयिक मिशनों ने पहले ही जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। इस मुद्दे का सक्रिय रूप से हल निकाला जा रहा है। मौजूदा नियमों के तहत 20 साल से कम और 50 साल से अधिक आयु के ओसीआइ कार्ड धारकों को अपने पासपोर्ट का नवीनीकरण कराने के बाद ओसीआइ कार्ड का नवीनीकरण कराना होता है। यह नियम लंबे समय से है लेकिन जागरूकता के अभाव में भारतीय समुदाय के अधिकांश लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है। हाल ही में भारत सरकार ने इस नियम को सख्ती से लागू करने को कहा था जिससे बड़ी संख्या में लोगों को असुविधा हुई।


**FORM G - INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST**

(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

RELEVANT PARTICULARS

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the corporate debtor | J N C Constructions Private Limited |
| 2 | Date of incorporation of corporate debtor | 01/04/1998 |
| 3 | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | Registrar of Companies, Delhi |
| 4 | Corporate identity number / limited liability identification number of corporate debtor | U74899DL1998PTC093071 |
| 5 | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | Registered Office: G-128 PREET VIHAR NEW DELHI 110092 |
| 6 | Insolvency commencement date of the corporate debtor | On 30.05.2019 VIDE IB-272/PB/2019 |
| 7 | Date of invitation of expression of interest | 10TH DECEMBER, 2019 |
| 8 | Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at: WWW.JNCGROUPIN OR MORE DETAILS CAN BE SOUGHT FROM RPJNCCONS@GMAIL.COM | 1. TURNOVER OF RS. 50 CRORES ( AVERAGE OF LAST 5 YEARS) 2. NET WORTH OF RS. 5 CRORES 3. EXPERIENCE OF HANDLING PROJECT OF RS.60 CRORES SUCCESSFULLY AND DELIVERED HOMES WITH COMPLETION CERTIFICATE 4. HAVING EXERIENCED AND PROFESSIONAL TEAM 5. EXPERIENCE IN REAL ESTATE OF MINIMUM 5 YEARS 6. PROVIDE EMD/BANK GUARANTEE/ CR. GUARANTEE / DD OF RS. 75/- lacs (REFUNDABLE) 7. PERFORMANCE SECURITY/GUARANTE OF RS 1/- CRORE AT THE TIME OF RESOLUTION PLAN PLUS 2.5 % OF THE TOTAL EXPENSES OF COMPLETION OF PROJECT |
| 9 | Norms of ineligibility applicable under section 29A are available at: | WWW.JNCGROUPIN OR DETAILS CAN BE SOUGHT FROM RPJNCCONS@GMAIL.COM |
| 10 | Last date for receipt of expression of interest (EOI) | 26TH DECEMBER , 2019 |
| 11 | Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants | 26TH DECEMBER , 2019 |
| 12 | Last date for submission of objections to provisional list | 30TH DECEMBER , 2019 |
| 13 | Date of issue of final list of prospective resolution applicants | 30TH DECEMBER , 2019 |
| 14 | Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and RFRP and request for resolution plans to prospective resolution applicants | 30TH DECEMBER , 2019 |
| 15 | Manner of obtaining request for resolution plan(RFRP), evaluation matrix, information memorandum and further information | Prospective Resolution applicant sign the Non Disclosure agreement on a stamp paper of Rs. 100/-, to get IM, Evaluation Matrix, RFRP. Kindly visit www.jncgroup.in for any updation OR contact RP AT phone No. 9810262299 |
| 16 | Last date for submission of resolution plans | 30TH JANUARY, 2020 |
| 17 | Manner of submitting resolution plans to resolution professional | Sealed envelope by Speedpost / hand delivery superscribed as "Resolution Plan to be sent to RP at the address mentioned at point 20 and 21 and also email at RPJNCCONS@GMAIL.COM Details in RFRP AND at WWW.JNCGROUPIN |
| 18 | Estimated date for submission of resolution plan to the Adjudicating Authority for approval | 28TH FEBRUARY , 2020 OR EARLIER |
| 19 | Name and registration number of the resolution professional | PRABHJIT SINGH SONI IBBI/IPA-002/IP-N00065/2017-18/10143 |
| 20 | Name, Address and e-email of the resolution professional, as registered with the Board | PRABHJIT SINGH SONI GG1/144/C, NEAR PVR CINEMA, VIKAS PURI, NEW DELHI 110018. E mail id: psgurleensoni@gmail.com |
| 21 | Address and email to be used for correspondence with the resolution professional | OFFICE OF RP, GG1/144/C, NEAR PVR CINEMA, VIKAS PURI, NEW DELHI 110018 E mail id : RPJNCCONS@GMAIL.COM 9810262299 |
| 22 | Further Details are available at or with | WWW.JNCGROUPIN or with RP AT RPJNCCONS@GMAIL.COM |
| 23 | Date of publication of Form G | 10TH DECEMBER , 2019 |

PRABHJIT SINGH SONI
(RESOLUTION PROFESSIONAL) (RP)
APPOINTED BY HON'BLE NCLT PRINCIPAL BENCH FOR JNC CONSTRUCTIONS PVT LTD
IBBI/IPA-002/IP-N00065/2017-2018/10143 NEW DELHI DATED 9TH DECEMBER , 2019


# दक्षिण अफ्रीका की जोजिबिनी टुन्जी बनीं मिस यूनिवर्स 2019

अटलांटा, 9 दिसंबर (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका की जोजिबिनी टुन्जी के सिर इस साल का मिस यूनिवर्स का ताज सजा है। वह मिस इंडिया समेत दुनियाभर के 90 से अधिक प्रतियोगियों को हराकर 2019 की मिस यूनिवर्स बनी हैं।

अमेरिका के हास्य कलाकार व प्रस्तोता स्टीव हार्वे ने रविवार को यहां टेलर पेरी स्टूडियोज में कार्यक्रम की मेजबानी की है। टेलीविजन पर प्रसारित इस प्रतियोगिता में 26 वर्षीय टुन्जी को विजेता घोषित किया गया। भारतीय प्रतियोगी वर्तिका सिंह ने शीर्ष 20 प्रतियोगियों में जगह बनाई। सपनों की ताकत का जिक्र करते हुए टुन्जी ने अपनी जीत को लेकर ट्विटर पर आभार जताया। उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट पर लिखा, 'आज एक दरवाजा खुला और मंच पर वॉक करके मैं इससे ज्यादा खुशनसीब महसूस नहीं कर सकती थी।' टुन्जी ने कहा, 'ईश्वर करें कि इस क्षण की साक्षी बनने वाली हर लड़की अपने सपनों की ताकत पर भरोसा करें और वे मुझमें अपना चेहरा देखें। मैं मिस यूनिवर्स 2019 हूं।' टुन्जी ने मिस यूनिवर्स का ताज पहनते हुए खींची गई अपनी तस्वीर भी साझा की। मिस प्यूर्टो रिको मैडिसन एंडरसन पहली उपविजेता रहीं। इसके बाद मैक्सिको की एश्ले अल्वीदरेज तीसरे स्थान पर रहीं। कोलंबिया और थाईलैंड की प्रतियोगी शीर्ष पांच में शामिल रहीं। मिस यूनिवर्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर विजेता की घोषणा की गई। साल 2018 की मिस यूनिवर्स फिलीपीन की कैटरियोना ग्रे ने टुन्जी को ताज पहनाया। यह दक्षिण अफ्रीका का मिस इंडिया का तीसरा ताज है। साल 2017 में दक्षिण अफ्रीका की ही डेमी लीघ नेल-पीटर्स को विजेता घोषित किया गया था।

## अमेरिका में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन

वाशिंगटन, 9 दिसंबर (भाषा)।

अमेरिका के पूर्व सैन्यकर्मियों ने कश्मीरी समुदाय और भारतीय अमेरिकियों के साथ मिलकर पाकिस्तान के आतंकवादी समूहों को समर्थन देने के खिलाफ वाशिंगटन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने 'पाकिस्तान तालिबान है', 'पाकिस्तानी एक आतंकवादी देश है' और '(ओसामा) बिन लादेन कहां था' जैसे नारे लगाए और मांग की कि पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक देश घोषित किया जाए। पूर्व सैन्यकर्मी डेविड डीनस्टैग ने कहा, 'मैं अमेरिका में भारत की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने आया हूं। पाकिस्तान तालिबान का समर्थन करके अमेरिकी बेटों और बेटियों को मार रहा है और यह अकसर अमेरिकी करदाताओं के धन से किया जाता है। करदाताओं को इसकी जानकारी भी नहीं है।'

भारतीय अमेरिकी प्रदर्शनकारी मंगा अनंततमुला ने कहा, 'हम सब जानते हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को कैसे पाल पोस रहा है। दुनिया को कश्मीर के नरसंहार के बारे में नहीं पता। पाकिस्तान 25000 से अधिक कश्मीरी हिंदुओं की हत्या का जिम्मेदार है।' कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट वर्जीनिया से कांग्रेस (संसद) का चुनाव लड़ रहीं एलिसिया एंड्रयूज भी प्रदर्शन में शामिल हुईं।

उन्होंने कहा कि उन लोगों के 'पीछे खड़ा होना' महत्त्वपूर्ण है जिन्हें आतंकवादी संगठन लगातार निशाना बना रहे हैं। 'हम उस देश को नजरअंदाज नहीं कर सकते' जो इतने आतंकवादी समूहों को समर्थन दे रहा है।


प्रपत्र संख्या आईएनसी-26
(कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में)
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तन के प्रकाशन के लिए विज्ञापन।
केन्द्र सरकार उत्तरी क्षेत्र, के समक्ष
कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014, के नियम 30(5)(ए) के मामले में
और
डी वी एस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
जिसका पंजीकृत कार्यालय 41 एम एम रोड, रानी झांसी रोड, बेसमेंट नई दिल्ली, दिल्ली 110055 पर स्थित है, के मामले में ...याचिकाकर्ता
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी केन्द्र सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह आवेदन करने का प्रस्ताव करती है, [illegible] मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन की पुष्टि करती है, जिसके तहत 02, दिसम्बर, 2019 को असाधारण आम सभा आयोजित की गई ताकि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "तमिल नाडु राज्य" में स्थानांतरित करने में सक्षम बन सके।
कोई व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथ-पत्र सहित एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र बी-2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003 को इस सूचना प्रकाशन की तारीख के चौदह (14) दिनों भीतर सुपुर्द कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं। साथ ही इसकी एक प्रति आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के निम्नलिखित पते पर भी भेजनी होगी: 41 एम एम रोड, रानी झांसी रोड, बेसमेंट नई दिल्ली, दिल्ली 110055
आवेदक द्वारा और उनके लिए
डी वी एस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
दिनांक: 10.12.2019 रामनाथ नागराजन
स्थान: चेन्नई निदेशक


## ट्रंप नासमझ व खुशामद पसंद : उत्तर कोरिया

सियोल, 9 दिसंबर (एपी)।

उत्तर कोरिया ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'नासमझ और खुशामद पसंद' करार देकर फिर उन पर निशाना साधा है। उससे पहले ट्रंप ने ट्वीट किया था कि शत्रुतापूर्ण हरकतें और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित कर उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन दोनों नेताओं के बीच के विशेष संबंध का परित्याग नहीं करना चाहेंगे।

उत्तर कोरिया के वरिष्ठ अधिकारी और पूर्व परमाणु वार्ताकार किम यंग चोल ने बयान में कहा कि उनका देश अमेरिका के दबाव के सामने घुटने नहीं टेकेगा क्योंकि उसे कुछ नहीं गंवाना पड़ेगा। उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर परमाणु वार्ता को बचा लेने के लिए किम जोंग उन द्वारा निर्धारित साल भर की समयसीमा से पहले और मोहलत हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फरवरी में वियतनाम में ट्रंप और किम जोंग उन के बीच वार्ता के टूट जाने के बाद उनके बीच परमाणु वार्ता अधर में लटक गई थी।

## सऊदी अरब के रेस्तरां में अब पुरुषों व महिलाओं के लिए नहीं होंगे अलग-अलग प्रवेश द्वार

रियाद, 9 दिसंबर (एएफपी)।

अत्यधिक रुढ़िवादी समझे जाने वाले इस्लामी देश सऊदी अरब में अब रेस्तरां और कैफे में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार नहीं होंगे। देश में सामाजिक प्रतिबंधों में ढील देने की पहल को आगे बढ़ाते हुए इस दिशा में एक और कदम उठाया गया है। रेस्तराओं में लंबे समय से अविवाहित पुरुषों के लिए एक प्रवेश द्वार जबकि दूसरा प्रवेश द्वार महिलाओं व परिवारों के लिए होता था।

नगर पालिका व ग्रामीण मामलों के मंत्रालय ने रविवार को ट्वीट किया कि वह 'अविवाहित पुरुषों के लिए अलग और परिवारों के लिए अलग प्रवेश द्वार' की आवश्यकता समेत रेस्तरां के लिए कई अनिवार्यताओं को समाप्त कर रहा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि रेस्तरां में बैठने संबंधी प्रतिबंधों को भी हटाया जाएगा या नहीं। सऊदी अरब के रेस्तरां में महिलाओं के साथ आने वाले परिवारों के लिए अलग जगह और केवल पुरुषों के लिए एक अलग जगह निर्धारित होती है।

सऊदी युवाओं ने इस नए सुधारात्मक कदम की प्रशंसा की है लेकिन कट्टरपंथियों ने सोशल मीडिया पर इस कदम की निंदा की और इसे 'शरिया के खिलाफ' बताया।


ओ.बी.सी

**ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स**
(भारत सरकार का उपक्रम)

Resolution Recovery & Law कलस्टर (दक्षिण और पूरब) 92/ई1, आर के मार्किट, मुनिरका, नई दिल्ली-110067, फोन : 26108530, 26108531, ई-मेल: rrl_7670@obc.co.in

ई-नीलामी बिक्री सूचना

**परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस, आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारन्टर को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा (नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 27.12.2019 को बेचा जाएगा। ई-नीलामी सेवा प्रदाता https://bankauctions.in के माध्यम से की जाएगी। बकाया राशि की वसूली कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार, धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 26-12-2019 को सांय 5.00 बजे तक है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

| क्र. सं. | कर्जदार/गारंटर का नाम | सम्पत्ति का विवरण एवं स्वामी का नाम (सांकेतिक / भौतिक कब्जा) | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली में वृद्धि हेतु राशि | ई-नीलामी की तारीख/समय | बकाया राशि (जमानती कर्ज) | ई एम डी प्रेषण खाते का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. मैसर्स रेखा ज्वैलर्स, 2. श्री राजेश सूद पुत्र स्व. श्री गुरुदास मल सूद (प्रोपराईटर) 3. श्रीमती रेखा सूद पत्नी श्री राजेश सूद (गारंटर) | व्यवसायिक दुकान प्रा. नं. जी-3 (भूतल पर) गुरुद्वारा रोड, जिसका क्षेत्रफल 280 वर्ग फीट, निर्मित सम्पत्ति म्युनिसीपल नं. 2502 वार्ड नं. XVI प्लॉट नं. 305, ब्लॉक-एम, बिडनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली - 110005, यह सम्पत्ति श्रीमती रेखा सूद पत्नी श्री राजेश कुमार सूद के नाम पर है। (भौतिक कब्जा) भार : कुछ नहीं | ₹ 155.00 लाख<br>₹ 15.50 लाख<br>₹ 0.50 लाख | 27-12-2019 पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक (5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) | वर्तमान बकाया ₹ 2,79,17,519.33 दिनांक 30.11.2019 तक और दिनांक 01.12.2019 से भविष्य का ब्याज और लागत और प्रभार इत्यादि | E-Auction A/C: 01791181000079 IFSC: ORBC0100179 Name of A/c: EMD A/c Circle Office-Delhi (South East) |
| 2 | 1. मैसर्स सफल मर्केंटाइल प्रा. लि. 2. सुदर्शन शर्मा 3. आशा शर्मा 4. मैसर्स निशि ट्रेडएक्स प्रा. लि. 5. श्री अमरेश मिश्रा | प्लांट एवं मशनीरी जोकि नॉन वूवन कारपेट मैन्यूफैक्चरिंग मशीनस् इत्यादि जोकि खेवत नं. 168, खाता नं. 179, खसरा और किला नं. 52/5 रोहतक रोड, गाँव झारोठी तहसील खारखोदा जिला सोनीपत में रखी है। (भौतिक कब्जा) भार : कुछ नहीं | ₹ 20.55 लाख<br>₹ 2.06 लाख<br>₹ 0.20 लाख | 27-12-2019 पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक (5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) | वर्तमान बकाया ₹ 3,23,57,676/- दिनांक 30.11.2019 तक और दिनांक 01.12.2019 से भविष्य का ब्याज और लागत और प्रभार इत्यादि | E-Auction A/C: 01791181000079 IFSC: ORBC0100179 Name of A/c: EMD A/c Circle Office-Delhi (South East) |
| 3 | 1. मैसर्स सम्पन्न ज्वैलरी प्रा. लि. 2. श्रीमती रेखा सूद पत्नी श्री राजेश सूद (निदेशक) 3. श्रीमती अनिशा सूद पत्नी श्री विशाल सूद (निदेशक) 4. श्री राजेश सूद पुत्र स्व. श्री गुरुदास मल सूद 5. श्री विशाल सूद पुत्र श्री राजेश सूद (गारंटर) | तृतीय तल पर दक्षिणी-पूर्वी टैरेस, सुपर क्षेत्रफल 910 वर्ग फीट (जिसमे कि 400 वर्ग फीट का निर्मित एरिया सहित), आसमान तक, वार्ड नं. XVI, सम्पत्ति म्युनिसीपल नं. 2502, प्लॉट नं. 305 में शामिल, एम-ब्लॉक, गुरुद्वारा रोड से प्रवेश, गली नं. 7 और 8, गुरुद्वारा रोड, नाईवाला बिडनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली, मालिकाना हक विशाल कुमार उर्फ विशाल सूद, (भौतिक कब्जा) भार : कुछ नहीं | ₹ 86.00 लाख<br>₹ 8.60 लाख<br>₹ 0.50 लाख | 27-12-2019 पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक (5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) | वर्तमान बकाया ₹ 9,27,44,196/- दिनांक 30.11.2019 तक और दिनांक 01.12.2019 से भविष्य का ब्याज और लागत और प्रभार इत्यादि | E-Auction A/C: 01791181000079 IFSC: ORBC0100179 Name of A/c: EMD A/c Circle Office-Delhi (South East) |

नियम एवं शर्तें

1. धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 26.12.2019 को सांय 5.00 बजे तक है।
2. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना के अनुसार सम्पत्ति पर कोई भार नही है। इच्छुक बोलीदाता नीलामी की जाने वाली सम्पत्ति पर किसी भी भार, टाइटल और सम्पत्ति पर किसी भी दावे/अधिकार/बकाए के संबंध में बिड जमा करने से पहले स्वयं जांच कर सकते हैं। सम्पत्ति बैंक को ज्ञात और अज्ञात सभी वर्तमान और भविष्य के ऋण-भार सहित बेची जा रही है। तृतीय पक्ष यदि सम्पत्ति पर किसी बकाए / अधिकार के संबंध में कोई दावा करता है, तो इसके लिए किसी भी तरह से प्राधिकृत अधिकारी/जमानती ऋणदाता जिम्मेदार नहीं होगा।
3. सम्पत्ति(यों) का निरीक्षण दिनांक 19.12.2019 को पूर्वा. 11.00 से अपरा. 4.00 बजे के बीच किया जा सकता है।
4. इच्छुक बोलीदाता जिन्होंने धरोहर राशि जमा किया है और लॉगईन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डाटा अपलोडिंग करने, बोली जमा करने, ई-बिडिंग प्रक्रिया पर प्रशिक्षण इत्यादि में अपेक्षित सहायता के लिए मैसर्स 4 क्लोज़र, व्यक्ति का नाम जिसे सम्पर्क किया जा सके श्री विकास, मो. 8142000809, 8142000062/66, फोन 040-23836405, वेब: https://bankauctions.in और ईमेल - vikash@bankauction.in और सम्पत्ति से संबंधित पूछताछ के लिए सम्पत्ति प्राधिकृत अधिकारी: श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट, मो. नं. 8171626615, 011-26108530/31 ईमेल: rrl_7670@obc.co.in से कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है।
5. बोलीदाता अपनी बोली प्रत्येक सम्पत्ति के सामने 'बोली वृद्धि राशि' कालम के तहत वर्णित राशि, के गुणजों में बढ़ा सकेंगे। ई-नीलामी के अंतिम 5 मिनट में कोई बोली प्राप्त होने की स्थिति में अंतिम समय स्वतः 5 मिनट बढ़ जाएगा (असीमित)।
6. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि, पहले अदा की गई ईएमडी समायोजित करने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के तुरन्त बाद या ज्यादा से ज्यादा अगले कार्यदिवस तक जमा करना होगा तथा शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री के 15वें दिन को अथवा उससे पहले जमा करनी होगी। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान में चूक की स्थिति में पहले जमा की गई राशि जब्त मान्य होगी और सम्पत्ति की नीलामी नए सिरे से की जाएगी तथा चूककर्ता बोलीदाता का सम्पत्ति/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार मान्य नहीं होगा।
7. क्रेता को लागू स्टाम्प ड्यूटी/अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/अंतरण प्रभार, शुल्क इत्यादि और किसी प्राधिकरण को देय सांविधिक/गैर-सांविधिक देयताओं, करों, दरों, आकलनों, प्रभारों, शुल्कों इत्यादि का भी भुगतान वहन करना होगा।
8. उपरोक्त बंधक सम्पत्तियों जो कि ई-नीलामी में लगी है की नीलामी असफल होने की स्थिति में नियमानुसार बैंक प्राईवेट ट्रीटी द्वारा बिक्री करने का अधिकार रखता है।
(विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया हमारी वेबसाईट: https://www.obcindia.co.in and https://ibapi.in देखें)
9. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए बिक्री को रद्द कर सकता है।

दिनांक 09-12-2019, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स




www.readwhere.com

## खबर कोना




भोपाल में सोमवार को एकलव्य राष्ट्रीय जनजाति खेलकुद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के दौरान शुभंकर 'मुन्ना' दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम नेपाल को हराकर चैंपियन बनीं

पोखरा (नेपाल), 9 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों में सोमवार को यहां मेजबान नेपाल को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जीत की नायिका एक बार फिर से स्ट्राइकर बॉला देवी रही जिन्होंने दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। मणिपुर की 29 साल की यह खिलाड़ी टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं। उन्होंने चार मैचों में पांच गोल किए। फाइनल में भारतीय गोलकीपर अदिति चौहान ने शानदार प्रदर्शन किया और नेपाल के हमलों को सफल नहीं होने दिया। अदिति के दमदार खेल के कारण पूरे टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ।

### वाडा ने रूस पर चार साल का लगाया प्रतिबंध

लुसाने, 9 दिसंबर (एएफपी)।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने रूस पर तोक्यो ओलंपिक 2020 और बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2022 सहित वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया। वाडा ने रूस पर एक डोपिंगरोधी प्रयोगशाला से गलत आंकड़े देने के आरोप लगाए और इस कारण उस पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया। वाडा की लुसाने में कार्यकारी समिति की बैठक में यह फैसला किया गया। वाडा के एक प्रवक्ता ने कहा, सिफारिशों की पूरी सूची सर्वसम्मति से स्वीकार कर ली गई है।

### सांप की वजह से रुका विदर्भ-आंध्र के बीच का रणजी मैच

विजयवाड़ा, 9 दिसंबर (भाषा)।

एक अजीबोगरीब घटना में विदर्भ और आंध्र के बीच सोमवार को रणजी ट्रॉफी मैच में विलंब हो गया क्योंकि एक सांप मैदान पर घुस गया था। विदर्भ के कप्तान फैज फजल ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। खिलाड़ी जैसे ही मैदान पर आए, एक सांप दिखाई दिया जिससे कुछ देर विलंब हो गया। बीसीसीआइ डोमेस्टिक ने 13 सेकंड का वीडियो ट्वीट करके लिखा, सांप की वजह से खेल रुका। मैच शुरू होने से पहले मैदान पर एक मेहमान आया।

### कोठारी ने रेवेनटन मास्टर्स स्नूकर का खिताब जीता

मेलबर्न, 9 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय क्यू खिलाड़ी सौरव कोठारी ने यहां कड़े मुकाबले में आस्ट्रेलिया के जोहल यंगर को हराकर रेवेनटन मास्टर्स स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब जीता। बेस्ट आफ 11 फ्रेम के फाइनल में कोठारी ने जोहल को 6-5 से हराया। वह आस्ट्रेलिया बिलियर्ड्स एवं स्नूकर परिषद के इस शीर्ष स्नूकर टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलिया के शीर्ष 12 खिलाड़ी खेलते हैं। इस साल कोठारी को विशेष आमंत्रण पर बुलाया गया था क्योंकि उन्होंने इस साल जून में रेवेनटन क्लासिक स्नूकर का खिताब जीता था जो आस्ट्रेलिया की ट्रिपल क्राउन स्नूकर प्रतियोगिता है। सेमी फाइनल में कोठारी ने जो मिनिची को 5-1 से हराया जबकि जोहल ने पिछले साल के विजेता स्टीव मिफसुड को 5-2 से शिकस्त दी।

# बांबे बुलेट्स ने 5-2 से जीता मैच

## इंडियन बॉक्सिग लीग में बंगलुरु ब्रॉलर्स को हराया

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

बाम्बे बुलेट्स ने सोमवार को यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम कॉम्पलेक्स के केडी जाधव हॉल में बंगलुरु ब्रॉलर्स को 5-2 से हराकर बिग बाउट इंडियन बॉक्सिग लीग (आइबीएल) में चौथा स्थान हासिल कर लिया।

यह बॉम्बे बुलेट्स की दो मैचों में पहली जीत है जबकि ब्रॉलर्स को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा है। बॉम्बे बुलेट्स के दो मैचों से अब सात अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में चौथे नंबर पर पहुंच गया है।

पंजाब पैंथर्स और ओडिशा वॉरियर्स के दो-दो मैचों से 10-10 अंक है। वहीं, गुजरात जाएंट्स के दो मैचों से नौ अंक और बंगलुरु ब्रॉलर्स के तीन मैचों से छह अंक हैं। बंगलुरु ब्रॉलर्स को रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और टीम की कप्तान इंग्रित लोरेना वालेंसिया तथा राष्ट्रीय चैंपियन नवीन बूरा ने क्रम से महिलाओं और पुरुषों के अपने-अपने मुकाबले जीत कर अच्छी शुरुआत दिलाई। वालेंसिया ने महिलाओं के 51 किग्रा में अनामिका और नवीन ने पुरुषों के 69 किग्रा में दिनेश डागर को हराया। बंगलुरु की कप्तान सिमरनजीत सिंह ने महिलाओं की 60 किग्रा में बॉम्बे बुलेट्स की मेलिसा नेओमी गोंजालेज के खिलाफ जीत दर्ज की। बॉम्बे बुलेट्स ने इसके बाद कविंदर सिंह की जीत की मदद से अपनी बढ़त को मजबूत किया। कविंदर ने पुरुषों के 57 किग्रा में बंगलुरु ब्रॉलर्स के गौरव बिधुड़ी को एक कड़े मुकाबले में मात दी। मीनाक्षी ने महिलाओं के 57 किग्रा में प्रिया खुशवाहा को हराकर बंगलुरु को दूसरी जीत दिलाई लेकिन बॉम्बे बुलेटस ने प्रयाग चौहान 75 किग्रा में बंगलुरु के पवन कुमार को हराकर अपनी टीम की जीत पक्की की।




*नवीन बूरा* बंगलुरु ब्रॉलर्स के दिनेश डागर पर प्रहार करते हुए।

# आयुष अधिकारी, डालिमा छिब्बर दिल्ली के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (भाषा)।

**अजीज कुरैशी और सुरेंदर कुमार को डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया**

संतोष ट्रॉफी टीम के सदस्य आयुष अधिकारी और भारतीय महिला राष्ट्रीय टीम की डिफेंडर डालिमा छिब्बर को फुटबॉल दिल्ली के वार्षिक खेल पुरस्कारों में सोमवार को सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

संतोष ट्रॉफी में छह गोल करने वाले अधिकारी ने कहा, मैंने इसलिए फुटबॉल खेलनी शुरू की क्योंकि मेरे पिता फुटबॉलर थे और यह मेरे पूरे परिवार का सपना है कि मैं इस खेल में अच्छा करूं। यह पुरस्कार मुझे अच्छा करने के लिए प्रेरित करेगा। भारत अंडर-16 के राष्ट्रीय खिलाड़ी रूद्रांश सिंह को सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी (पुरुष) जबकि राष्ट्रीय अंडर-17 की उप कप्तान अवेका सिंह को सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी (महिला) का पुरस्कार मिला। पूर्व खिलाड़ियों अजीज कुरैशी और सुरेंदर कुमार को फुटबॉल दिल्ली डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। तरूण राय, संतोष कश्यप और भूपिंदर ठाकुर को फुटबॉल दिल्ली गोल्ड अवार्ड दिया गया।



*डालिमा छिब्बर* ट्रॉफी ग्रहण करतीं हुईं।

## 150 रणजी मैच खेलने का रेकार्ड जाफर के नाम

विजयवाड़ा, 9 दिसंबर (भाषा)।

अनुभवी बल्लेबाज वसीम जाफर सोमवार को 150 रणजी मैच खेलने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। पिछले दो वर्षों में विदर्भ को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले 41 वर्षीय जाफर ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ ग्रुप ए के मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज जाफर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 20,000 रन पूरे करने से केवल 853 रन पीछे हैं। सर्वाधिक रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के मामले में जाफर के बाद मध्य प्रदेश के देवेंद्र बुंदेला का नंबर आता है जिन्होंने 145 मैच खेले हैं। अमोल मजूमदार 136 मैच खेलकर तीसरे स्थान पर हैं। जाफर ने कुल 253 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम पर 19,147 रन दर्ज है। उन्होंने 57 शतक और 88 अर्धशतक लगाए हैं। आंध्र के खिलाफ मैच में उन्हें पहले दिन बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। आंध्र की टीम कप्तान हनुमा विहारी के 83 रन के बावजूद पहली पारी में 211 रन पर आउट हो गई।

## एक दशक बाद टैस्ट खेलने पाक पहुंची श्रीलंका

रावलपिंडी, 9 दिसंबर (एएफपी)

**पहला टैस्ट बुधवार से रावलपिंडी में, दूसरा 19 दिसंबर से कराची में**

पाकिस्तान में 2009 के आतंकवादी हमले के बाद पहली टैस्ट शृंखला खेलने श्रीलंकाई क्रिकेट टीम यहां पहुंच गई। टैस्ट मैच के लिए पहली बार कोई टीम पिछले दस साल में पाकिस्तान आई है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी वसीम खान ने कहा, श्रीलंकाई टीम का आगमन ऐतिहासिक मौका है और हमें खुशी है कि हम दो मैचों की इस टैस्ट शृंखला की मेजबानी कर रहे हैं। पहला टैस्ट बुधवार से रावलपिंडी में और दूसरा 19 दिसंबर से कराची में खेला जाएगा। पीसीबी ने एक वीडियो ट्वीट किया है जिसमें श्रीलंकाई टीम को इस्लामाबाद से उतरते और सुरक्षाबलों के घेरे में उन्हें निकलते हुए दिखाया गया है। इस दौरे के जरिए पाकिस्तान में टैस्ट क्रिकेट की बहाली होगी। वर्ष 2009 के हमले में आठ लोग मारे गए थे और कई क्रिकेटर जख्मी हुए थे। उसके बाद से पाकिस्तानी टीम अपने सारे मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेल रही है। इस बीच पाकिस्तान में जिंबाब्वे और वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी-20 शृंखलाएं खेली गई जबकि घरेलू लीग मैचों में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने खेला। टैस्ट मैच के लिए पहली बार कोई टीम पिछले दस साल में पाकिस्तान आई है।

# दिल्ली के खिलाफ केरल की शानदार शुरुआत

थुम्बा (केरल), 9 दिसंबर (भाषा)।

**रणजी ट्रॉफी**

अनुभवी रोबिन उथप्पा के शतक तथा शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से केरल ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दिन तीन विकेट पर 276 रन बनाए।

उथप्पा ने 102 रन की पारी खेली। उन्होंने 221 गेंदों का सामना किया तथा सात चौके और तीन छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज पोन्नम राहुल (97) केवल तीन रन से शतक से चूक गए। उनकी 174 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की। केरल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जिसके बाद राहुल और जलज सक्सेना (32) ने पहले विकेट के लिए 68 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी। लेग स्पिनर तेजस बारोका ने सक्सेना को ललित यादव के हाथों कैच कराकर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद हालांकि दिल्ली को अगली सफलता के लिए 37 ओवर तक इंतजार करना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर विकास मिश्रा ने राहुल को पगबाधा आउट करके उन्हें शतक पूरा नहीं करने दिया।

### दिनेश मोर ने रेलवे को संभाला

मेरठ, 9 दिसंबर (भाषा)।

**पहला प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे दिनेश मोर (नाबाद 89) और नवनीत विर्क (58) के अर्धशतकों से रेलवे ने शुरुआती झटकों से उबरकर उत्तर प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन सोमवार को यहां आठ विकेट पर 244 रन बनाए। उत्तर प्रदेश ने टास जीतकर रेलवे को बल्लेबाजी सौंपी तथा फिर उसका स्कोर चार विकेट पर 87 रन कर दिया। मोर और विर्क ने यहीं से पांचवें विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा अरिंदम घोष (42) ही कुछ योगदान दे पाए। उत्तर प्रदेश की तरफ से यश दयाल ने तीन तथा शिवम मावी और अंकित राजपूत ने दो-दो विकेट लिए हैं।**

# भारत सैग में 300 पदकों के करीब पहुंचा

काठमांडो, 9 दिसंबर (भाषा)।

**आठवें दिन 27 स्वर्ण, 12 रजत और तीन कांस्य सहित 42 पदक जीते**

भारत ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों के समापन के एक दिन पहले मुक्केबाजी में छह स्वर्ण के बूते सोमवार को यहां अपने पदकों की संख्या 300 के करीब पहुंचा दी।

प्रतिस्पर्धा के आठवें दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 27 स्वर्ण, 12 रजत और तीन कांस्य सहित 42 पदक जीते। भारत के कुल पदकों की संख्या 294 (159 स्वर्ण, 91 रजत और 44 कांस्य) हो गई जिससे वह तालिका मे शीर्ष पर काबिज है। नेपाल 195 पदक (49 स्वर्ण, 54 रजत और 92 कांस्य) दूसरे और श्रीलंका 236 पदक (39 स्वर्ण, 79 रजत और 118 कांस्य) तीसरे स्थान पर है।

भारत को प्रतियोगिता के आखिरी दिन मुक्केबाजी के सात स्पर्धाओं में भाग लेना है ऐसे में गुवाहाटी में 309 पदकों का रेकार्ड टूटना मुश्किल है। भारत हालांकि एक बार फिर 300 पदकों की संख्या को पार करेगा।

सोमवार को भारत को सबसे ज्यादा पदक मुक्केबाजी में मिले। पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियन अंकित खटाना (75 किग्रा) और उदीयमान कलाइवानी श्रीनिवासन (48 किग्रा) के अलावा विनोद तंवर (49 किग्रा), सचिन (56 किग्रा) और गौरव चौहान (91 किग्रा) ने भी सोने के तमगे जीते जबकि महिला वर्ग में परवीन (60 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीता।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक को हालांकि रजत पदक से संतोष करना पड़ा। गौरव बालियान (पुरुष, 74 किग्रा वर्ग) और अनिता शेरोन (महिला, 68 किग्रा वर्ग) कुश्ती स्पर्धा भारत को दो और स्वर्ण दिलाए। भारत ने कुश्ती स्पर्धा में 14 स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया।

सैग खेलों में कुश्ती की 20 स्पर्धाएं थी लेकिन नियमों के मुताबिक कोई भी देश 14 से अधिक स्पर्धा में भाग नहीं ले सकता है ऐसे में भारत ने पुरूष और महिला वर्ग के सात-सात भार वर्ग में हिस्सा लिया और सभी में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा।

NxtGen
Infinite Datacenter
presents
The Indian EXPRESS EXCELLENCE IN GOVERNANCE AWARDS
INDIAN EXPRESS GROUP
HONOURING THE FINEST DISTRICT MAGISTRATES IN INDIA
CALL FOR ENTRIES
The Indian Express announces the second edition of The Indian Express Excellence in Governance Awards. The award celebrates District Magistrates across the nation who have been the agents of progress and change.
AWARD CATEGORIES
• Agriculture
• Border Districts
• Child Development
• Community Involvement
• Education
• Energy
• Entrepreneurship
• Health
• Implementation of Central Schemes
• Inclusive Innovation
• Jammu & Kashmir District
• Left Wing Extremism Districts
• North East Districts
• Skill Development
• Social Welfare
• Technology Implementation
• Water Management
• Women Development
To apply visit eigawards.indianexpress.com
LAST DATE FOR ENTRIES | DECEMBER 31, 2019
The Indian EXPRESS
JOURNALISM OF COURAGE
IndianExpress.com/apps twitter.com/IndianExpress facebook.com/IndianExpress

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 23, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।



www.readwhere.com